RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 308
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 19 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भारत दुनिया में सबसे अलग, आगे भी तेजी से बढ़ता रहेगा

राष्ट्रीय-10

# 'एक देश, एक चुनाव' को केंद्र की मंजूरी

पानियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एक राष्ट्र,** एक चुनाव योजना पर आगे बढ़ते हुए केंद्र सरकार ने बुधवार को देशव्यापी आम सहमति बनाने की कवायद के बाद चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी दे दी है। ये सिफारिशें संसद के शीतकालीन सत्र में पेश की जा सकती हैं और सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में इसे लागू करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक देश, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार किए जाने को लोकतंत्र को और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनाने की दिशा में एक हत्वपूर्ण कदम करार दिया। वहीं विपक्षी दलों ने इस पर मिली-जुली प्रतिक्रिया दी। इस प्रस्ताव को मंजूरी देने से पहले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने 62 राजनीतिक दलों से संपर्क किया, जिनमें से 47 ने जवाब दिया, 32 ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया और 15 ने इसका विरोध किया। पंद्रह राजनीतिक दलों ने कोई जवाब नहीं दिया। एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश के लिए कैबिनेट की मंजूरी के बाद मोदी ने सोशल मीडिया के जरिए कहा, वह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इस प्रयास की अगुआई करने के लिए बधाई देते हैं। राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने इस प्रस्ताव का विरोध किया, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने इसका समर्थन किया।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जो 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) के अध्यक्ष हैं और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा देश में एक साथ चुनाव कराने पर रिपोर्ट सौंपते हुए।

देश में 1951 से 1967 के बीच एक साथ चुनाव हुए थे, लेकिन उसके बाद मध्यावधि चुनाव सहित विभिन्न कारणों से चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। सभी चुनाव एक साथ कराने के लिए काफी प्रयास करने होंगे, जिसमें कुछ चुनावों को पहले कराना तथा कुछ को विलंबित करना शामिल है। इस साल मई-जून में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव जबकि ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी संसदीय चुनाव के साथ ही चुनाव हुए। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के लिए विधानसभा चुनाव प्रक्रिया अभी चल रही है, जबकि महाराष्ट्र और झारखंड में भी इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और बिहार उन राज्यों में शामिल हैं, जहां वर्ष 2025 में चुनाव होने हैं। असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी की मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा, जबकि गोवा, गुजरात, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की विधानसभाओं का कार्यकाल वर्ष 2027 में समाप्त होगा। हिमाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और तेलंगाना की राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल साल 2028 में समाप्त होगा।

मौजूदा लोकसभा और इस साल एक साथ चुनाव लड़ने वाली राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 में समाप्त होगा। केंद्र सरकार ने कहा कि कई राजनीतिक दल पहले से ही इस मुद्दे पर सहमत हैं। उन्होंने कहा कि देश के लोगों से इस मुद्दे पर मिल रहे व्यापक समर्थन के कारण अब इसका विरोध करने वाली पार्टियों पर भी अपना रुख बदलने का दबाव महसूस हो सकता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने की घोषणा करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को आगे बढ़ाने के लिए एक कार्यान्वयन समूह का गठन किया जाएगा और अगले कुछ महीनों में देश भर के विभिन्न मंचों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। वैष्णव ने कहा कि चर्चा पूरी होने के बाद, कार्यान्वयन चरणों में होगा और सरकार का प्रयास अगले कुछ महीनों में आम सहमति बनाने का होगा। उन्होंने कहा कि परामर्श प्रक्रिया पूरी होने के बाद, सरकार एक विधेयक का मसौदा तैयार करेगी, इसे कैबिनेट के समक्ष रखेगी और बाद में इसे एक साथ चुनाव कराने के लिए संसद में ले जाएगी। आम चुनाव की घोषणा से ठीक पहले मार्च में सरकार को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में, समिति ने दो चरणों में एक राष्ट्र, एक चुनाव को लागू करने की सिफारिश की थी। पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव और दूसरे चरण में आम चुनाव के 100 दिनों के भीतर पंचायतों और नगर निकायों जैसे स्थानीय निकायों के चुनाव। समिति ने एक आम मतदाता सूची की भी सिफारिश की, जिसके लिए भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) और राज्य चुनाव आयोगों के बीच समन्वय की आवश्यकता होगी। (शेष पृष्ठ 9)

# जम्मू-कश्मीर में 60% मतदान

## ● अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहला विधानसभा चुनाव

मोहित कंधारी। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बुधवार को विभिन्न आयु वर्ग और राजनीतिक मान्यताओं से जुड़े करीब 14 लाख मतदाताओं (लगभग 60 प्रतिशत) ने मतदान केंद्रों के बाहर पारंपरिक परिधानों में वोट देने के लिए कतार में खड़े होकर 'गोली पर मतपत्र' की श्रेष्ठता को साबित कर रहे थे। अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच अगस्त 2019 में धारा 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के सात जिला मुख्यालयों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में 10 साल के अंतराल के बाद अपने जनप्रतिनिधियों का चुनाव करने के लिए लोगों ने मतदान किया। कुछ घटनाओं को छोड़कर, जम्मू-कश्मीर में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोल ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए कहा कि शाम छह बजे तक लगभग 60 प्रतिशत मतदान हुआ।

2014 के विधानसभा चुनावों के दौरान, जम्मू-कश्मीर में 65.91 प्रतिशत मतदान हुआ था। पीके पोल ने कहा कि कुल मतदान प्रतिशत में मामूली सुधार हो सकता है, क्योंकि



कश्मीर के शोपियां जिले में एक मतदान केंद्र पर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते मतदाता।



| क्र. सं | जिले | सीटों की संख्या | अनुमानित मतदान % |
|---|---|---|---|
| 1 | अनंतनाग | 7 | 54.17 |
| 2 | डोडा | 3 | 69.33 |
| 3 | किश्तवार | 3 | 77.23 |
| 4 | कुलगाम | 3 | 61.57 |
| 5 | पुलवामा | 4 | 46.03 |
| 6 | रामबन | 2 | 67.71 |
| 7 | सोपीयां | 2 | 53.64 |
| | 7 जिले | 24 सीटें | 58.85 |

दूरदराज के इलाकों से कई मतदान दल अभी तक अपने मुख्यालय नहीं पहुंचे हैं। मई 2024 में जम्मू-कश्मीर के पांच संसदीय क्षेत्रों में कुल 58.46 प्रतिशत मतदान हुआ।

सीईओ पीके पोल ने कहा कि 2008 के विधानसभा/लोकसभा चुनावों के बाद 24 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान अब तक का सबसे अधिक रहा। नई दिल्ली और जम्मू के विभिन्न मतदान केंद्रों पर कश्मीरी प्रवासियों ने भी मतदान में हिस्सा लिया। पीडीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती, किश्तवाड़ में आतंकवादियों द्वारा मारे गए भाजपा नेता अजीत परिहार की बेटी शगुन परिहार, डूरू से पूर्व जेकेपीसीसी प्रमुख और मंत्री जीए मीर, पद्दर नागसेनी से चुनाव लड़ रहे भाजपा महासचिव सुनील शर्मा की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है। (शेष पृष्ठ 9)



नई दिल्ली के बापा नगर (करोल बाग) में बुधवार को एक मकान ढहने पर एनडीआरएफ और अग्निशमन कर्मी बचाव अभियान चलाते हुए। *फोटोः रंजन डिमरी*

# मध्य दिल्ली में छह मंजिला इमारत ढही, चार मरे, 14 घायल

सौम्या शुक्ला। नई दिल्ली

**मध्य दिल्ली के** बापा नगर में बुधवार सुबह छह मंजिला मकान ढहने से दो किशोरों समेत चार लोगों की मौत हो गई, दो की हालत गंभीर है और 12 अन्य लोग घायल हो गए है। मकान के मलबे से लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान आठ घंटे से अधिक समय तक चला। वहीं इस हादसे पर दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री आतिशी ने घायलों को देखने के लिए आरएमएल अस्पताल का दौरा किया और मरने वाले चार लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। इस दौरान आतिशी ने कहा, मृतकों के परिवारों को दिल्ली सरकार की ओर से 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घायलों को भी उनकी चोटों की गंभीरता के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, नई दिल्ली की भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने भी पीड़ितों से मुलाकात की।

स्थानीय पुलिस और दिल्ली अग्निशमन सेवा जैसी अन्य एजेंसियों द्वारा बचाव अभियान शुरू किया गया। हालांकि, बाद में एनडीआरएफ को भी बचाव अभियान में शामिल होने के लिए बुलाया गया, जो सुबह करीब 5:30 बजे समाप्त हुआ। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि इमारत पुरानी थी और प्रसाद नगर के बापा नगर में एक रिहायशी इलाके की संकरी गलियों में था। उन्होंने कहा, हम ऑपरेशन के लिए भारी मशीनें या क्रेन अंदर नहीं ले जा सकते, लेकिन अग्निशमन विभाग, स्थानीय पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें बचाव कार्य कर रही हैं। अधिकारियों के अनुसार कुल 18 लोगों को निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया चार को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है और 11 का इलाज चल रहा है। जबकि 1 व्यक्ति को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि इमारत गिरने से बगल की इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। (शेष पृष्ठ 9)

# चंद्रयान-4 और वीनस आर्बिटर मिशन को हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत फिर बढ़ा** चांद की ओर। पूर्व अंतरिक्ष मिशनों की सफलता और चंद्रयान-1, 2 और 3 की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए चंद्रयान-4 मिशन के लिए मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दे दी है, जिसका मकसद चांद पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद, पृथ्वी पर वापस आने में प्रयोग होने वाली प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करना है, साथ ही चंद्रमा से नमूने लाकर, पृथ्वी पर उनका विश्लेषण करना है। केंद्र सरकार ने ग्रह की खोज और अध्ययन के लिए वीनस ऑर्बिटर मिशन के विकास को भी मंजूरी दी है।

भारत सरकार ने अमृत काल के दौरान भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक विस्तारित दृष्टिकोण का खाका तैयार किया है, जिसके तहत वर्ष 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन) और वर्ष 2040 तक चंद्रमा पर भारत की लैंडिंग की परिकल्पना की गई है। डॉकिंग/अनडॉकिंग, लैंडिंग, पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी और चंद्रमा के नमूना संग्रह और उनके विश्लेषण को पूरा करने के लिए जरुरी प्रमुख प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।





प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन चंद्रयान-4 के लिए कुल निधि की आवश्यकता 2,104.06 करोड़ रुपये है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मिशन के लिए 1,236 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिसमें से 824 करोड़ रुपये भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा अंतरिक्ष यान के विकास पर खर्च किए जाएंगे।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष यान के विकास और प्रक्षेपण के लिए जिम्मेदार होगा। उद्योग और शिक्षा जगत की भागीदारी से इस अभियान को मंजूरी मिलने के 36 महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। सभी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को स्वदेशी रूप से विकसित करने की परिकल्पना की गई है। मिशन को विभिन्न उद्योगों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है और उम्मीद की जा रही है कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में भी इससे रोजगार की उच्च संभावना पैदा होगी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) के विकास को मंजूरी प्रदान की है, जो चंद्रमा और मंगल से परे शुर्क्र ग्रह के शोध और अध्ययन के सरकार के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। शुक्र, पृथ्वी का सबसे निकटतम ग्रह है और माना जाता है कि इसका निर्माण पृथ्वी जैसी ही परिस्थितियों में हुआ है, यह इस बात को समझने का अनूठा अवसर प्रदान करता है कि ग्रहों का वातावरण किस प्रकार बहुत अलग तरीके से विकसित हो सकता है।

अंतरिक्ष विभाग द्वारा पूरा किया जाने वाला 'वीनस ऑर्बिटर मिशन' शुक्र ग्रह की कक्षा में एक वैज्ञानिक अंतरिक्ष यान की परिक्रमा करने के लिए परिकल्पित है, ताकि शुक्र की सतह और उपसतह, वायुमंडलीय प्रक्रियाओं और शुक्र के वायुमंडल पर सूर्य के प्रभाव को बेहतर ढंग से समझा जा सके। शुक्र, जिसके बारे में माना जाता है कि यह कभी रहने योग्य हुआ करता था और काफी हद तक पृथ्वी के समान था, ऐसे में शुक्र के परिवर्तन के अंतर्निहित कारणों का अध्ययन शुक्र और पृथ्वी दोनों बहन ग्रहों के विकास को समझने में महत्वपूर्ण रूप से सहायक होगा। इसरो इस अंतरिक्ष यान के विकास और प्रक्षेपण के लिए उत्तरदायी होगा। इस परियोजना का प्रबंधन और निगरानी इसरो में स्थापित प्रचलित प्रथाओं के माध्यम से प्रभावी ढंग से की जाएगी। इस मिशन से उत्पन्न डेटा को मौजूदा तंत्रों के माध्यम से वैज्ञानिक समुदाय तक पहुंचाया जाएगा। इस मिशन के मार्च 2028 के दौरान उपलब्ध अवसर पर पूरा होने की संभावना है।

# डॉक्टरों का काम पर लौटने से इनकार, दो मांगें लंबित

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

**बंगाल के** जूनियर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बातचीत के दो दिन बाद भी काम लौटने से इनकार कर दिया। बातचीत में दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों समेत चार अफसरों को हटाया जाना शामिल है। इनमें निदेशक भी शामिल हैं। जिन पर कथित तौर पर आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार और हत्या मामले में जांच को गुमराह करने का आरोप है। राज्य सरकार के साथ बुधवार सुबह एक और दौर की बातचीत की मांग करने वाले डॉक्टरों ने कहा कि प्रशासन ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम को हटाने और सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के अंदर भयमुक्त माहौल सुनिश्चित करने सहित उनकी सभी मांगों को पूरा नहीं किया है।

मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र में कहा गया है, हमें (सोमवार को आयोजित) बैठक में आश्वासन दिया गया था कि इन मुद्दों को हल करने के लिए आपकी अध्यक्षता में एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा और इसके निर्माण और कार्य के बारे में हमारे साथ आगे की चर्चा होगी। हम आज इस बारे में आपके और टास्क फोर्स के अन्य सदस्यों के साथ बैठक करना चाहेंगे। जब अंतिम रिपोर्ट आई थी, तब डॉक्टर बैठक के लिए राज्य सचिवालय नबन्ना के लिए रवाना हो चुके थे। जूनियर डॉक्टर्स



कोलकाता में बुधवार को स्वास्थ्य भवन के बाहर अपने 'धरना' स्थल से जूनियर डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल अस्पतालों में सुरक्षा जैसे कुछ 'महत्वपूर्ण अनसुलझे मुद्दों' पर चर्चा के लिए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से मिलने के लिए बस से नबन्ना (राज्य सचिवालय) के लिए रवाना हुआ।

फोरम के नेताओं में से एक डॉ देबाशीष हलधर ने कहा, उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के साथ कालीघाट में उनके आवास पर बैठक की, जहां हमने कुछ विशिष्ट मांगें रखीं। इनमें से कुछ पूरी हो गई हैं, जबकि कुछ अन्य को अभी पूरा किया जाना है। बुधवार को डॉक्टरों का काम बंद 40 दिनों में प्रवेश कर गया। वे आरजीकेएमसीएच के चेस्ट मेडिसिन विभाग के सेमिनार हॉल के अंदर एक स्नातकोत्तर महिला डॉक्टर से रेप-हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 9)

# भारत ने सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को भेजा नोटिस



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत ने** 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को एक औपचारिक नोटिस भेजा है, जिसमें तर्क दिया गया है कि परिस्थितियों में मौलिक और अप्रत्याशित परिवर्तनों के कारण संधि का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के अनुच्छेद 12(3) के तहत 30 अगस्त को पाकिस्तान को नोटिस जारी किया गया। भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की बातचीत के बाद 19 सितम्बर, 1960 में पंडित नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच कराची में हस्ताक्षरित हुआ था। जिसमें विश्व बैंक भी एक हस्ताक्षरकर्ता था, जो कई सीमा पार नदियों के जल के उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र स्थापित करता है। सूत्रों ने बताया कि भारत की अधिसूचना में परिस्थितियों में आए मौलिक और अप्रत्याशित बदलावों पर प्रकाश डाला गया है, जिसके लिए संधि के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न चिंताओं में से महत्वपूर्ण हैं जनसंख्या में परिवर्तन, पर्यावरणीय मुद्दे तथा भारत के उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता। (शेष पृष्ठ 9)

# देश के तटीय राज्यों ने किया बेहतर आर्थिक प्रदर्शन

राजेश कुमार। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री की** आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) द्वारा 'भारतीय राज्यों का सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शन 1960-61 से 2023-24' शीर्षक वाली रिपोर्ट में देश के वास्तु की झलक मिलती है, जो पश्चिमी और दक्षिणी भारतीय राज्यों को समृद्ध दिखाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक ने छह दशकों में देश के बाकी हिस्सों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है। ईएसी-पीएम के सदस्य संजीव सान्याल द्वारा लिखित 'भारतीय राज्यों का सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शन : 1960-61 से 2023-24' रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के पूर्वी हिस्से का विकास चिंता का विषय बना हुआ है।

प्राचीन भारत की परंपरा में उल्लेख है कि शहरों के दक्षिणी कोने भी अन्य भागों की तुलना में अधिक समृद्ध हैं। महाराष्ट्र और गुजरात ने पिछले कुछ वर्षों में लगातार मजबूत आर्थिक प्रदर्शन किया है। अध्ययन की अवधि में गोवा की सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है।



इसके अतिरिक्त, आर्थिक उदारीकरण के बाद दक्षिणी राज्यों ने दूसरों को काफी पीछे छोड़ दिया है, इन पांच राज्यों ने सामूहिक रूप से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी की है। उत्तर में, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्य भी अलग-अलग हैं। अध्ययन अवधि के दौरान दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक रही है। हरियाणा और पंजाब के अलग-अलग प्रदर्शन के कारण अंतर्निहित नीतिगत निहितार्थों को समझने के लिए आगे की जांच की आवश्यकता है। 2000 के दशक के बाद पंजाब की सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय में गिरावट आई है, जबकि कभी पीछे रहने वाला हरियाणा दोनों आर्थिक संकेतकों में पंजाब से आगे निकल गया है।

अध्ययन में कहा गया है कि देश का पूर्वी भाग चिंता का विषय बना हुआ है। निराशा की बात यह है कि पश्चिम बंगाल ने कई दशकों में अपने सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शन में निरंतर गिरावट का अनुभव किया है। यद्यपि पिछले दो दशकों में बिहार की सापेक्ष स्थिति स्थिर हो गई है, लेकिन यह अन्य राज्यों से काफी पीछे है और इसे साथ चलने के लिए बहुत तेज़ विकास की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2000 के दशक से, बिहार की प्रति व्यक्ति आय वृद्धि राष्ट्रीय औसत से थोड़ी अधिक या बराबर हो गई है। जिसके सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय अपेक्षाकृत स्थिर रही है। इस अंतर को कम करने की दिशा में प्रगति करने के लिए बिहार को अपने आर्थिक विकास में काफी तेजी लाने की आवश्यकता होगी। इसके विपरीत, पारंपरिक रूप से पिछड़े ओडिशा ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। कुल मिलाकर, पश्चिम बंगाल को छोड़कर समुद्री राज्यों ने अन्य राज्यों की तुलना में स्पष्ट रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है। 1990 के दशक से प्रति व्यक्ति आय के मामले में दक्षिणी राज्य शीर्ष प्रदर्शन करने वाले के रूप में उभरे हैं। (शेष पृष्ठ 9)

# अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे ट्रंप

एजेंसी। वाशिंगटन, न्यूयॉर्क

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनसे अगले हफ्ते अपने अमेरिका प्रवास के दौरान मिलेंगे। राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने पीएम मोदी को विलक्षण व्यक्ति बताते हुए भारत को आयात शुल्कों का दुरुपयोग करने वाला बताया है। ऐसे में भारत को लेकर ट्रंप के दोहरे रवैये के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। ट्रंप ने आयात शुल्क का दुरुपयोग करने के लिए भारत की आलोचना की लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को एक शानदार व्यक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा करेंगे। हाल में हत्या के प्रयास के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि मोदी अगले सप्ताह अमेरिका में उनसे मुलाकात करेंगे।

(विस्तृत पृष्ठ 11)

# गाजियाबाद को 757 करोड़ की योजनाओं की सौगात

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने वृहद रोजगार मेले के दौरान 10 हजार से ज्यादा युवकों को नियुक्ति पत्र बांटे

● मुख्यमंत्री ने जिले में 111 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद जिले को 757 करोड़ रूपये की योजनाओं की सौगात दी। गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में वृहद रोजगार मेले के दौरान उन्होंने 10 हजार से ज्यादा युवकों को नियुक्ति पत्र बांटे। मुख्यमंत्री ने 757 करोड़ रुपये की कुल 111 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शहर में जाम की समस्या न हो, इसके लिए बुधवार सुबह सात बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक शहर में डायवर्जन प्लान लागू किया गया था। गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में कार्यक्रम सुबह नौ बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा। इस दौरान रोजगार मेले में 110 से अधिक निजी कंपनियों में 15 हजार से अधिक लोगों को रोजगार दिलाने की तैयारी की गई है। छह हजार से अधिक पात्र विद्यार्थियों को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किए गए।

लोन मेला में सरकारी योजना के तहत चयनित लोगों को ऋण वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। वह यहां पर लगभग डेढ़ घंटे तक मौजूद रहे और लाभार्थियों से मुलाकात कर उनको संबोधित किया। गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इस कार्यक्रम के जरिए उन्होंने मतदाताओं को साधने के साथ विपक्ष पर निशाना भी साधा।

मुख्यमंत्री ने 632 लाभार्थियों को 327 करोड़ से अधिक का ऋण तथा 6 हजार से अधिक युवाओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस दौरान गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद वी.के. सिंह सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने नगर कोतवाली, विजयनगर, नंदग्राम, सिहानी गेट, कविनगर, इंदिरापुरम, कौशांबी, साहिबाबाद थानाक्षेत्र को नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है। सीएम योगी ने गाजियाबाद में अखिलेश और राहुल पर निशाना साधा। कहा- यूपी में दो लड़कों की जोड़ी गुमराह करने के लिए आई है। इन्होंने किसी का हित नहीं किया, सिर्फ लूटा है। इन लोगों को जब भी जनता ने शक्ति दी, तब इन्होंने शक्ति का दुरुपयोग किया है, जैसे भस्मासुर ने किया था। सीएम ने कहा- कांग्रेस सरकार रामसेतु तोड़ने का काम कर रही थी। अयोध्या राम मंदिर में बाधक बन रही थी। कश्मीर में आतंकी पनपा रही थी। वही सपा भी उसी के नक्शे कदम पर चल रही थी। गुंडागर्दी, दंगा, अराजकता चरम पर था। सपा तो माफिया के सामने नाक रगड़ती थी। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। ये धर्माचार्यों को माफिया कहते हैं।

योगी ने कहा- हम 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन टैबलेट देने जा रहे हैं। ये तकनीकी रूप से सक्षम होंगे तो रोजगार के अवसर पैदा होंगे। जो यूपी देश के विकास में बैरियर माना जाता था, आज वो देश की अर्थव्यवस्था में अग्रणी है। योगी ने कहा- अयोध्या में सपा नेता द्वारा एक गरीब बेटी के दुर्व्यवहार, या कन्नौज का नवाब ब्रांड। ये सभी आज सपा की पहचान बन चुकी है। लेकिन डबल इंजन की सरकार सपा के इस मॉडल को ध्वस्त करने का काम करेगी। सीएम योगी ने कहा- पहले की सरकार में कांवड़ यात्रा के मार्ग में बैरियर लगाते थे। हमने ये बैरियर हटाए। किसी गैंग लीडर की कमाई पर जब आप हमला करेंगे तो वो उग्र हो जाएगा। आज कांग्रेस और सपा को देश, समाज, युवा, आस्था की चिंता नहीं है। इन्हें सिर्फ परिवार की चिंता है। ये सिर्फ जाति में बांटने का काम करेंगे। फिर दंगाइयों को लूटपाट करने की छूट देंगे। जितने भी दरिंदे पकड़े जा रहे हैं, इनके संबंध सपा से ही हैं। यानी सपा इन दरिंदों का एक गैंग बन चुका है।

योगी ने कहा- अब हमारी सरकार नई स्कीम ला रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी। 10 लाख युवाओं को अगले कुछ वर्षों में पहले चरण में 5 लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण देगी। इस योजना को पाने के लिए सारी औपचारिकताएं खत्म की गई हैं। सीएम ने कहा- अगर किसी ने युवा के रास्ते में रोड़ा बनने का प्रयास किया तो सरकार इस बैरियर को हटा देगी।


गाजियाबाद में बुधवार को छात्रा को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### अब अपराधी मिल गया तो उसकी खैर नहीं- सुनील शर्मा

*यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि आज यूपी में एक वातावरण बना है। आज अपराधी ढूंढते रह जाओगे। अगर अपराधी मिल गया तो उसकी खैर नहीं। अपराध का सफाया हुआ, रोजगार का सृजन हुआ। ये पहले सीएम हैं, जिन्होंने जिलों में जा जाकर नौकरियां दी हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस ने कुछ लोगों को मंगलवार देर रात से ही हाउस अरेस्ट कर दिया। समाजवादी युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर विक्की सिंह के घर पर पुलिस पहुंच गई और उनके बाहर जाने पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह पेरेंट्स एसोसिएशन और कुछ किसान संगठन पदाधिकारियों के घर भी पुलिस पहुंचने की सूचनाएं हैं।*

## संक्षिप्त समाचार


जेपी अस्पताल में मारपीट करने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### निजी अस्पताल में मारपीट, तीन गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-126 थाना क्षेत्र में स्थित जेपी हॉस्पिटल में सुरक्षा गार्ड और महिला कर्मी को पीटने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो वायरल हुआ। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। वीडियो में दिख रहे दो से तीन लोगों की तलाश की जा रही है। एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि सेक्टर-126 थाना क्षेत्र में स्थित के अस्पताल से एक वीडियो सामने आया है। जिसमें एक गार्ड को कुछ लोग मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे है। अस्पताल की लिफ्ट में चढ़ने को लेकर विवाद हुआ था। गार्ड ने लोगों को लिफ्ट में चढ़ने से रोका था। जिसको लेकर विवाद हुआ। संज्ञान में लेते हुए थाना 126 में मुकदमा दर्ज किया गया है। मारपीट करने वाले एक दो को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

### नेता का भाई निकला भू-माफिया गैंग का सरगना

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस ने तीन भूमाफियाओं को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। इस गैंग का सरगना एक राजनैतिक दल से जुड़े नेता का भाई बताया जाता है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात को एक सूचना के आधार पर थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने पप्पू यादव (गैंग लीडर) पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम सर्फाबाद,अशोक भाटिया पुत्र विनोद कुमार तथा विजय शर्मा पुत्र उधम शर्मा को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। ये लोग गैंग बनाकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लोगों से फर्जी दस्तावेज आदि के आधार पर जमीन बेचने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी कर चुके हैं। इनके खिलाफ पूर्व में कई मुकदमें दर्ज है। बताया जाता है की गैंग लीडर पप्पू यादव एक राजनैतिक दल से जुड़े नेता का भाई है।

### मांगों को लेकर किसानों ने निकाली ट्रैक्टर यात्रा

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार में गाजियाबाद में हैं। वहीं भारी संख्या में किसान वेव सिटी में ट्रैक्टर यात्रा निकाल रहे हैं। उनका आरोप है कि 2014 में जो बिल्डर से समझौता हुआ था। वह उसको नहीं मान रहा है। प्रशासन भी उनका साथ नहीं दे रहा है। विरोध में उन्होंने वेव सिटी के गेट पर धरना शुरू कर दिया है। किसान नेता आनंद नागर ने बताया कि वेव सिटी ने 10 गांव की 4300 एकड़ जमीन अधिकृत की थी। जिससे हजारों किसान प्रभावित हुए थे। वेव सिटी बिल्डर और किसानों के बीच 2014 में समझौता हुआ था कि जिन किसानों की जमीन ली गई है। उनको 8 फीसदी जमीन का प्लाट दिया जाएगा। साथ ही ऐसे किसान जो भूमिहीन है। उनको 120 गज का प्लाट दिया जाएगा। जो जमीन बच गई है, उस का बाजार दर पर मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही साथ क्षेत्र का विकास भी बिल्डर करेगा।

### धोखाधड़ी करने वाला पूर्व कर्मी गिरफ्तार

**नोएडा।** कंपनी के आर्डर किए गए मॉल की धोखाध ?ी कर दुकानदार से पेमेंट लेने वाले एक आरोपी को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से 30 हजार रुपए कैश बरामद किया गया है। ये पैसा आर्डर के बदले दुकानदार से ट्रांसफर कराए गए 1 लाख 70 रुपए में बचे थ। पुलिस इसके साथी की तलाश कर रही है। 8 सितंबर को पी ?ित ने थाना सेक्टर-63 पुलिस को शिकायत दी कि वे भारत ई मार्ट कंपनी के प्रबंधन में है। उनकी कंपनी के पूर्व कर्मचारी शरद शर्मा ने वर्तमान में काम कर रहे कर्मचारी शिवम तिवारी के साथ मिलकर आर्डर किए गए मॉल में धोखाधड़ी करके 1 लाख 70 हजार में 68 हजार बैंक में ट्रांसफर कराए बाकी कैश लिया। साथ ही कंपनी की छवि को धूमिल किया है। जिससे ग्राहकों में कंपनी के प्रति नेगेटिव मार्किंग हुई है। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए टीमों को गठित किया। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए शरद शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा को ए ब्लॉक सेक्टर 63ए से गिरफ्तार किया।

# गाजियाबाद में आंधी और बारिश से पेड़ और खंभे टूटे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में मंगलवार रात तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इससे कई जगह नुकसान हुआ। कई इलाकों में पेड़-खंभे टूट गए।

होर्डिंग उखड़कर सड़क पर आ गिरे। जलभराव हो गया। इससे आधी रात तक ट्रैफिक व्यवस्था पर असर पड़ा। पॉवर कॉर्पोरेशन और नगर निगम कर्मचारी रात में भी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटे नजर आए। इंदिरापुरम क्षेत्र के अहिंसा खंड-2 में टीएनटी सोसाइटी है। यहां टीन शेड का एक बड़ा हिस्सा उखड़कर लोगों के घरों पर आकर गिरा। ग़नीमत रही कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया। सोसाइटी के लोगों में इस घटना को लेकर गुस्सा था। उनका कहना था कि इस टीन शेड में करंट उत रहा था। इसे लेकर लोगों ने मेंटेनेंस टीम पर अपना गुस्सा भी उतारा।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारी लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। इंदिरापुरम क्षेत्र में ही पेड़ तेज आंधी में एक कैब के ऊपर जा गिरा। इस हादसे के वक्त कैब के अंदर ड्राइवर या कोई यात्री मौजूद नहीं था। नेशनल हाईवे-9 पर कई जगह बारिश का पानी भर गया। इससे खासकर दुपहिया वाहन चालकों को तमाम दिक्कतें हुईं। सिद्धार्थ विहार की प्रतीक ग्रैंड सोसाइटी के बेसमैंट में पानी भर गया। इससे लोगों को पार्किंग में अपनी गाड़ियों तक पहुंचने में दिक्कत हुई।

### निस्तौली गांव के पास हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**गाजियाबाद।** तड़के लगभग पौने पांच बजे टीला मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत निस्तौली गांव के पास हुए हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह हादसा उस समय हुआ कि जब बर्तन बनाने का काम करने वाला 42 वर्षीय दिनेश पुत्र ताराचंद अपने 18 वर्षीय पुत्र प्रियांशु के साथ घोड़ा-बुग्गी में मिट्टी भरकर ला रहा था। रास्ते में तेज गति से भाग रही नीलगाय को देखकर घोड़ा बिदक गया।

जिसके बाद बुग्गी पर बैठा प्रियांशु नीचे गिरकर पहिंये के नीचे दबकर मौत के मुंह में चला गया। उसके बाद बुग्गी के पलटने पर दिनेश भी उसके नीचे दब गया। जिसकी वजह से दिनेश की भी मौत हो गई। हादसे के मिलते ही दिनेश के परिवार में कोहराम मच गया वहीं पूरा गांव शोक में डूब गया।

# ग्रेटर नोएडा के रनहेरा में बाढ़ जैसे हालात

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के जेवर में बना रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास रनहेरा गांव के बुरे हालात हैं। गांव में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है ,गांव के 80 प्रतिशत हिस्से में पानी पहुंच चुका है और लोग यहां से पलायन करने को मजबूर हैं।

सैकड़ों घरों पर ताले लटके हुए पड़े हैं, ना तो बच्चे स्कूल जा पा रहे हैं और ना ही लोग अपने काम पर बाहर जा पा रहे हैं। गांव की स्थिति बद से बद्तर हो गई है। जेवर का रनहेरा गांव नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेस टू में आता है, जहां पर गांव का अधिग्रहण होना है लेकिन उससे पहले ही गांव के हालात बादल हो चुके हैं, बारिश और उसके बाद नालों रजवाहों का पानी गांव के अंदर को पहुँच गया है, जिसकी वजह से पूरा गांव प्रभावित है। गांव की स्थिति यह है कि लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं और काफी लोग गांव से पलायन करके अपने रिश्तेदारियों में या अन्य गांव में जा चुके हैं। नाले और बारिश का पानी घरों के अंदर तक जा चुका है, जिसकी वजह से ग्राम वासियों का अनाज व अन्य सामान भी खराब हो चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि न तो प्रशासनिक अधिकारी गांव की कोई सुध ले रहे हैं और ना ही जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान दे रहे हैं।

प्रशासनिक अधिकारी यमुना प्राधिकरण और जनप्रतिनिधि को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी गांव की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है गांव में जल भराव होने की वजह से लोग पलायन करने को मजबूर है तो वहीं पिछले 15 दिनों से पानी भरा हुआ है, जिससे बीमारियां फैल रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से यहां पर एक स्वास्थ्य कैंप लगाया गया है लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जो भी प्रशासनिक अधिकारी आते हैं, वह गांव के बाहर से ही घूम कर चले जाते हैं जल निकासी को लेकर आज तक कोई भी प्रबंध नहीं किया गया है।

# नोएडा में नेवी के रिटायर्ड कमांडर से 3.75 करोड़ रुपये की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में इन्वेस्ट करने पर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर भारतीय नेवी से रिटायर्ड कमांडर को ठगा। ठगी का शिकार हुए कमांडर से करीब पौने चार करोड़ रुपए ऐंठे गए।

पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस अब उन खातों की जांच कर रही है। सेक्टर-50 के पॉम ग्रोव अपार्टमेंट निवासी दीप माथुर ने पुलिस को बताया कि बीते महीने विक्रम नादर नाम के व्यक्ति ने उनसे मोबाइल पर संपर्क किया। उसने खुद को बोसा सिक्योरिटीज का रणनीतिकार बताया। विक्रम ने दीप माथुर को स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट कर मुनाफा कमाने के लिए उकसाया।

झांसे में लेने के बाद उनको एक ग्रुप से जोड़ा गया और ऐप भी डाउनलोड करवाया गया। दीप माथुर से निवेश स्कीम के लिए हर महीने पांच हजार रुपए बतौर सर्विस फीस की मांग की गई। इसके बाद स्टॉक मार्केट में मुनाफा कमाने के चक्कर में उन्होंने 15 बार में जालसाजों द्वारा बताए गए खाते में तीन करोड़ 73 लाख रुपए का निवेश कर दिया। ऐप पर सात करोड़ 63 लाख रुपये का मुनाफा होता शिकायतकर्ता को दिखाया गया।


पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह नवनियुक्त पुलिस उपायुक्त साद मियां खान को बधाई देतीं हुईं।

# नोएडा प्राधिकरण करेगा 215 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण

● 8 गांवों को किया गया शामिल, 19 हेक्टेयर से हटाया अतिक्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा अपने राजस्व को बढ़ाने के लिए लैंड बैंक ब ?ा रहा है। इसके लिए 8 गांव की 215.36 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत किया जा रहा है। इससे संबंधित एक प्रस्ताव तैयार करके अपर जिलाधिकारी को दिया गया है।

इसमें से दो गांव में सोशल इंपेक्ट असिस्टमेंट (एसआईए) के तहत हायर की गई एजेंसी सर्वे कर रही है। ये सर्वे सात दिनों में पूरा करके अपनी रिपोर्ट प्राधिकरण को देगी। नोएडा में जिन आठ गांवों में जमीन अधिग्रहित की जा रही है वे सभी आपसी समझौते के आधार पर की जा रही है। जिसके लिए गांव के करीब 60 प्रतिशत आबादी की हामी होनी चाहिए। इसके तहत प्राधिकरण के लैंड डिपार्टमेंट और वर्क सर्किल ने गांव में भू स्वामियों को नोएडा के पक्ष में समझौता करके 2023-24 में 8.0433 हेक्टेयर यानी 19.87 एक ? भूमि पर कब्जा प्राप्त कर लिया है। वहीं 2024-25 में करीब 10 एक ? भूमि खरीदने पर सहमति प्राप्त हो चुकी है। इसमें से भी 2 एकड़ जमीन खरीदी जा चुकी है।




प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि 1 जनवरी 2024 तक कुल 19.056 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है। जिसमें अधिसूचित रकबा 8.5927 हेक्टेयर व अर्जित और कब्जा प्राप्त रकबा 10.463 हेक्टेयर है। जिसकी बाजार की कीमत क्रमशः 429.25 करोड़ और 623.85 करोड़ रुपए है। आगामी एक साल में आवंटन कामर्शियल में करेगा। यहां होटल बनाने के लिए 42790 वर्गमीटर जमीन योजना के तहत निकाली जाएगी।

योजना के तहत छह प्लाट होंगे। ये योजना सेक्टर-93बी, 105, 135 और 142 में होगी। इससे 782 करोड़ का राजस्व मिलेगा। इसके अलावा कॉमर्शियल में ही 20 हजार से ज्यादा बड़े 8 प्लाट निकाले जाएंगे। इनका कुल दायरा 215042 वर्गमीटर होगा। ये प्लाट सेक्टर-62,96,97,98 और 105 में निकाले जाएंगे। इससे 4058 करोड़ का राजस्व मिलेगा। सेक्टर-151, 122, 43, 105, 99,44, 53, 61, 41, 48, 51, 72 में होंगे। इससे 129 करोड़ का राजस्व और इंस्टीट्यूशनल यानी डेटा सेंटर के दो प्लाट 29114 वर्गमीटर के है। ये सेक्टर-154 में है और इससे 83 करोड़ का राजस्व मिलेगा।


**PUBLIC NOTICE**

The General public is hereby informed that my clients- Shakti Chand Chandel s/o Late Shri Ami Chand Chandel and Lata Devi Chandel w/o Shakti Chand Chandel, have severed all relations with their son-Vishal Chandel aged 26 years, due to his adamant attitude & his acts and decision are beyond the control of my clients. Hence they disowned and disinherited him from all movable and immovable properties and ceased their all relations with him. Anybody dealing with him in any manner whatsoever may be, may do so at their risk. My clients are in no way responsible for his any acts and agreements or deeds.

**Sudhir Kumar Sangal, Advocate**
**151, 3rd Floor, Vinoba Puri, Lajpat Nagar-2, New Delhi 110024.**
**Enrollment: D/6653/2024**

**Karnataka Bank Ltd.**
प्लॉट न. 13, साई मंदिर के पास, मेन रोड, सविता विहार दिल्ली – 110092
CIN L85110KA1924PLC001228
वेबसाइट: https://karnatakabank.com

**शुद्धिपत्र**

दिनांक 20.06.2024 को इस समाचार पत्र पायनियर (अंग्रेजी और हिंदी) दिल्ली संस्करण में कर्नाटक बैंक लिमिटेड के "लॉकर संचालन के संबंध में सूचना" विज्ञापन के संदर्भ में प्रकाशित विज्ञापन में त्रुटिवश लॉकर सं. 283 लिखा गया था के स्थान लॉकर सं. 282 पढ़ा जाए। विज्ञापन के अन्य सभी विवरण अपरिवर्तित रहेंगे। हस्ता/-
दिनांक: 19.09.2024, कर्नाटका बैंक लि.
स्थान : दिल्ली सविता विहार शाखा

**PUBLIC NOTICE**

It is informed to the public at large that my clients AMLESH KUMAR S/O SH. BINDESHWAR MEHTO and his wife SMT. MANJU DEVI BOTH R/O H.NO.A-1669, AGAR NAGAR, PREM NAGAR-III, MUBARAKPUR DABAS, DELHI-110086, hereby declaring/debarring/disowning their sons Deepak Kumar and Dilip Kumar and their wives namely Smt. Khushbu Devi and Smt. Monika from their lives, all moveable or immoveable properties and severed all their relations with them due to their misconduct and disobey who deals with anybody shall be responsible.

**SHRAWAN MISHRA (Advocate) Ch. No. L-10, P. S. Rathi Block Tis Hazari Courts, Delhi-110054**

**PUBLIC NOTICE**

Reg:-Upper Ground Floor (without roof/terrace rights), (with one reserve Car Parking at left side stilt area) *"said floor"*, Built up Property Bearing No. 11, area measuring 55 sq.yds., out of Khasra No. 105/10, Situated in the area of Village Palam,, Delhi State Delhi, colony known as in Block-E, Vishwas Park, Uttam Nagar, New Delhi-110059. *(Hereinafter referred to as the "Said Property").*

Be it known to all that our clients, Mr Govind Singh and Mrs. Rekha Devi (hereinafter called the "Purchaser") intend to purchase the said floor from Mrs. Jyoti Sharma and Mr. Jugal Kishore Sharma (hereinafter called the "seller"). In this connection, the seller have informed the purchaser that they are the joint owners in respect of the said floor. The seller have further informed the purchaser that the said floor was owned by Mr. Jugal Kishore Sharma and Mr. Kapil Sharma vide POA docs, viz., GPA, ATS and Will dated 17.12.2001 executed by Mr. Ved Prakash. Mr. Kapil Sharma expired and his share in the said floor was inherited by his legal heirs viz., Mrs. Savitri Sharma, Mr. Udit Sharma, Ms Sanya Sharma and Mrs. Jyoti Sharma. Later on, Mrs. Savitri Sharma, Mr. Udit Sharma, Ms Sanya Sharma executed a Relinquishment Deed in favour of Mrs. Jyoti Sharma in respect of their respective share in the said floor. The said Relinquishment Deed is registered as Document No. 2024/16/1/11560 Book No. 1, Volume No. 13842, pages 155-172 on 30/08/2024 (SRO-West Kapashera). Thus, Mrs Jyoti Sharma and Mr. Jugal Kishore Sharma became the joint owners of the said floor. The seller have further informed the purchaser that the said floor is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said floor.

Any person including Bank/s, Financial Institution/s. relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the said floor is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the seller in respect of the said floor shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our clients/Purchaser, in any manner whatsoever.

**Shivkant Arora, Advocate**
**M/s Intellective Law Offices**
**A-74, LGF, Defence Colony,**
**New Delhi-110024**

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my Client **Sh. Kanik Ram,** S/o **Ram Dulare** and his Wife **Smt. Vimla Devi** both R/o F-36-4 Punjabi Basti, Baljeet Nagar, Patel Nagar Delhi-110008, have severed their all relations from their Son **Sh. Deepak Ram** and have dislodged him from their all movable and immovable properties and shall not be responsible for his good or bad acts and deeds:

**MOHIT TYAGI, (ADVOCATE)**
**Chamber No. 119, Western Wing Tis Hazari Courts, Delhi-110054.**

**PUBLIC NOTICE**

"Notice is hereby given to general public at large that we, SH. HAR GIRI GOSWAMI S/O SH. DEWAN GIRI GOSWAMI WIFE OF SH. HAR GIRI GOSWAMI, both R/O 981, SECOND FLOOR, DR. MUKHERJEE NAGAR, DELHI-110009 have severed all our relations with our son SH. PIYUSH GOSWAMI and his wife SMT. AAKANKSHA GOSWAMI due to their bad behaviour and misconduct towards us. Both of us, the undersigned, have also disowned and debarred our son SH. PIYUS GOSWAMI and his wife SMT. AAKANKSHA GOSWAMI from all our movable and immovable properties. They shall not inherit any of our properties and shall not be entitled to the grant of probate to our Will. Anybody dealing with SH. PIYUSH GOSWAMI and his wife SMT. AAKANKSHA GOSWAMI will do so at his/her/their own risk and responsibilities and we the above named will not be held accountable and/or responsible for any act, deed or dealing done by or with SH. PIYUSH GOSWAMI and his wife SMT. AAKANKSHA GOSWAMI. Issued to general Public at large. SH. HARGIRI GOSWAMI S/O SH. DEWAN GIRI GOSWAMI/SMT. PUSHPA GOSWAMI wife of SH. HAR GIRI GOSWAMI.

**SUNITA RANI (Advocate) Ch. No. 62, 1st Floor, Tehsil Building, Tis Hazari Court, Delhi-110054.**

**सूचना**

मेरे मुवक्किल समसुदीन मियां पुत्र साहेब जान, 75-ए, गोल्डन एन्क्लेव, रानाजी एन्क्लेव, नंगली सकरावती, साउथ-वेस्ट, दिल्ली-110043 ने अपने बेटे अर्थात् अलाउदीन पुत्र श्री समसुदीन को अलग कर दिया है/बेदखल कर दिया है। समसुदीन मियां, मकान नं. 75-ए, गोल्डन एन्क्लेव, रानाजी एन्क्लेव, नंगली सकरावती, साउथ- वेस्ट, दिल्ली-110043 की संपूर्ण चल-अचल संपत्तियों और अन्य परिसंपत्तियों से और उनके कदाचार, अनुचित और असम्मानजनक व्यवहार के कारण उनके साथ सभी पारिवारिक संबंधों को हर तरह से समाप्त कर दिया है। यदि कोई भी निकाय उनके साथ लेन-देन व व्यवहार करता है, तो वह अपने जोखिम, लागत और परिणामों पर ऐसा करेगा, मेरे मुवक्किल और उसके परिवार के सदस्यों को उनके किसी भी कार्य और कृत्य के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।

**ANKIT (ADVOCATE) Office Address: P-26, Post Office Line, Tis Hazari Court, Delhi-110054.**

**PUBLIC NOTICE**

I, Karun Mahesh Dhingra D/o.Late Sh.Himmat Ram & W/o. Late Shri Mahesh Kumar Dhingra R/o. H-42, GF, Kalkaji, New Delhi - 19 is the owner of DDA Janta Flats J-4/6B, Kalkaji, New Delhi -19 vide DDA File no.File no.F-31 (82)/75. The original Allotment Letter, DDA Possession Letter, NOC, Set Position of the above said property has been lost or misplaced by me and it is not traceable inspite of my best efforts. An F.I.R./N.C.R. To this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi, LR No.2106620/2024 dated 10.09.2024

Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9810066107 within 15 days from the date of publication of this notice.

**सार्वजनिक सूचना**

हम आई 7 हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड लाजपत नगर, नई दिल्ली - 110024, रोगी के सभी मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने जा रहे हैं। 01/01/2013 से 31/08/2019 तक यदि किसी को इसकी प्रतिलिपी चाहिए, तो कृपया अगले 30 दिनों के भीतर अस्पताल से प्राप्त कर लें।

एम.एस.
आई 7 हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड लाजपत नगर, नई दिल्ली-110024

# आतिशी 21 को ले सकती हैं सीएम पद की शपथ

## ● उपराज्यपाल विनय कुमार ने प्रस्तावित की तारीख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे पत्र में नामित मुख्यमंत्री आतिशी के शपथ ग्रहण के लिए 21 सितंबर की तारीख प्रस्तावित की है। साथ ही निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा भी राष्ट्रपति मुर्मू को भेज दिया गया है।

सूत्रों ने बताया कि आम आदमी पार्टी के विधायक दल ने नई मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की कोई तारीख प्रस्तावित नहीं की है। केजरीवाल ने मंगलवार को उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था और आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी में नई सरकार बनाने का दावा पेश किया था। वहीं आम आदमी पार्टी के सूत्रों के अनुसार वह रैलियों का आयोजन करेगी जिनमें अरविंद केजरीवाल लोगों से रायशुमारी करेंगे। मालूम हो कि एक दिन पहले मंगलवार को केजरीवाल ने उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

यही नहीं आतिशी ने सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया था। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि आतिशी को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जा सकती है। अगले कुछ दिनों में आतिशी के सुरक्षा घेरे पर फैसला लिया जाएगा। मौजूदा प्रोटोकॉल के तहत सीएम को जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई जाती है। दिल्ली पुलिस इस श्रेणी के तहत पालियों में लगभग 22 जवानों को तैनात करती है। दिल्ली पुलिस केजरीवाल की सुरक्षा की भी समीक्षा करेगी, क्योंकि उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। केजरीवाल को जेड प्लस सुरक्षा मिली है। इसके तहत केजरीवाल को एक पाली में करीब 40 सुरक्षाकर्मी मुहैया कराए जाते हैं।

इस बीच आम आदमी पार्टी के नेता संदीप पाठक ने कहा कि पार्टी दिल्ली में रैलियां करेगी, जिनमें अरविंद केजरीवाल लोगों से बातचीत करेंगे और अपनी ईमानदारी पर जनता का फीडबैक लेंगे। आज या कल में इन रैलियों के बारे में घोषणा कर दी जाएगी। केजरीवाल ने लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए जेल में रहते हुए इस्तीफा नहीं दिया था। उन्होंने अपने आदर्शों के कारण अब इस्तीफा दे दिया है।

# मुख्यमंत्री सभी सुविधाओं का त्याग करेंगे केजरीवाल : संजय

## ● कहा, सरकारी आवास और सुरक्षा को छोड़कर आम आदमी की तरह रहेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संजय सिंह ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल ने सभी सरकारी सुविधाओं का त्याग करने का फैसला किया है। वह मुख्यमंत्री आवास छोड़कर अब आम लोगों की तरह रहेंगे। उनकी सुरक्षा को खतरा है लेकिन इसके बावजूद भी उन्होंने सरकारी सुरक्षा छोड़ने का फैसला किया है। अब दिल्ली वालों को सोचना है कि केजरीवाल सीएम नहीं होंगे तो लोगों को मिल रही मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं की बस यात्रा, बुजुर्गों की तीर्थयात्रा योजना का क्या होगा। क्योंकि पीएम मोदी कहते हैं कि मुफ्त सुविधाएं बंद होनी चाहिए।

संजय सिंह ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। वह 15 दिन के अंदर सरकारी आवास खाली कर देंगे। उनके इस फैसले से जनता बहुत दुखी और गुस्से में हैं कि एक ईमानदार मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर भी प्रश्न खड़ हो रहा है। उनके उपर कई बार हमले हुए हैं। पार्टी के नेताओं ने केजरीवाल को समझाने की कोशिश की कि आप पर कई बार हमला हो चुका है, आपकी सुरक्षा पर खतरा है लेकिन वह नहीं माने। उन्होंने कहा, वह छह महीने जेल में रहे हैं, भगवान ने उन्हें तब भी बचाया था और भगवान उन्हें अब भी बचाएंगे। आप नेता ने कहा कि अभी यह तय नहीं हुआ है कि केजरीवाल कहां रहेंगे।

# विस सत्र में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आप सरकार को घेरेगा विपक्ष : विजेंद्र गुप्ता



नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को भाजपा विधायक दल की बैठक संपन्न हुई।

## ● विधायक दल की बैठक में प्रस्ताव पारित कर विस अध्यक्ष से मिलने का लिया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई जिसमें प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया गया कि सभी विधायक, नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष से मिलेंगे और 26-27 सितंबर को बुलाये जा रहे सत्र में प्रश्न काल रखने की मांग करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा स्थित कार्यालय में आयोजित विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी विधानसभा सत्र में विपक्ष आक्रामक रवैया अपनाते हुए आम आदमी पार्टी से कई मुद्दों पर जवाब मांगेगा। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कैग की 11 रिपोर्ट्स को सदन में प्रस्तुत करने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा और उसके अलावा छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन नहीं करने, दिल्ली जल बोर्ड का 73,000 करोड़ रुपए के कर्ज, 24 अस्पतालों के निर्माण कार्य में वित्तीय अनियमितताओं, सरकार के डीएसई जैसे शैक्षणिक संस्थानों में भारी भ्रष्टाचार और दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों को फंड न देने जैसे अनेक मुद्दों पर विपक्ष सरकार को घेरेगा।

इसके अलावा मानसून की बारिश में राजधानी में हुई 50 लोगों की मौत, टूटी सड़कों के कारण आए दिन हो रहे सड़क हादसे, लचर हो चुकी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर भी सरकार से जवाब मांगा जाएगा। साढ़े पांच महीने बाद होने जा रहे इस सत्र में प्रश्नकाल रखने की मांग के साथ हम सभी विधायक जल्द ही विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल से मिलेंगे, ताकि सरकार से जवाब मांगा जा सके।

# राजधानी के सरकारी स्कूलों में तैयार हो रहे ओलंपियन: मनीष सिसोदिया

## ● वेस्ट विनोद नगर में आयोजित जोनल एथलेटिक मीट में ओलंपियन अमन सेहरावत और रवि दहिया पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आप के वरिष्ठ नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को वेस्ट विनोद नगर स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित जोनल एथलेटिक मीट में पहुंचकर खिलाड़ियों की हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूल में भविष्य के ओलंपियन तैयार हो रहे हैं।

एथलेटिक मीट में बतौर मुख्य आतिथि मनीष सिसोदिया के एथलेटिक मीट में पहुंचने पर सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने बैंड का प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर मनीष सिसोदिया ने कहा, मैं लगभग डेढ़ साल तक शिक्षा के कामों से दूर था और मुझे डर लग रहा था कि कहीं स्कूलों में काम पीछे न छूट गया हो, लेकिन मुझे यह देखकर संतोष हुआ कि स्कूलों में काम और आगे बढ़ा है। दिल्ली के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चों के प्रदर्शन में अब कोई अंतर नहीं किया जा सकता। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में ओलंपियन अमन सेहरावत और रवि दहिया के अलावा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज पूरे जोन की सरकारी और निजी स्कूलों की स्पोर्ट्स प्रतिभाएं यहां हैं।

मैं इसे खेल प्रतिभा नहीं कहता। बल्कि हमारे बीच आने वाले ओलंपिक और कॉमनवेल्थ गेम्स के खिलाड़ी हैं। हम भविष्य में इनमें से कुछ बच्चों को टीवी पर देखेंगे और गर्व से कहेंगे कि यह बच्चा कभी हमारे साथ जोन 1 में था और आज कॉमनवेल्थ गेम्स, ओलंपिक, एशियाई गेम्स या नेशनल गेम्स में देश का झंडा फहरा रहे हैं। हमें भी गर्व होगा कि कभी ये बच्चे हमारे सामने बैठते थे और हम इनका प्रदर्शन देख रहे थे।

कई बच्चे आगे चलकर जिला, राष्ट्रीय या अंतर्राष्टीय स्तर पर खेलेंगे। सभी को भविष्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि मुझे यहां आकर बच्चों की परफॉर्मेंस देखकर बहुत अच्छा लगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि अगर हम स्पोर्ट्स के लिए काम करेंगे तो अच्छे खिलाड़ी पैदा होंगे।

# नोएडा की लेडी डॉन काजल खत्री गिरफ्तार

**नई दिल्ली/नोएडा।** जनवरी 2024 में नोएडा के सेक्टर 100 में एयरलाइन क्रू-मेंबर सूरजमान की हत्या में लेडी डॉन को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है।

नोएडा की लेडी डॉन काजल खत्री पर 25 हजार रुपये का इनाम था और उसने सूजरमान की हत्या कुख्यात गैंगस्टर कपिल मान के पिता की हत्या का बदला लेने के लिए कराई थी। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है।

# दिल्ली सरकार के वित्त पोषित 12 कॉलेजों में वेतन का संकट

## ● डीयू के वाइस चांसलर कार्यालय से दिल्ली विधानसभा तक डूटा का विरोध मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने दिल्ली सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों और पूर्ण वित पोषित 12 कॉलेजों के वित्तीय संकट और वेतन की मांग को लेकर वाइसचांसलर ऑफिस से दिल्ली विधानसभा तक विशाल प्रोटेस्ट मार्च किया।

डूटा के बैनर तले सैंकड़ों शिक्षकों ने प्रोटेस्ट मार्च में शामिल होकर दिल्ली सरकार से शिक्षकों पदों के अनुमोदन की मांग करते हुए तत्काल उनपर भर्ती प्रक्रिया आरंभ करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री के रूप में आतिशी द्वारा दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में जारी शिक्षा विरोधी पत्रों को वापस लेने की मांग की। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने डूटा और प्रिंसीपल एसोसिएशन के रिप्रेजेंटेशन पर बनी हाई पावर कमेटी की सिफारिशों को सार्वजनिक करने की मांग भी की। डूटा ने विरोध प्रदर्शन के बाद उपराज्यपाल को बारह कॉलेजों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपकर उनके हस्तक्षेप का अनुरोध करते हुए इस संकट के समाधान की अपील की।

प्रोटेस्ट मार्च में बड़ी संख्या में शामिल शिक्षकों को संबोधित करते हुए डूटा अध्यक्ष प्रो. अजय कुमार भागी ने कहा कि दिल्ली सरकार डी यू से संबद्ध बारह कॉलेजों को आतिशी के दिसंबर 2023 के पत्र के अनुसार दिल्ली सरकार संचालित स्व वित पोषित स्वायत डिग्री प्रदान करने वाले कॉलेजों में परिवर्तित करना चाहती है। डूटा सचिव अनिल कुमार ने बताया कि डूटा ने दिल्ली सरकार की गरीब और शिक्षा विरोधी नीतियों का विरोध करने का निर्णय लिया है।

# चिकित्सा सेवा में निरंतर शोध जरूरी: एलजी

## ● सिविक सेंटर में हिन्दुराव अस्पताल का तीसरा दीक्षांत समारोह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हिन्दुराव अस्पताल के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते एलजी वीके सक्सेना।

चिकित्सक मानव सेवा के सबसे अनुशासनबद्ध पेशे से जुड़ें हैं इसलिए चिकित्सा सेवा में चिकित्सकों को निरंतर उन्नतिकरण के साथ शोध और नई तकनीक के साथ नए आविष्कार से जुड़ना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोगों को जीवन को बचाया जा सके। यह बात उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उत्तरी दिल्ली नगर निगम मेडिकल कॉलेज एवं हिन्दुराव अस्पताल के तीसरे दीक्षांत समारोह के दौरान चिकित्सकों को संबोधित करते हुई कही।

दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम मेडिकल कॉलेज एवं हिन्दुराव अस्पताल के तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। यह दीक्षांत समारोह दिल्ली नगर निगम मुख्यालय केदारनाथ साहनी सभागार, सिविक सेंटर में हिन्दुराव मेडिकल कॉलेज के 2016-17 बैच के लिए आयोजित किया गया था।

# संक्षिप्त समाचार

### बस यात्रियों की सुविधा को लगा वाटर कूलर

**नई दिल्ली।** कश्मीरी गेट आईएसबीटी पर बस यात्रियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। वाटर कूलर उद्घाटन कैनफिन होम्स वित्तीय संस्थान के आंचलिक प्रबंधक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि संस्थान लोगों के आशियाने और जरूरतों के साथ साथ सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने की दिशा में यह एक प्रयास है। इस अवसर पर आईएसबीटी कश्मीरी गेट के प्रबंधन (वर्क्स) डीपी द्विवेदी और कैनफिन होम्स के आंचलिक प्रबंधक संतोष कुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक नरेंद्र कुमार, नोएडा शाखा के प्रबंधक उत्कर्ष आनंद द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और पेयजल की नागरिकों को शुद्ध जल वितरण शुरू कराया। यह सुविधा कैनफिन होम्स लिमिटेड नोएडा शाखा द्वारा सीएसआर फंड से शुरू किया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बस अड्डे के सहायक प्रबंधक रविंद्र सिंह , नोएडा शाखा से रूपेश कुमार, रविंद्र मौजूद थे।



### जैव-चिकित्सा इनोवेशन के लिए साझेदारी




**नई दिल्ली।** भारत सरकार के उद्यम जैव प्रौद्योगिकी विभाग- जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (डीबीटी-बीआईआरएसी) और ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट (बीएफआई) के साथ राजधानी में बुधवार को एक कार्यक्रम में रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी डीबीटी-बाइरैक की प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता और नेटवर्क की दोहरी ताकत से ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट को लंबे समय तक कारगर चिकित्सा तैयारी तंत्र पेश करने में सक्षम बनाएगी। यह स्वास्थ्य सेवा में खामियों को दूर करेगा, प्रयोगशाला से बाजार तक सहायता प्रदान करेगा। यह सहयोग बायोमेडिकल क्षेत्र और जीवन विज्ञान में स्टार्ट-अप का समर्थन करेगा। समझौता पत्र की घोषणा के अवसर पर डॉ. अजय सूद- प्रधानमंत्री के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, डॉ. राजेश गोखले- भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव, डॉ. जितेंद्र कुमार- बाइरैक के प्रबंध निदेशक, किरण मजूमदार शॉ- बायोकॉन की सीईओ, डॉ. एन. कलैसेलवी-सीएसआईआर के महानिदेशक और डीएसआईआर के सचिव जैसी प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

### गुरु शिष्य सम्मान महा उत्सव का आयोजन

**नई दिल्ली।** राजधानी के त्रिवेणी कला संगम में गुरु शिष्य सम्मान महोत्सव का आयोजन किया गया। देबधारा दिल्ली द्वारा आयोजित यह महोत्सव में भारतीय शास्त्रीय नृत्य और गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति आदर प्रकट करता है। इस महोत्सव में प्रसिद्ध कलाकार गुरु राकेश कुमार पाठक, डॉ. पुष्पश्री मिश्रा, बाग्मीश्री (ओडिसी), कनका सुधाकर (भरतनाट्यम), गुरु हरीश गंगानी और उनके समूह ने कथक, गुरु ज्योति राउत द्वारा ओडिसी, गुरु इंदिरा मुरुगेशन द्वारा भरतनाट्यम, गुरु रानी खानम द्वारा कथक, और गुरु सापन आचार्य द्वारा सेरैकेला छऊ की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर श्रीकांत पंडा को सम्मानित किया गया। गुरु डॉ. बिनायक पंडा ने सभी प्रायोजकों का आभार व्यक्त किया।

# एमसीडी सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत विभिन्न जोन में अपने सफाई कर्मचारियों के लिए बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया। विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों में 1000 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों की जांच की गई और इसके साथ ही सफाई अभियान और रैलियों का भी आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन एमसीडी के विभिन्न डिस्पेंसरियां में किया गया। जिसका उद्देश्य फ्रंटलाइन कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। एमसीडी द्वारा बुधवार को दक्षिणी जोन, रोहिणी जोन, शाहदरा (उत्तरी) ज़ोन और पश्चिमी जोन में स्वास्थ्य कर्मचारियों को समर्पित स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इन शिविरों में 1,000 से अधिक सफाई कर्मचारियों की जांच की गई। इस पहल का उद्देश्य शहर को स्वच्छ रखने के लिए मेहनत करने वाले इन कर्मचारियों का व्यापक स्वास्थ्य मूल्यांकन करना है। डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य शिविर में रक्तचाप, रक्त शर्करा और समग्र शारीरिक स्वास्थ्य की सम्पूर्ण जांच की गई।

# सफदरजंग में बुजुर्गों की देखभाल को विशेष वार्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बुजुर्गों की विशेष देखभाल और चिकित्सा के लिए राजधानी के सफदरजंग अस्पताल में वृद्धावास्था देखभाल (जेरिएट्रिक केयर) वार्ड की शुरूआत मंगलवार को की गई। इस वार्ड को मेडिसिन विभाग के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। बुजुर्ग रोगियों की विशेष देखभाल के लिए समर्पित वार्ड भारत में वरिष्ठ आबादी की अनूठी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करती है।

वार्ड का आधिकारिक उद्घाटन मंगलवार को सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने किया। इस नए वार्ड में 17 समर्पित बिस्तर शामिल हैं, जो बुजुर्ग रोगियों की सेवा करने की अस्पताल की क्षमता का काफी विस्तार करते हैं। इस वार्ड को अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक से सुसज्जित करने के साथ ही वृद्धावस्था के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्स और बुजुर्गों की देखभाल में प्रशिक्षित सहायक कर्मचारियों द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस वार्ड में आसानी से सुलभ आपातकालीन कॉल सिस्टम सहित बुजुर्गों के अनुकूल बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है। यह इकाई दिल्ली में बुजुर्गों के लिए दूसरी समर्पित देखभाल सुविधा है, जो इस क्षेत्र के लिए विशेष बुजुर्गों की देखभाल में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है। सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने कहा, इस जेरिएट्रिक केयर वार्ड का उद्घाटन सभी आयु समूहों के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। जेरिएट्रिक यूनिट के प्रभारी डॉ. अश्विनी ने नए वार्ड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, यह दिल्ली में केवल दूसरी समर्पित जेरिएट्रिक केयर यूनिट है।

# देहात की समस्याओं का हो पूर्ण समाधान : सोलंकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात की लंबित समस्याओं और मुद्दों के समाधान को लेकर पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने प्रेसवार्ता में कहा, दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं के भयंकर अभाव और चौतरफ़ा बदहाली से लोगों में खासी नाराजगी है। हम इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाकर ही रहेंगे।

उन्होंने कहा, ग्रामीण इलाके ही बदहाली का शिकार हैं। टूटी सड़कें, जहां तहां भरा पानी, गंदी नालियां और बजबजाते सीवर चारों तरफ फैली गंदगी यही दिल्ली के गांवों की तस्वीर है।

# फेज-4: भूमिगत मेट्रो निर्माण की पहली जुड़वा सुरंग का काम पूरा

## ● पुलबंगश मेट्रो स्टेशन पर 'भूमि' और 'सृष्टि', एक साथ बाहर निकाली गईं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



निर्माण स्थल पर मुख्य सचिव धर्मेंद्र और डीएमआरसी के एमडी डॉ. विकास कुमार आदि।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने फेज-4 के निर्माण कार्य के तहत पहली ट्विन टनल्स की खुदाई का काम सफलतापूर्वक पूरा किया।

पुलबंगश मेट्रो स्टेशन पर दो टनल बोरिंग मशीनें (टीबीएम), 'भूमि' और 'सृष्टि', एक साथ बाहर निकाली गईं, जिससे जनकपुरी पश्चिम आर. के. आश्रम कॉरिडोर (मैजेंटा लाइन एक्सटेंशन) पर डेरावल नगर को पुलबंगश से जोड़ने वाली 3 कि.मी. लंबी ट्विन टनल्स की खुदाई का काम पूरा हो गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र और डीएमआरसी के एमडी डॉ. विकास कुमार की भी उपस्थिति रही। यह पहली बार है जब समानांतर सुरंग खोदने के बाद एक साथ दो टीबीएम बाहर आई हैं।

यह एक बड़ी इंजीनियरिंग उपलब्धि है क्योंकि इंजीनियरों को दो समानांतर मशीनों के कामकाज पर बारीकी से नजर रखनी होती है। दोनों टीबीएम को पुलबंगश मेट्रो स्टेशन पर सफलतापूर्वक बाहर निकाला गया,इस कार्य में मात्र 14 महीनों में ही प्रति टनल प्रति दिन औसतन 8.2 मीटर की गति से लगभग 2997 मीटर टनल खुदाई का कार्य किया गया। डीएमआरसी के फेज-4 के निर्माण कार्य में यह सबसे लंबा सुरंग खंड (लगभग 3 कि.मी.) भी है। सुरंगें, जमीन से लगभग 14-15 मीटर की गहराई पर बनाई गई हैं, जो राणा प्रताप बाग और पंजाबी बस्ती कॉलोनी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों से होकर गुजरेंगी। वे सुरंगें नजफगढ़ नाले के नीचे से भी गुजरेंगी, जो नाले की अनिश्चित संरचनात्मक स्थिति के कारण एक संवेदनशील खंड है। जलमग्न जैसी परिस्थितियों में सुरंग खोदने के बावजूद, किसी भी मौजूदा स्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। टीबीएम के माध्यम से घंटा घरजैसे क्षेत्र में भी खुदाई करनी पड़ी, जहां उन्हें पूरा करना बेहद मुश्किल था।



टनल

सुरंगों का आंतरिक व्यास 5.8 मीटर हैऔर परिचालनिक संरक्षा की दृष्टि से दोनों सुरंगों को जोड़ने के लिए कुल छह क्रॉस-पैसेज का निर्माण किया गया है।

इस सिविल पैकेज का कान्ट्रैक्टर मेसर्स एफकॉन्स है। यह सफलता 21 अगस्त, 2024की एक और बड़ी उपलब्धि के बाद मिली हैजब डीएमआरसी ने दिल्ली एरोसिटी - तुगलकाबाद कॉरिडोर की छतरपुर मंदिर साइट पर टीबीएम का कार्यसफलतापूर्वक पूरा किया था। पुलबंगश में इनट्विन टनल्स की सफलता के साथ ही, डीएमआरसी ने सुरंग निर्माण में अपनी पिछली उपलब्धियों को और अधिक सुदृढ़ किया है। इस खंड पर 18 जून 2023 को 'भूमि'नामक टीबीएम उतारे जाने के साथ सुरंग निर्माण का कार्य शुरू हुआ था, उसके बाद 19 अगस्त 2023 को 'सृष्टि'को उतारा गया था।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र में खुला वादों का पिटारा

## तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली व महिलाओं को दो हजार मासिक भत्ता, चिरंजीव योजना में 25 लाख का इलाज मुफ्त

- जातिगत सर्वे कराएगी कांग्रेस, एमएसपी की गारंटी का कानून बनेगा
- आंदोलन में मारे गये किसानों को शहीद का दर्जा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा आदि घोषण पत्र जारी करते हुए। फोटोः रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, चंडीगढ़

हरियाणा में कांग्रेस ने सबसे पहले अपना घोषणा पत्र जारी करते हुए प्रदेश वासियों के लिए सात गारंटियां जारी कर दी हैं। विस्तृत घोषणा पत्र का दूसरा पार्ट जल्द ही जारी किया जाएगा। कांग्रेस ने 18 से 60 साल तक की उम्र की सभी महिलाओं को दो हजार रुपये मासिक देने का बड़ा वादा किया है।

हर परिवार में खुशहाली लाने का दावा करते हुए कांग्रेस ने 300 यूनिट मुफ्त बिजली तथा 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देने का वादा भी प्रदेश की जनता से किया है। राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार चिरंजीव योजना के तहत वहां के लोगों को 25 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराती थी। कांग्रेस ने राज्य में जातिगत सर्वे कराने का वादा करते हुए जातियों के हिसाब से सबको उनका हक देने की बात भी कही है।

कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, कोषाध्यक्ष अजय माकन, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा, चुनाव घोषणा पत्र कमेटी की अध्यक्ष गीता भुक्कल, प्रवक्ता पवन खेड़ा और कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने संयुक्त रूप से हरियाणा की जनता के लिए कांग्रेस का संकल्प पत्र जारी किया है।

इस संकल्प पत्र में कांग्रेस ने सात वादे करते हुए इन्हें प्रदेश की जनता के लिए अपनी गारंटी बताया है। इस गारंटी कार्ड पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के डिजिटल हस्ताक्षर भी हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सात गारंटियां लांच की हैं, जबकि 53 पेज का चुनाव घोषणा पत्र अलग से चंडीगढ़ में जारी किया जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सात गारंटियां लांच करते हुए राज्य में तीन कृषि कानूनों के विरुद्ध चले आंदोलन का जिक्र किया और कहा कि इस आंदोलन में जितने भी किसानों की मृत्यु हुई है, उन सभी को शहीद का दर्जा देते हुए हरियाणा में किसी भी स्थान पर शहीद स्मारक बनाया जाएगा। खरगे ने कांग्रेस की ओर से लोगों को भरोसा दिलाया कि शहीद घोषित होने वाले इन किसानों के परिजनों को सरकार नौकरियां भी प्रदान करेगी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सात गारंटियां लांच करते हुए नई दिल्ली में कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार हरियाणा को फिर से प्रति व्यक्ति आय, निवेश, रोजगार और खुशहाली में नंबर वन बनाने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि 1966 में स्व. इंदिरा गांधी ने जब हरियाणा का गठन किया था, तब सभी को यह आशंका थी कि राज्य आर्थिक रूप से प्रगति कर पाएगा या नहीं। साल 2014 में जब हमारी कांग्रेस की सरकार गई, तब हमने प्रदेश को विकास व प्रगति के हर मोर्चे पर नंबर वन बनाकर छोड़ा था, लेकिन भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में हरियाणा पीछे धकेल दिया है।

### महिलाओं को शक्ति

- हर माह 2000 रुपये की सहयोग राशि
- 500 रुपये में गैस सिलेंडर

### सामाजिक सुरक्षा को बल

- 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन
- 6000 रुपये दिव्यांग पेंशन
- 6000 रुपये विधवा पेंशन
- राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली

### युवाओं को सुरक्षित भविष्य

- 2 लाख खाली पड़े पदों पर सरकारी भर्तियां
- नशा मुक्त हरियाणा

### हरियाणा परिवार खुशहाली

- 300 यूनिट मुफ्त बिजली
- 25 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज

### गरीबों को छत

- पिछली कांग्रेस सरकार में सात लाख लोगों को 100-100 गज के प्लाट मिलने थे। 3.92 लाख को मिल चुके। बाकी सभी को प्लाट मिलेंगे
- जिन्हें पूर्व में प्लाट मिल चुके और जिन्हें दिए जाएंगे, उन्हें सभी दो कमरों का पक्का मकान, किचन व बाथरूम के साथ, लागत 3.5 लाख रुपये

## किसी भी नेता को चुनाव से पहले सीएम चेहरा नहीं बनाएगी कांग्रेस

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में एक तरफ मुख्यमंत्री बनने के लिए नेताओं में घमासान मचा हुआ है तो दूसरी पार्टी हाईकमान ने साफ कर दिया है कि प्रदेश में चुनाव परिणाम से पहले किसी भी नेता को मुख्यमंत्री फेस के रूप में नहीं उभारा जाएगा। चुनाव परिणाम ही सूबे का मुख्यमंत्री तय करेंगे।

बुधवार को नई दिल्ली में कांग्रेस पार्टी का पहला घोषणा पत्र जारी करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ कर दिया है कि हरियाणा में कांग्रेस किसी भी नेता को मुख्यमंत्री फेस के रूप में चुनाव परिणाम से पहले नहीं उभारेगी।

देश के अन्य राज्यों में भी इस तरह से चुनाव लड़े गए हैं। हरियाणा कांग्रेस के नेताओं में मुख्यमंत्री पद को लेकर विवाद चल रहा है। एक गुट का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कर रहे हैं। इस चुनाव के दौरान 89 में से 74 प्रत्याशी हुड्डा की पसंद के उतारे गए हैं।

कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद की दूसरी बड़ी दावेदार कुमारी सैलजा हैं। हालांकि इस चुनाव में कुमारी सैलजा की सिफारिश पर केवल दस टिकट दिए गए हैं लेकिन वह खुलेआम सीएम बनने की इच्छा जाहिर कर चुकी हैं।

कांग्रेस में तीसरे बड़े दावेदार रणदीप सुरजेवाला हैं। सुरजेवाला की सिफारिश पर दो टिकट दिए गए हैं।

## थानेसर में भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

**थानेसर।** विधानसभा क्षेत्र में चुनावी अभियान के लिए एक नये दिन पर एक नई शुरूआत की गई। थानेसर विधानसभा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने चुनावी अभियान को तेज कर दिया और वे सेक्टर 5 में जनसंवाद करने पहुंचे। जनसंवाद के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने फिर से थानेसर के विकास की बात विधानसभा क्षेत्र की जनता के बीच रखी। सुभाष सुधा ने सेक्टर 5 में मौजूद सभी लोगों से भाजपा को अधिक से अधिक वोट देकर भारी मतों से विजयी करने की अपील की। सुधा ने कहा कि जनता का समर्थन और सहयोग प्रेरणादायक है और जनता के विश्वास और आशीर्वाद से भाजपा हरियाणा में तीसरी बार जीतकर सरकार बनाने जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार



राजधानी दिल्ली में झमाझम बारिश से इंडिया गेट पर सैर करते सैलानी।

### हरियाणवी कलाकार मचाएंगे धूम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से हरियाणा के कलाकारों का महाकुंभ रत्नावली का आयोजन 25 से 28 अक्टूबरतक किया जा रहा है जिसमें 32 हरियाणवी विधाओं में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थानों के हजारों कलाकार भाग लेंगे। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला बताया कि रत्नावली समारोह हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे विश्व में अपनी पहचान रखता है। रत्नावली के माध्यम से हरियाणा की अनेक विधाओं को जन्म मिला है। रत्नावली पूरे हरियाणा के कलाकारों को मंच तो प्रदान करता ही है इसके साथ-साथ उनमें प्रतियोगिता की भावना को भी जन्म देता है। प्रो. विवेक चावला बताया कि रत्नावली समारोह इस वर्ष भी युवा कलाकारों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। रत्नावली युवा छात्रों के लिए एक ऐसी कार्यशाला है जिसके माध्यम से अब तक हजारों युवाओं को मंच प्रदान किया जा चुका है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस वर्ष भी रत्नावली समारोह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ के निर्देशानुसार अत्यंत उत्साह से मनाया जायेगा। इस रत्नावली उत्सव में जहां एक ओर हरियाणवी खान-पान का तड ?ा लगेगा वहीं पर दूसरी ओर हरियाणा की हस्तकला के अलग-अलग स्वरूप देखने को मिलेंगे।

### फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर आज बैठक

**कुरुक्षेत्र।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन खरीफ-2024 को लेकर एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक 19 सितंबर को सायं 5 बजे लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त राजेश जोगपाल करेंगे। इस बैठक में विभिन्न विभागों के सहयोग से चलाए जाने वाले आईईसी गतिविधियों पर चर्चा और अनुमोदन करना, फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए कर्तव्य सौंपना, निगरानी तंत्र स्थापित करना और प्रवर्तन कर्मचारियों की तैनाती करना, एसडीएम द्वारा कर्मचारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करना, इन-सीटू और एक्स-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपलब्ध मशीनरी की स्थिति पर चर्चा करना, प्रतिपूर्ति के लिए पुआल की गांठों का सत्यापन करना सहित अन्य एजेंडों पर चर्चा की जाएगी।

### नदी उत्सव का आयोजन आज से



**नई दिल्ली।** भारतीय समाज-जीवन में नदियों के महत्व को देखते हुए इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में पांचवा 'नदी उत्सव' का आयोजन बृहस्पतिवार से करेगा। आईजीएनसीए के प्रांगण में 19 सितंबर से 21 सितंबर तक किया जा रहा है। यह जानकारी आईजीएनसीए के जनपद सम्पदा प्रभाग के अध्यक्ष प्रो. के. अनिल कुमार, मीडिया सेंटर के नियंत्रक अनुराग पुनेठा और संयोजक अभय मिश्रा ने दी।

### श्रीराम नाम का सुमिरन करलै, बेड़ा पार हो ज्यागा...

**रोहतक।** जिले के गांव सुण्डाना में वामन द्वादशी के शुभ अवसर पर सुण्डाणा एवं जेठपुर के श्रद्धालुओं द्वारा हर वर्ष की भांति दादा समाधवाले की स्मृति में जागरण, हवन एवं भंडारे का आयोजन किया। रात्रि जागरण में कलाकारों ने दादा समाधवाले व बाबा गिरनारी की महिमा का गुणगान किया।जागरण में श्रीराम नाम का सुमिरन करलै, पार हो ज्यागा, तेरी भीड़ पड़ी म साथी पवन कुमार हो ज्यागा, जननी चीज बड़ी अनमोल, इसका नहीं हैं कोई मोल जैसे भजनों से कलाकारों ने दादा समाधवाले की महिमा का गुणगान किया।

## लाडवा विधानसभा में बदलाव का कमल खिलाने के लिए संकल्पित जनताः सीएम

- नायब सिंह सैनी की नीतियों को मिल रहा जनसमर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** लाडवा

कुरुक्षेत्र जिले की एक अहम विधानसभा सीट लाडवा विधानसभा सीट है जिस पर खुद सीएम नायब सिंह सैनी भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

लाडवा में इस बार के चुनाव में कमल खिलाने को लेकर सीएम नायब सिंह सैनी के साथ-साथ हलके की जनता भी आतुर है। इसके लिए लाडवा हलके में लगातार जनसंपर्क अभियान जारी है। बुधवार को सीएम



नायब सिंह सैनी ने लाडवा हलके के खानपुर कोलिया गांव में मां ईच्छापूर्णी श्री ऊषा माता जी महाराज को शीश नवाया और वहां पर उपस्थित जनसभा को संबोधित किया। सीएम सैनी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के मेरे परिवारजनों का यह उत्साह, प्यार और समर्थन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि लाडवा के हर एक बूथ पर कमल खिलने वाला है। इसके बाद सीएम नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के ढंगाली गांव का दौरा किया वहां की जनता को विश्वास दिलाया कि इस बार लाडवा हलके में कमल अवश्य खिलाएंगे और 5 अक्तूबर को भाजपा के कमल के निशान पर अपना ध्यान केंद्रित करना है और अधिक से अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में करना है। वहीं, लाडवा हलके के बोहली व पिपली गांव की सरदारी ने इस बार लाडवा में बदलाव का कमल खिलाने का संकल्प लिया है। जनता को संबोधित करते हुए सीएम एवं भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बार हलके की जनता ने लाडवा में बदलाव का कमल का कमल खिलाने के लिए संकल्प लिया।

## यूपी के साथ लगते जिलों के अधिकारियों के साथ की बैठक : जिला निर्वाचन अधिकारी



- शातिंपूर्वक व निष्पक्ष चुनाव करवाने की दृष्टिगत यूपी के साथ लगते जिले के नाको पर विशेष नजर रखने को लेकर हुआ मंथन

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

जिला में विधानसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्वक व निष्पक्ष करवाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिला पलवल की सीमा के साथ लगते उत्तर प्रदेश के जिलों नामतः अलीगढ, मथुरा और गौतमबुद्ध नगर के डीएम और पुलिस अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से वर्चुअल बैठक की।

इस दौरान डीएम अलीगढ विशाक जी., डीएम गौतमबुद्ध नगर मनीश कुमार वर्मा, डीएम मथुरा शौलेंद्र कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक पलवल चंद्रमोहन, एसपी अलीगढ संजीव कुमार, एसपी मथुरा सैलेश कुमार पांडे, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम ज्योति, सीटीएम अप्रतिम सिंह, डीईटीसी शोभिनी माला, नायब तहसीलदार चुनाव कुलदीप मौजूद रहे।

बैठक में जिला उपायुक्त ने जिला में पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर यूपी की सीमा के साथ लगते जिला के नाकों पर विशेष ध्यान रखने को लेकर चर्चा की। वहीं सीमाओं के नाकों पर कड़ी निगरानी रखकर जिला में शराब तस्करी, हथियार व नकदी राशि आदि की रोकथाम सुनिश्चित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में एसपी चंद्रमोहन ने कहा कि जिला पलवल की सीमा लगते उत्तर प्रदेश के जिलों नामतः अलीगढ, मथुरा व गौतमबुद्ध नगर के ईनामी अपराधियों के साथ-साथ पीओ व जम्पर की लिस्ट भी सांझा की जाए। इस दौरान उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने जिला पलवल में विधानसभा आम चुनाव को शांति व निष्पक्षता से करवाने को लेकर उनकी तरफ से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि पलवल जिला के साथ लगती उत्तर प्रदेश की सीमा पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। वहीं आवाजाही पर भी निगरानी रखी जाएगी।

## ज्वाइनिंग से पहले 43 क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर बर्खास्त

- फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाकर हासिल की थी नौकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने दो स्तरीय जांच के बाद 43 आईटीआई इंस्ट्रक्टरों को नौकरी ज्वाइन करवाने से पहले ही बर्खास्त कर दिया है। उक्त सभी ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी हासिल की थी। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने सभी आवेदकों के सामूहिक रूप से बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिए हैं। इस फर्जीवाड़े का खुलासा चयन के बाद ज्वाइनिंग से पहले दस्तावेजों की जांच के दौरान हुआ है।

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा की तरफ से जारी आदेशों के अनुसार वर्ष 2019 में विभाग द्वारा विभिन्न पदों पर क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर भर्ती किए गए थे। जिनमें फिटटर, वेल्डर, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, वायरमैन, मैकेनिक व मैकेनिकल आदि शामिल थे। बर्खास्त किए गए 43 अभ्यर्थियों द्वारा धीमान इलेक्ट्रो इंजीनियरिंग वर्क्स तथा धीमान मैकेनिकल इंजीनियरिंग वर्क्स के अनुभव प्रमाण पत्र लगाए गए। नियुक्ति के दौरान विभाग द्वारा प्रमाण पत्रों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया। उक्त कमेटी ने प्रमाण पत्रों की वेरीफिकेशन के लिए जब अभ्यर्थियों को बुलाया गया तो वह ईपीएफ व ईएसआई से संबंधित कोई अकाउंट स्टेटमेंट अपने अनुभव प्रमाण पत्रों के साथ नहीं दिखा पाए। इसके बाद विभाग को जब संदेह हुआ तो विभाग ने एक और कमेटी का गठन करके भर्ती हुए इंस्ट्रक्टरों के प्रमाण पत्रों की फिजिकल जांच के आदेश जारी कर दिए।

इस आदेश के बाद कमेटी ने वेतन तथा हाजिरी के रिकॉर्ड का मिलान शुरू किया। कमेटी ने जब प्रमाण पत्र जारी करने वाली कंपनियों का दौरा किया तो वहां किसी प्रकार का हाजिरी रिकार्ड तथा वेतन का रिकॉर्ड भी नहीं मिला। जांच में पता चला कि प्रमाण पत्र जारी करने वाली एक कंपनी लेबर वर्क के लिए मैनपावर सप्लाई करने का काम करती है। दूसरी कंपनी में जांच के दौरान ताला लगा मिला और वहां केवल दो कर्मचारी बैठे मिले। जो जांच कमेटी के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे सके। जांच कमेटी ने रिपोर्ट दी कि अनुभव प्रमाण पत्र पूरी तरह से फर्जी थे।

## हरियाणा के चुनावी रण में सैनिक भी बहा रहे पसीना

- चार पूर्व सैनिक राजनीति में स्थापित होने को लड़ रहे लड़ाई
- नारनौंद से भाजपा प्रत्याशी कैप्टन अभिमन्यु सबसे सीनियर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा में देश की कुल आबादी का भले ही दो प्रतिशत है लेकिन भारतीय सेनाओं में हरियाणा का योगदान 6.7 प्रतिशत है। हरियाणा ने जहां देश को दो-दो सेना प्रमुख दिए हैं वहीं राजनीति में भी हरियाणा के सैनिकों ने अलग ही नाम कमाया है। प्रदेश में इस समय हो रहे विधानसभा चुनाव में भी चार पूर्व सैनिक ताल ठोक रहे हैं। इन चारों का भारतीय सेनाओं में अलग-अगल पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

हरियाणा के जवान मिलिट्री व पैरामिलिट्री में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हरियाणा के जवान



उमेद पातुवास



यशवीर सिंह

सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, बीआरओ, सीआईएसएफ आदि भी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान नारनौंद विधानसभा हलके से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे अभिमन्यु सिंधू लंबे समय तक सेना में सक्रिय रहे हैं। उनका प्रचलित नाम कैप्टन अभिमन्यु है।

मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल में वित्त मंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु मैकेनाइज्ड इनफ्रेंट्री रेजिमेंट में रहे हैं और वह कई मोर्चों पर शॉट सर्विस कमीशंड ऑफिसर के लिए विशेष भत्ते की मांग उठा चुके हैं। अभिमन्यु दूसरी बार नारनौंद से चुनाव लड़ रहे हैं।

जननायक जनता पार्टी ने इस बार बाढड़ा विधानसभा हलके से ले.कर्नल यशवीर श्योराण को चुनाव मैदान में उतारा है। इस सीट पर पहले दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला विधायक रह चुकी हैं। यशवीर श्योराण असम राइफल व एनएसजी के माध्यम से देश की सेवा कर चुके हैं।

इसी विधानसभा हलके से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे उमेद पातुवास भी पूर्व सैनिक हैं। उमेद के पिता स्वर्गीय सूबे सिंह 1971 की लड़ाई में भारतीय सेना का हिस्सा थे। हरियाणा में इस समय उचाना हॉट सीट बनी हुई है। इस सीट पर एक तरफ जेजेपी के दुष्यंत चौटाला हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस की टिकट पर पूर्व आईएएस बृजेंद्र सिंह चुनाव मैदान में हैं। सेना के पूर्व जवान पवन फौजी यहां तिकोणा मुकाबला बनाने की कवायद में हैं। पवन फौजी के पूर्वज उदयपुर गांव के रहने वाले थे।

### जुलाना में चुनाव बनाया रोचक

हरियाणा की जुलाना सीट पर दो महिला पहलवानों के बीच मुकाबला है। यहां कांग्रेस की टिकट पर विनेश फोगाट हैं तो आम आदमी पार्टी की तरफ से कविता दलाल मैदान में हैं। महिला पहलवानों के बीच तिकोना मुकाबला रहे हैं भाजपा के कैप्टन योगेश बैरागी। सफीदों के रहने वाले योगेश बैरागी एक प्रमुख एयरलाइन में सेवाएं दे चुके हैं। चेन्नई में आई बाढ़ के दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन को लीड करने के बाद सुर्खियों में आए योगेश कोरोना के दौरान प्रधानमंत्री के वंदे भारत मिशन के साथ भी जुड़े रहे हैं।

### हरियाणा को इन पर है मान

भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जन.वी.के.सिंह हरियाणा के भिवानी जिले के रहने वाले हैं, जिन्होंने पहले सेना और फिर राजनीति में हरियाणा का नाम चमकाया।

पूर्व सेना प्रमुख दलबीर सुहाग भी हरियाणा के ही थे। सेना में सेवाएं दे चुके जन.डी.पी. वत्स, कैप्टन अजय सिंह यादव, सुरिंदर सिंह कमांडो, कर्नल रोहित चौधरी, रामकिशन फौजी, मेजर नृपेंद्र सांगवान, कर्नल रघुवीर छिल्लर व कर्नल राम सिंह वह नाम हैं जिन्होंने सेना से आने के बाद कामयाब राजनीतिक पारी खेली।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

It is for general information that I, Ajay Kumar Vishwakarma S/o Hansnath Vishwakarma R/o B-139, Gali No.-2, Jhandapur, I.E. Sahibabad, Ghaziabad Uttar Pradesh-201010 declare that name of mine has been Wrongly written as Ajay in my minor son namely Virat Vishwakarma aged 16 years in his educational documents. The actual name of mine is Ajay Kumar Vishwakarma which may be amended accordingly.
PD(755)C

I, Mrs. Santosh Kumari W/o Mr. Manohar Lal has to inform that I have misplaced the Original Share Certificate of 56, Sudarshan Apartments, Plot No.82, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092 and is not traceable by my best efforts.
PD(759)C

It is for general information that I, Ram Bhual S/o Vijay Chaurasiya, R/o H No-54 T Huts, G T K Road, Railway Crossing Chowki No-4, Azadpur, PO: N.S. Mandi, DIST: North West Delhi,Delhi -110033, declare that name of mine has been wrongly written as Rambhual in my 10th and 12th class educational document. The actual name of mine is Ram Bhual, Which may be amended accordingly.
PD(760)C

I, hitherto known as Ali Haidar alias Ali Haider S/o Wazi Haider R/o Plot No. 123 F/F, Chitra Vihar, Radhu Palace, Nirman Vihar East Delhi, Delhi-110092, have changed my name and shall hereafter be known as Ali Haider.
PD(761)C

It is for general information that I, Inshan Khan S/o Man Sarif Khan, R/o Khasra Number- 299-B- Block, Near Shiv Mandir, Village Gokal Pur Sabha Pur Delhi North East Delhi, Delhi- 110094, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as Insan and Khushboo & Khusboo, in my minor son namely Faizan aged 15 years in her School records and Birth Certificate. The actual name of mine and my wife Insan Khan and Khushbu, which may be amended accordingly.
PD(762)C

I, hitherto known as Ladli alias Begam Amana Khatoon D/o Sultan Ahmed W/o Afroj R/o 1221, Bans Balli Market, Sector-8, VTC: Noida, PO: Noida, District: Gautam Buddha Nagar, State: Uttar Pradesh, PIN Code: 201301,, have changed my name and shall hereafter be known as Ladli.
PD(763)C

I, hitherto known as Mohammed Iqbal S/o Babu Khan R/o Behind Mandawali Police Station Rajiv Gandhi Jai Jai Camp Jhuggi No-7, I P Extn. Laxmi Nagar, East Delhi-110092 have changed my name and shall hereafter be known as Ikbal.
PD(764)C

I, hitherto known as Sanjay Sharma S/o Jai Prakash Sharma R/o RZF-403, Ambedkar Marg, Palam Colony, Raj Nagar part-2 , PO: Raj Nagar 2nd, Dist: South West Delhi, Delhi-110077,have changed my name and shall hereafter be known as Sanjay Vats.
PD(765)C

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## सरकार के सौ दिन

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की सरकार ने सौ दिन में काफी उपलब्धियां प्राप्त की हैं, हालांकि उसके सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने अपने कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। सरकार लगातार 'न्यू इंडिया' का अपना दृष्टिकोण आगे बढ़ा रही है जो विकास, वैश्विक नेतृत्व तथा समावेशी प्रगति से संचालित है। लेकिन प्रशासनिक जटिलताओं तथा विकसित होते राजनीतिक परिदृश्य से कुछ नई चुनौतियां पैदा हो सकती हैं जिन पर सरकार सावधानी से ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने मोटेतौर से अपनी पुरानी कैबिनेट बनाए रखी है। तीसरे कार्यकाल में पहले दो कार्यकालों की तुलना में भाजपा की सहयोगियों पर निर्भरता थोड़ी बढ़ी है, लेकिन इसके बावजूद नीतियों में निरंतरता बनी हुई है। सरकार ने लचीलापन दिखाते हुए 'लेटरल इंट्री' तथा 'प्रसारण विधेयक' पर गहन विचार-विमर्श का फैसला किया है। मोदी के तीसरे कार्यकाल की एक प्रमुख उपलब्धि भारत की वैश्विक पहचान में लगातार विस्तार है। यूक्रेन और रूस की उनकी हाई-प्रोफाइल यात्राओं ने प्रशंसा प्राप्त की है जिनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों पक्षों से 'एकसाथ बैठने और बातचीत करने' का सुझाव दिया था। इसके साथ ही सिंगापुर और ब्रूनेई की उनकी यात्रा से भारत सरकार की 'एक्ट ईस्ट' पहल को बल मिला है। वास्तव में सरकार ने अपनी विदेश नीति मजबूत करने के साहसी कदम उठाए हैं जिसमें अमेरिका, रूस और चीन के साथ संतुलन बनाना शामिल है।
पहले सौ दिन में सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूर किया है जो सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाईअड्डों पर केन्द्रित




हैं। रोजगार सृजन के लिए पूंजीगत खर्च बढ़ा कर 11.11 लाख करोड़ किया गया है। 9.3 करोड़ किसानों को 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' के अंतर्गत 20,000 करोड़ रुपये वितरित करने के साथ ही कृषि क्षेत्र में प्रगति के उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा एमएसपी वृद्धि से 12 करोड़ किसानों को लाभ होगा। दूसरी और तीसरी श्रेणी वाले शहरों में स्टार्टअप की सहायता के लिएए 'जेनेसिस' कार्यक्रम शुरू किया गया है तथा युवा रोजगार के लिए 2 लाख करोड़ का पैकेज पेश किया गया है जिससे पांच साल में 41 मिलियन नौजवान लाभान्वित होंगे। एक करोड़ से अधिक 'लखपती दीदियां' बनने के साथ महिला सशक्तीकरण को गति मिली है। सुरक्षा मोर्चे पर त्रिपुरा में एक शांति समझौता किया गया है तथा 'समन्वय' प्लेटफार्म व 'साइबर फ्राड मिटिगेशन सेंटर' जैसे कदम साइबर अपराधों का मुकाबला करने के लिए उठाए गए हैं। वास्तव में मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल के अंत में ही अगली सरकार के सौ दिन का रोडमैप तैयार कर लिया था और सरकार अब उस पर तेजी से आगे बढ़ रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार संसद से 'एक देश एक चुनाव' तथा 'वक्फ संशोधन विधेयक' पास कराएगी। 'एक देश एक चुनाव' की रूपरेखा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने बनाई थी। विपक्ष की आलोचनाओं और आशंकाओं के बावजूद राजग के प्रमुख घटकों जदयू और टीडीपी ने इसका समर्थन किया है। नीतीश कुमार और चंद्र बाबू नायडू का मानना है कि देश में बार-बार चुनाव होने से प्रगति में बाधा आती है। हालांकि, इसे लागू करने के लिए अनेक संविधान संशोधनों की आवश्यकता होगी, लेकिन सरकार का विश्वास है कि वह इसमें सफल होगी। पहले सौ दिन के कामकाज से स्पष्ट है कि मोदी सरकार तीसरे कार्यकाल में अभूतपूर्व तेजी और दृढ़ता से काम करेगी जिसका वादा उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान किया था।

# म्यांमार में सैनिक शासन पर संकट

**म्यांमार में पहली बार सैनिक शासक शक्तिशाली नस्ली सैन्य संगठनों तथा जन रक्षा बलों के गठबंधन के मुकाबले में पीछे हट रहे हैं। ऐसे में भारत को सतर्क और सावधान रहना होगा।**



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



म्यांमार में पहली बार सैनिक शासक शक्तिशाली नस्ली सैन्य संगठनों तथा जन रक्षा बलों के गठबंधन के मुकाबले में पीछे हट रहे हैं। 3 सितंबर को मांडले में सरकारी सेनाओं के सेंट्रल कमांड के मुख्यालय 'पैलेस आफ मांडले' पर पहली बार राकेट हमला हुआ। मांडले म्यांमार में राजधानी यंगून के बाद दूसरा सबसे बड़ा शहर है। सैनिक शासकों के खिलाफ जन-विद्रोह व नस्ली सेनाओं के सामने दक्षिण पश्चिमी राखीन प्रांत में जल्द ही सैनिक शासन समाप्त हो सकता है। इस कारण दो रणनीतिक बंदरगाह भी विद्रोहियों के कब्जे में आ सकते हैं जिनमें से सिटवे को भारत को तथा कायुकफू को चीन को पट्टे पर दिया गया था। इस प्रकार सैनिक शासक के कब्जे में केवल मानुंग ही बचेगा। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि अतीत में म्यांमार में सैनिक विद्रोह कभी विफल नहीं हुए थे।

म्यांमार के पास दक्षिणपूर्व एशिया में सबसे बड़ी सेना है और वह अतीत में भी विद्रोहों से निपटती रही है। 1932 के बाद से थाईलैंड में रिकार्ड 32 सैनिक विद्रोह हुए हैं और इस दृष्टिकोण से वह कुख्यात है। इसके लगभग चार साल बाद से जनरल मिन आंग हिलांग नीत सैनिक शासक म्यांमार में युद्ध कर रहा है और पराजय की ओर बढ़ रहा है। लेकिन इस बार उसकी लड़ाई बौद्ध भिक्षुओं या सिविल सोसाइटी के बजाय सुसंगठित बलों से हो रही है। यह 'इथनिक आर्म्ड आर्गेनाइजेशन्स'-ईएओ, स्थानीय मिलिशिया तथा नए जन-रक्षा बल के खिलाफ युद्ध कर रहा है जिसका जन्म सत्ता से बेदखल की गई नेता आंग सान सूकी की 'नेशनल लीग फार डेमोक्रेसी' से हुआ है जो स्वयं को 'नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट'-एनयूजी कहती है। ये म्यांमार में सैनिक शासक का मुकाबला करने वाले प्रतिरोधी बल हैं।

म्यांमार में सैनिक शासक अब तक विद्रोहियों से निपटने तथा विद्रोहों को कुचलने में सफल रहे हैं। इसके लिए उन्होंने युद्धविराम समझौतों के माध्यम से स्वायत्ता या स्वतंत्रता की घोषणा की है। म्यांमार की सेना जल-थल-नभ, यानी तीनों अंगों वाली सेना है और यह विद्रोहों से निपटने में माहिर है। ऐसे में सैनिक शासक का पीछे हटना आश्चर्यजनक लगता है। सैनिक शासक को युद्धभूमि में भयानक नुकसान हुए हैं। उसने लगातार अपने कब्जे वाला क्षेत्र खोया है तथा बड़ी संख्या में हताहत सैनिकों के कारण अब उसकी सेना लड़ाई से थक गई है। अपनी ही जनता के खिलाफ लड़ने के कारण सैनिकों और जनरलों की 'सोच' पर व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

ऐसे में सेना के भीतर से अपने शासकों के खिलाफ विद्रोह की संभावना लगातार मजबूत हो रही है। विश्वसनीय स्रोतों के अनुसार, सैनिक शासन अपना 70 प्रतिशत क्षेत्र खो चुका है। हालांकि, प्रतिरोधी बलों का उस पूरे क्षेत्र पर कब्जा नहीं है जो सैनिक शासन ने खोया है क्योंकि उनके पास क्षेत्र को अपने कब्जे में लगातार बनाए रखने की क्षमता नहीं है।

लेकिन प्रतिरोधी बलों का उन प्रमुख क्षेत्रों पर कब्जा है जो सीमाओं से सटे हैं और जिनको सैनिक शासन को छोड़ना पड़ा है अथवा वहां से उसके सैनिक भाग गए हैं। सैनिक शासक वर्तमान समय में सैनिकों की कमी का अनुभव कर रहे है और इस कारण वे व्यापक रूप से विनाशकारी हमले करते हुए 'स्कार्चड अर्थ' नीति पर काम कर रहे हैं। इसमें तोपखाने, हेलीकाप्टरों व विमानों से भारी बमबारी शामिल है। इस प्रकार यूएनएचआरसी के वोल्कर टोल्कर के अनुसार वे अपनी पराजय से बचने के लिए नरसंहार कर रहे हैं। इस कारण लगभग 400,000 लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं और उनमें से बहुत से सीमायें पार कर बांग्लादेश, भारत, चीन और थाईलैंड चले गए हैं। उत्तरी शान प्रांत में सैनिक शासन को चीन के साथ व्यापार मार्ग छोड़ने पड़े हैं।

इसके साथ ही थाईलैंड सीमा पर स्थित म्यावाडी में करेनी नेशनल आर्मी का नियंत्रण है। इसके साथ ही सैनिक शासक विद्रोहियों या पीडीएफ का बांग्लादेश और मिजोरम से सटे चिन राज्य तथा मणिपुर सीमा से सटे सैगांग क्षेत्र पर कब्जा है। चिनलैंड में रहने वाले कुकी-जो-चिन नस्ली रूप से मिजो के समान हैं। चीनियों के राखीन राज्य में सक्रिय अराकान सेना के साथ सक्रिय संबंध हैं। यह क्षेत्र भारत की मल्टी-मोडल कलादान नदी के सामने है और राखीन में भारत द्वारा संचालित सिट्वे बंदरगाह को जोड़ती है। सिट्वे बंदरगाह परियोजना भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रकार म्यांमार के सैनिक शासक को चिन, राखीन, सैगांग व मागवे से पीछे धकेला गया है। यह क्षेत्र भारतीय सीमा से सटा है। अत: वर्तमान स्थितियों को देखते हुए नई दिल्ली को वहां नए सत्तारूढ़ बलों से संपर्क करना चाहिए। लेकिन यह समस्या का कारण भी बन सकता है क्योंकि चीनी इस क्षेत्र में हस्तक्षेप करना चाहते हैं। इस क्षेत्र में उथलपुथल का प्रभाव मणिपुर पर पड़ सकता है जो वर्तमान समय में अंतर-नस्ली टकराव का सामना कर रहा है।

सितंबर के प्रारंभ में विद्रोह का सामना कर रहे जनरल हिलांग ने प्रतिरोधी बलों द्वारा कब्जा किए क्षेत्रों में रहने वाले सिविलियनों को चेतावनी दी थी कि वे जल्द ही क्षेत्र पर कब्जे के लिए जवाबी हमला करेंगे। उन्होंने घोषणा की थी कि शान राज्य में सक्रिय 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' एक आतंकी संगठन है। इसमें सेना की सम्मानित नार्थईस्ट कमांड पर कब्जा करने वाली अराकान आर्मी शामिल है जिसने शान राज्य में लाशियो पर कब्जा किया है और अब उसके हमलों से मांडले में सेंट्रल कमांड मुख्यालय भी खतरे में पड़ गया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सैनिक शासक अनेक मोर्चों पर कहां तक लड़ सकेंगे। जनरल हिलांग ने लगातार आपातकाल बढ़ाया है तथा वे चुनावों की पैरवी कर रहे हैं, लेकिन यह संभव नहीं लगता है। उन्होंने सैनिक शासन समर्थक देशों जैसे आशियान के लाओस से सहायता लेने से इनकार कर दिया है जो वर्तमान समय में इस संगठन का अध्यक्ष है। इसके साथ ही उन्होंने पीडीएफ और ईएओ के साथ संवाद शुरू करने के कंबोडिया और थाईलैंड के प्रस्ताव भी अस्वीकार कर दिए हैं। उनको लगता है कि वे अभी भी लाभ की स्थिति में हैं। देश की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है, इसलिए युद्ध अनिश्चित काल तक नहीं चलाया जा सकता है। चीन ने लगातार सैनिक शासक तथा उत्तर और पश्चिम में कुछ ईएओ को समर्थन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चीन और रूस सैनिक शासन को हथियारों की सप्लाई के मुख्य स्रोत हैं, हालांकि भारत ने भी उसे गैर-घातक हथियार दिए हैं। म्यांमार की सेना में टैंक, तोपखाना और छोटे हथियार चीनी हैं। यही स्थिति परिवहन और लड़ाकू विमानों की है। इसी प्रकार नौसेना को भी चीन हथियार दे रहा है, जबकि भारत ने कुछ तटरक्षक पोत दिए हैं।

रूसी मिग 29 व एसयू 30 की मरम्मत एचएएल में होती है और भारत ने उसे हवाई ईंधन भी दिया है। नई दिल्ली ने युद्धविराम तथा लोकतंत्र की वापसी का आह्वान किया है, पर सैनिक शासक को उसका समर्थन जारी है। भारत ने दो दशक पहले सैनिक शासक के बजाय एनएलडी का समर्थन किया था जिससे चीन का उभार हुआ। भारत ने इससे सबक सीखा। हालांकि बीजिंग के साथ सैनिक शासक के संबंध भी उतार-चढ़ाव वाले हैं, पर निकटता व अर्थव्यवस्था पर प्रभुत्व के कारण वह उसका समर्थन लेने को मजबूर है। बदलती हुई जमीनी स्थितियों को देखते हुए भारत को अपनी नीति की समीक्षा करने के साथ सीमान्त क्षेत्रों पर नियंत्रण करने वाले बलों से संपर्क करना चाहिए। मणिपुर में स्थिति सुधारने के लिए अराकान आर्मी तथा चिनलैंड अधिकारियों के साथ कामकाजी संबंध होने चाहिए।

भारत को बमबारी के कारण अपने घरों से पलायन को मजबूर लोगों के लिए मानवीय सहायता के गलियारे बनाने पर विचार करना चाहिए। भारत आशियान पड़ोसियों के साथ अपनी 'एक्ट ईस्ट' नीति पर लगातार जोर दे रहा है, लेकिन इसका क्रियान्वयन म्यांमार से थाईलैंड को जोड़ने वाले 'ट्राईलैटरल हाईवे' को कारगर बनाने तथा सिट्वे बंदरगाह से पलेटवा व मिलोराम कें बीच कलादान नदी परियोजना को अमल में लाने से ही संभव होगा। भारत के पूर्वी व पश्चिमी सिरे तथा खासकर पूर्वी क्षेत्र बांग्लादेश व म्यांमार के बीच होने के कारण संकटग्रस्त है। ऐसे में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश से पैदा खतरे को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

# आजीवन चलती है सीखने की प्रक्रिया

> "जीवन में शिक्षा ग्रहण करने की प्रक्रिया सतत रूप से चलती रहती है। हर अनुभव हमारी समझ को आकार देता है"

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



जब से हम पैदा होते हैं, तब से लेकर मरने तक, हम जीवन में कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। चाहे हम चाहें या न चाहें, हम सीखना बंद नहीं कर सकते क्योंकि सीखने की प्रक्रिया के बिना जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। हमारा पूरा जीवन अनुभवों का एक समूह है और बदले में, एक शिक्षा है, जहां हम सभी हर पल और हर जगह सीखने की मुद्रा में रहते हैं। चेतन प्राणी होने के नाते, इंद्रियों के होने के कारण, जिन्हें ज्ञान के पांच द्वार भी कहा जाता है, हम अपने स्वभाव से ही धारणा बनाए बिना नहीं रह सकते।

हमारे कान हमेशा खुले रहते हैं, इसलिए हम लगातार सुनते रहते हैं। हमारे कानों से हमारे दिमाग तक पहुँचने वाले शब्द ऐसे होते हैं जैसे हम लगातार सबक लेते रहते हैं। इसी तरह, हम पूरी दुनिया को अपनी आँखों से देखते हैं, जिससे हम अच्छी और बुरी दोनों ही चीज़ें सीखते हैं। हमारी त्वचा या स्वाद कलिकाओं के माध्यम से हमें जो विद्युत आवेग प्राप्त होते हैं, वे हमारे मस्तिष्क तक पहुंचते हैं जो हमारे लिए एक तरह की सीख भी है। हालाकि, हमें इस तथ्य को समझना चाहिए कि सीखने की उपरोक्त सभी प्रक्रियाएँ हमारे मस्तिष्क में मौजूद जागरूकता या चेतना द्वारा होती हैं, जिसके बिना सीखना असंभव है।



एक बार जब हम अपनी पढ़ाई पूरी कर लेते हैं, तो हमें लगता है कि हमारे जीवन का शिक्षा चरण आखिरकार खत्म हो गया है और अब समय आ गया है कि हम दुनिया में जाकर सफलता के उच्चतम स्तर को प्राप्त करें। लेकिन क्या यह बहुत ही सामान्य और अजीब विचार नहीं लगता? कि हमें अपने जीवन का केवल एक चौथाई हिस्सा सीखने के लिए समर्पित करना चाहिए, और फिर हमें अपने जीवन के बाकी हिस्से में बस अपनी उपलब्धियों पर आराम करना चाहिए? अच्छा!! ऐसा कहा जाता है कि सीखने से दिमाग कभी नहीं थकता, तो हम औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने तक सीखने की प्रक्रिया को क्यों सीमित रखते हैं? सिर्फ़ इसलिए कि आपने अपनी औपचारिक शिक्षा पूरी कर ली है, इसका मतलब यह नहीं है कि आपकी शिक्षा समाप्त हो गई है!

यह एक बहुत ही गलत विचार है, लेकिन दुर्भाग्य से, हममें से अधिकांश लोगों ने इसे अवचेतन रूप से आत्मसात कर लिया है। ? याद रखें!! केवल एक मृत शरीर ही सीखने की प्रक्रिया में भाग लेना बंद कर देता है, न कि वे जो जीवन के साथ प्रतिध्वनित होते हैं। हमारा जीवन अनुभवों की एक श्रृंखला है, जिनमें से प्रत्येक हमें प्रबुद्ध बनाता है, भले ही कई बार इसे महसूस करना कठिन हो।

हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हम जो असफलताएँ और दुख सहते हैं, वे हमें आगे बढ़ने में मदद करते हैं। इसलिए हमें हमेशा हर चीज के बारे में कुछ न कुछ सीखना चाहिए और हर चीज के बारे में कुछ न कुछ सीखना चाहिए। जीवन की यात्रा के दौरान हम लगातार कुछ ऐसे सबक सीखते रहते हैं, जिनके परिणामस्वरूप हमारे कर्मों के अनुसार संस्कार बनते हैं। इसलिए अगर हम यह स्पष्ट रूप से जानते हैं कि सीखना अपरिहार्य है और हम हमेशा अच्छी या बुरी चीजें सीखते रहते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अच्छे या बुरे संस्कार बनते हैं, जो हमें खुशी या दुख देते हैं, तो हम कभी नहीं कहेंगे कि हमारे पास सीखने के लिए समय नहीं है या कोई रुचि नहीं है। इसी तरह अगर हम जानते हैं कि हमारे संस्कार हमारे जन्म-जन्मांतर के साथ चलते हैं, तो हम अच्छी चीजें सीखने और बुरी चीजों को छोड़ने में अधिक सावधान रहेंगे, क्योंकि शिक्षा एक ऐसा अमृत है जो हमें स्वस्थ मन और शरीर के साथ-साथ एक स्थायी फलदायी जीवन दे सकता है।

हम सभी को प्रबुद्ध होने की आवश्यकता है और हमें अपने विचारों, वाणी और कार्यों की गुणवत्ता में तत्काल सुधार करने की आवश्यकता है। चूंकि हम चाहकर भी सीखने से बच नहीं सकते, तो फिर हम अपने अंदर नैतिक मूल्यों, सद्गुणों या अच्छे गुणों को क्यों नहीं अपनाते, ताकि हम पूर्णता की ओर प्रगति कर सकें? हम यह कहकर कि हमारे पास समय नहीं है या हमारी कोई रुचि नहीं है, बेकार के बहाने बनाकर क्या हासिल करते हैं? हमें किसमें रुचि है? क्या हमें अपने पतन, क्षय या विनाश में रुचि है? बुराइयों, बुराइयों और कीचड़ के दलदल में डूबते-उतराते रहना है? याद रखें!! हम जितना विलंब करेंगे, हमारी स्थिति उतनी ही खराब होगी और हमारे लिए अपने तरीकों को सुधारना उतना ही मुश्किल होगा।

जैसा कि पहले कहा गया था, सीखने की प्रक्रिया निरंतर और निरंतर होती है और इसलिए किसी ने सही कहा है कि हम हर दिन सीखते हैं और अहंकार और इस धारणा को त्याग देते हैं कि मैं सब कुछ जानता हूं। इसलिए हम इसे रोक नहीं सकते, भले ही हम अपनी पूरी कोशिश करें, अपनी पूरी ताकत लगा दें। तो क्यों न हम सतर्क रहें और सही रास्ते पर चलें जो हमें जीवन की त्रासदियों, आघातों, तनावों और उथल-पुथल से बचाए? इसका जवाब हमारे भीतर है।

# आप की बात

## केजरीवाल का दांव

**अरविंद केजरीवाल** को अंतत: समझ में आ ही गया कि बिना अधिकारों के मुख्यमंत्री बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। यदि यही समझ अरविंद केजरीवाल को जेल जाने से पहले आ जाती तो उनकी छवि खराब न होती। ईमानदारी से राजनीति करने की शपथ लेने वाले केजरीवाल को अनेक अवसरों पर अपनी ही शपथ झूठी सिद्ध करनी पड़ी। अरविंद केजरीवाल का आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री बनाने का दांव भले ही आम आदमी पार्टी-आप को अंदरूनी कलह से बचाने में सफल हुआ हो मगर आतिशी की पारिवारिक पृष्ठभूमि गंभीर सवालों के घेरे में है। वैसे भी दिल्ली में आप की विश्वसनीयता घटी है। एक कठपुतली मुख्यमंत्री दिल्ली का क्या भला कर पाएगी, यह सर्वविदित है। सवाल यह भी है कि आम आदमी के रूप में सत्तासुख न भोगने का दम भरने वाल मुखिया केजरीवाल क्या करोड़ों की हवेली का राजसी ठाठ बाट छोड़कर दो कमरों के भवन में रहने हेतु पहल करेंगे। पिछले एक दशक से देश अरविंद केजरीवाल के अनेक चेहरे देख चुका है। केजरीवाल के इस दांव से दिल्ली की जनता भ्रमित होने वाली नहीं है। देखना होगा कि केजरीवाल हरियाणा तथा दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी इस नौटंकी या दांव का कितना लाभ उठा पाएंगे।

– **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

## आतिशी का भविष्य

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के अरविंद केजरीवाल के फैसले ने एक स्तर पर लोगों को चौंकाया जरूर है। मगर समझदार लोग जानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जिन शर्तों पर जमानत दी है। उसके बाद वे मात्र आम आदमी बन कर रह गए। अब इस्तीफा देकर उन्होंने आतिशी मर्लेना को मुख्यमंत्री बना दिया। लेकिन अब मर्लेना न लिखने वाली आतिशी के माता-पिता ने यह नाम मार्क्स और लेनिन का संक्षिप्तीकरण कर दिया था। भाजपा ने यह तथ्य पूरी मजबूती से उठाया है कि आतिशी मर्लेना के परिवार ने संसद पर हमले की योजना बनाने वाले अफजल गुरु का न केवल समर्थन किया था, बल्कि उनके पक्ष में जनमत तैयार करने का प्रयास किया था। भाजपा यह मांग कर सकती है कि आतिशी इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफे की चाल चली, लेकिन यह जरूरी नहीं कि उनकी सारी कुटिलताएं हर बार जनता को भ्रमित करने में सफल होंगी। यदि वे दिल्ली में जल्दी चुनाव करवाना चाहते हैं तो आसानी से विधानसभा भंग करके नए चुनाव के रास्ते खोल सकते हैं। मगर वह इसके लिए केंद्र से मांग कर रहे हैं। देखना होगा कि आतिशी मर्लेना का भविष्य कैसा रहेगा।

– **सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

## बलात्कार की सजा

**जघन्य अपराधों** की सजा के प्रति आम आदमी की विचारधारा उचित दंड की रहती है, मगर कई बार उम्र के बहाने अपराधी को उस अनुपात में सजा नहीं दी जाती। लेकिन अब न्यायालय का सख्त रवैया उचित सजा की राह प्रशस्त करेगा। एक नाबालिग को 4 वर्ष की बच्ची के साथ क्रूरतापूर्वक बलात्कार करने पर 10 साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर याचिका इस कठोर टिप्पणी के साथ खारिज कर दी गई कि नाबालिग है तो क्या दुष्कर्मी से उदार रवैया बरता जाना चाहिए? उच्च न्यायालय का यह फैसला उचित लगता है। निश्चित तौर पर इंदौर का यह मामला अपराधियों पर नकेल की नजीर बन सकता है। वाकई यह चिंता का विषय है कि अपराधी को सजा के समय उसके नाबालिग होने की दुहाई देकर रहम की अपील की जाती है, मगर पीड़िता के अबोध होने और उसके साथ क्रूरता के सवाल पर कोई कठोर सजा की दलील नहीं दी जाती। समय आ गया है कि देश की संसद निर्भया कांड के लगभग एक दशक बाद और पश्चिम बंगाल के अभया कांड के बाद बलात्कार की सजा पर कठोरतम कानून बनाए तथा नाबालिगों को छूट का प्राविधान यथासंभव समाप्त करने अथवा उसे अधिकाधिक सीमित करने की व्यवस्था करे।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

## मोदी का चुनाव प्रचार

**प्रधानमंत्री मोदी** ने चुनावी शंखनाद करते हुए माहौल भाजपा के पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। कुरुक्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए जहां राहुल गांधी को साढ़े आठ हजार रुपए की मासिक सौगात पर घेरा, वहीं कांग्रेस को दलित एवम ओबीसी आरक्षण विरोधी करार दिया है। प्रधानमंत्री ने नई पेंशन योजना, 24 फसलों पर एमएसपी बढ़ाने एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जोरदार ढंग से रखा है। परिवारवाद पर भी मोदी ने क्षेत्रीय और अन्य दलों को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कश्मीर के दौरे में प्रधानमंत्री ने सभी विपक्षी दलों को परिवारवाद, नफरत वाली राजनीति और आतंकवाद पर चुप्पी साधने वाली पार्टी बताया। जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद पहली बार चुनाव हो रहे हैं। इस बार यहां विपक्षी दल भी पूरी ताकत से चुनाव लड़ रहे हैं। परिणाम चाहे जो भी हो लेकिन यह लोकतंत्र के लिए बहुत ही अच्छी बात है कि दशकों बाद जम्मू कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव होने जा रहे हैं। इसका सभी भारतीयों को स्वागत करना चाहिए। जम्मू कश्मीर व हरियाणा में अधिकाधिक मतदान लोकतंत्र को मजबूत करेगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

# किसानों और जनजातीय समुदाय के कल्याणार्थ लिए गए निर्णयों की सीएम योगी ने की सराहना

## ● केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों पर पीएम मोदी का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में अन्नदाता किसानों, उपभोक्ताओं और जनजातीय समुदाय के कल्याण हेतु लिए गए निर्णयों की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सराहना की और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। केंद्रीय कैबिनेट ने एक ओर जहां वर्ष 2025-26 तक 35,000 करोड़ से पीएम-आशा योजना को जारी रखने का निर्णय लिया है तो वहीं रबी फसल सत्र, 2024 के लिए फॉस्फेटिक और पोटैसिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। वहीं 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' को स्वीकृति प्रदान की गई है।

पीएम-आशा योजनाओं को जारी रखने के निर्णय को लेकर सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, 'अन्नदाता किसानों के उत्थान एवं उपभोक्ताओं के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा वर्ष 2025-26 तक 35,000 करोड़ के कुल वित्तीय व्यय से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजनाओं को जारी रखने हेतु मिली मंजूरी सराहनीय है। अन्नदाता किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने हेतु लिए गए इस जनहितकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार।'

पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दिए जाने पर सीएम योगी ने लिखा, 'अन्नदाता किसानों की उन्नति व खुशहाली ही डबल इंजन की भाजपा सरकार का संकल्प है। इस संकल्प की सिद्धि के क्रम में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा रबी फसल सत्र, 2024 के लिए फॉस्फेटिक और पोटैसिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय करने के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति अत्यंत सराहनीय है। इस निर्णय से किसान साथियों को उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ ही उनकी समृद्धि के नए द्वार भी खुलेंगे। आभार प्रधानमंत्री जी।' इसी तरह, सीएम योगी ने 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' को मंजूरी मिलने पर लिखा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' को मिली स्वीकृति अभिनंदनीय है। जनजातीय समुदाय के उत्थान की दिशा में लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय से 63,000 से अधिक गांवों के 5 करोड़ से अधिक आदिवासी भाई-बहनों के जीवन-स्तर में सुधार एवं समृद्धि आएगी। जनजातीय बहुल ग्रामों का समग्र विकास सुनिश्चित करते इस निर्णय हेतु प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार एवं देश वासियों, विशेषकर जनजातीय समुदाय से जुड़े भाई-बहनों को बधाई।

# मिल्कीपुर में एक हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

## ● जनसभा को भी संबोधित करेंगे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**रामनगरी** के विकास के लिए योगी सरकार लगातार धनवर्षा कर रही हैं। अयोध्या को विश्व के पटल पर स्थापित करने में मोदी-योगी सरकार कोई कसर नहीं रख रही है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी निरंतर यहां विकास का पहिया चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब भी अयोध्या पहुंचते हैं तो यहां विकास के मार्ग प्रशस्त करते हैं। सीएम योगी गुरुवार को फिर अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस बार वे यहहां एक हजार करोड़ से भी अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री स्थानीय जनप्रतिनिधियों संग बैठक भी करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा भी करेंगे। वह 10.40 पर मिल्कीपुर के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचेंगे। एक बजे तक मिल्कीपुर में ही रहेंगे। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की कमान संभाले सीएम योगी तीन महीने के अंदर दूसरी बार जिले को विकास का तोहफा देंगे। सीएम द्वारा अयोध्या में एक हजार चार करोड़ 74 लाख 63 हजार की कुल 83 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा। इनमें विधानसभा मिल्कीपुर की कुल 40 परियोजनाएं हैं, जिनकी कुल लागत 4975.06 लाख है। जनपद में 8283.43 लाख की 37 परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। लोकार्पित परियोजनाओं के अन्तर्गत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति की 21, लोक निर्माण विभाग की 15, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास-उद्यमशीलता की दो एवं समाज कल्याण विभाग की एक परियोजना सम्मिलित है। विधानसभा मिल्कीपुर में सात परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाना है। लोकार्पित परियोजनाओं के अन्तर्गत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति की 05 एवं लोक निर्माण विभाग की दो परियोजनाएं सम्मिलित हैं। जनपद में 92191.20 लाख की 46 परियोजनाओं का शिलान्यास मुख्यमंत्री के हाथों होगा। लोक निर्माण विभाग की 34, नगर विकास विभाग की दो, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की दो, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की दो, चिकित्सा शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, उच्च शिक्षा विभाग स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उद्यमशीलता एवं युवा कल्याण विभाग की एक-एक परियोजनायें सम्मिलित हैं। विधानसभा मिल्कीपुर में 3456 लाख की 33 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है। शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग की 30, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग एवं युवा कल्याण विभाग की एक-एक परियोजनाएं सम्मिलित हैं।

# वन नेशन, वन इलेक्शन प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए योगी ने जताया मोदी का आभार

## ● समृद्ध लोकतंत्र और राजनीतिक स्थिरता के लिए मील का पत्थर साबित होगा केंद्रीय कैबिनेट का निर्णयः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वन नेशन, वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कैबिनेट का आभार जताया। सीएम योगी ने इस निर्णय को देश में राजनीतिक स्थिरता, सतत विकास और समृद्ध लोकतंत्र के लिए 'मील का पत्थर' करार दिया।

सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, 'एक समृद्ध लोकतंत्र के लिए राजनीतिक स्थिरता अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा वन नेशन, वन इलेक्शन प्रस्ताव को दी गई मंजूरी अभिनंदनीय है। देश में राजनीतिक स्थिरता, सतत विकास और समृद्ध लोकतंत्र की सुनिश्चितता में यह निर्णय 'मील का पत्थर' सिद्ध होगा। इस युगांतरकारी निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री का हृदय से आभार।' उल्लेखनीय है कि देश में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) करवाने के प्रस्ताव को बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। अब केंद्र सरकार शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में इससे संबंधित विधेयक पेश कर सकती है।

# गोरखपुर के 'मरीन ड्राइव' पर मिलेगा उत्तर भारत के फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लुत्फ

**लखनऊ/ गोरखपुर।** बीते सात सालों में योगी सरकार ने रामगढ़ताल क्षेत्र का ऐसा कायाकल्प किया है कि इस क्षेत्र की ख्याति गोरखपुर के 'मरीन ड्राइव' की हो गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के सबसे डिमांडेड टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित हुए रामगढ़ताल में क्रूज की सुविधा तो पहले से ही है, अब यहां फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लुत्फ भी उठाया जा सकेगा। नैसर्गिक सौंदर्य वाले रामगढ़ताल में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त उत्तर भारत का फ्लोटिंग रेस्टोरेंट बनकर तैयार है। इसका उद्घाटन गुरुवार (19 सितंबर) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। रामगढ़ताल क्षेत्र पर्यटन और खानपान के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है। इस क्षेत्र में हॉस्पिटैलिटी के तमाम ब्रांडेड प्रतिष्ठानों की दस्तक तो हो ही चुकी है। अब यहां पर्यटकों को रामगढ़ताल में 'फ्लोट' नाम से फ्लोटिंग रेस्टोरेंट यानी पानी पर तैरते रेस्तरां की सुविधा भी मिलेगी। लेक क्वीन क्रूज के बाद फ्लोटिंग रेस्टोरेंट सैलानियों के लिए बड़ी सौगात होगा। दशकों तक उपेक्षित और गंदगी के पर्याय बने रहे रामगढ़ताल पर योगी सरकार ने ऐसी संजीदगी दिखाई कि आज इसकी गिनती पूर्वी उत्तर प्रदेश के खूबसूरत व दर्शनीय पर्यटन स्थल के रूप में अग्रपंक्ति में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में निखरे और संवरे रामगढ़ताल के साथ पर्यटन व रोजगार का कदमताल विकास की नई तस्वीर पेश करता है। आज यह ताल सैलानियों का मनभावन है तो बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम भी।

# उद्यान मंत्री ने वर्ल्ड फायर फाइटर गेम्स 2024 के पदक विजेताओं को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को अपने शासकीय आवास पर बुधवार को वर्ल्ड फायर फाइटर गेम्स 2024 के पदक विजेताओं का सम्मान किया। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। हमारे फायर फाइटर्स ने वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और भारत का तिरंगा लहराया। इनकी मेहनत और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। डेनमार्क के आल्बर्ग शहर में 7 से 14 सितंबर तक आयोजित इन खेलों में 75 देशों के फायर फाइटरों ने भाग लिया था। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आनंद प्रताप सिंह, जो उन्नाव जिले के जंगली खेड़ा बीघापुर गांव के निवासी हैं और वर्तमान में रायबरेली के लालगंज फायर स्टेशन में चालक के पद पर कार्यरत हैं, ने शानदार प्रदर्शन किया। आनंद प्रताप ने शॉट पुट, 100 गुणा 4 रिले रेस, डिस्कस थ्रो और हैमर थ्रो में चार गोल्ड मेडल जीतकर भारत के तिरंगे को गर्व से ऊँचा किया। इसके साथ ही, धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भी 2 गोल्ड और 2 रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। वहीं रंजीत यादव ने 2 गोल्ड मेडल हासिल कर भारत की शान को और ऊंचा किया।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भावनाएंः केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में अधिक से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित कराकर रोजगार सृजित किए जांय । कोशिश हो कि छोटी-छोटी इकाइयां ज्यादा संख्या में स्थापित हों, इससे जहां एक ओर उद्यमियों को फायदा होगा, रोजगार सृजित होंगे,वहीं स्थानीय किसानों को भी फायदा होगा और उनकी आमदनी में इजाफा होगा। कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भावनाएं हैं।उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर खाद्य प्रसंस्करण विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। इस क्षेत्र में लगाई जाने वाली यूनिटों को दी जा रही बड़ी सब्सिडी की जानकारी आम जनमानस को दी जाए। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में लोगों को दिए जा रहे हैं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में ट्रेनिंग देने का प्लान तैयार करें। यूनिटों में तैयार उत्पादो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा पारदर्शिता बनाए रखी जाए। छोटी-छोटी यूनिटों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए, तभी किसानो की भी आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन पर जोर दिया। बताया गया कि इस योजना में 35 प्रतिशत सब्सिडी का प्राविधान है।

इस योजना में 10 हजार लोगों को लाभान्वित किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस योजना में और अधिक यूनिटें लगवायी जाय, इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाय। कहा कि लगाई गयी यूनिटों की जनपदवार सूची उपलब्ध करायी जाय और चुनिंदा यूनिटों के प्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित की जाय। नई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति में यूनिटों में सोलर प्लांट लगाने में महिलाओं को 90 प्रतिशत सब्सिडी का प्राविधान है। टी एच आर प्लान्टो में जहां भी सोलर प्लांट लगायें गये हैं, उनमें सभी को सब्सिडी दे दी गयी है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बनाये गये 14 इनक्यूबेशन सेंटरों में मशीनरी आदि की व्यवस्था कराते हुए उनके संचालन हेतु त्वरित गति से कार्यवाही की जाय। इन सेन्टरों को टी एच आर प्लान्टो को चलाने वाले स्वयं सहायता समूहों से संचालित कराने के लिए प्राथमिकता दी जाय। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेगा फूड पार्क की स्थापना पर विशेष रूप से फोकस किया जाय, इससे किसानों को बहुत फायदा होगा।

कहा कि प्रयागराज में होने वाले कुम्भ में भी विभाग के माध्यम से स्थापित फूड प्रोसेसिंग यूनिटों के उत्पादों के स्टाल लगवाये जांय। कहा कि कृषक उत्पादक समूहों को गुजरात, महाराष्ट्र आदि प्रान्तों में भेजकर वहां की यूनिटों का अध्ययन कराया जाय और वहां के अनुभवों को लेकर उत्तर प्रदेश में यूनिटों की स्थापना के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। कहा कि विभाग की योजना का प्रचार प्रसार ठोस व प्रभावी रणनीति बनाकर किया जाय। यह भी निर्देश दिए कि खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों की ब्रांडिंग की जाय।

# यीडा क्षेत्र में 500 करोड़ का होगा निवेश, 5000 लोगों को मिलेगा रोजगार

## ● यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने कॉरपोरेट ऑफिस के लिए 45 भूखंडों का सफलतापूर्वक किया ई ऑक्शन

पायनियर समचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**योगी** सरकार उत्तर प्रदेश में निवेश को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को ई ऑक्शन के माध्यम से बड़ी धनराशि की बिड हासिल की है। 1000 वर्ग मीटर के कुल 45 भूखंडों के लिए सफलतापूर्वक संपन्न हुए इस ई ऑक्शन के जरिए यीडा क्षेत्र में 500 करोड़ रुपए का निवेश संभव हो सकेगा। यही नहीं, परियोजनाओं के क्रियाशील होने पर यहां 5000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इससे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास में भी गतिशीलता आएगी। उल्लेखनीय है कि यीडा क्षेत्र में योगी सरकार विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूखंड उपलब्ध करा रही है। इसमें विभिन्न औद्योगिक समूह अपनी रुचि दिखा रहे हैं।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने मंगलवार को संस्थागत भूखंडों की योजना के तहत ई ऑक्शन का आयोजन किया। इसके तहत यीडा क्षेत्र में कॉर्पोरेट ऑफिस के लिए 1000-1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के कुल 45 भूखंडों को सम्मिलित किया गया था। इसमें प्रत्येक भूखंड के सापेक्ष रिजर्व प्राइज 2.50 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था। इस प्रकार 45 भूखंडों के सापेक्ष कुल बिज प्राइज लगभग 112.50 करोड़ रुपए थी।

ई ऑक्शन के दौरान 112.50 करोड़ रुपए की बिड प्राइज के सापेक्ष प्राधिकरण को 265.14 करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी जो कि कुल बिड प्राइज से 152.64 करोड़ रुपए ज्यादा है। यह बिड प्राइज का 134 प्रतिशत है, जो दर्शाता है कि यीडा क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना के साथ ही यहां कॉर्पोरेट ऑफिस खोले जाने के लिए भी औद्योगिक समूह किस कदर लालायित हैं। इस योजना के तहत कॉर्पोरेट ऑफिस के तीन भूखंड ऐसे रहे, जिसकी बिड प्राइज से लगभग 12 गुना रेट पर बिड लगी है। इनमें प्लॉट नंबर 64 के लिए चैलेंजर कंप्यूटर लि. ने 28.28 करोड़ रुपए की बिड लगाई तो वहीं, एलेक्सिस ग्लोबल प्रा. लि. ने प्लॉट नंबर 69 के लिए 26.64 करोड़ रुपए की बिड प्राइज ऑफर की। इसी तरह, सानाश इंपेक्स प्रा. लि. ने प्लॉट नंबर 59 के लिए 25.84 करोड़ रुपए की बिड लगाई है। ई ऑक्शन के दौरान सिर्फ इन तीन भूखंडों के माध्यम से ही यीडा को 80.76 करोड़ रुपए प्राप्त हो रहे हैं। यह कुल बिड प्राइज का लगभग एक तिहाई हिस्सा है।

यीडा के अधिकारी इस बिड से काफी खुश हैं और उन्होंने उम्मीद जताई है कि इन कॉर्पोरेट ऑफिस के माध्यम से बड़े पैमाने पर क्षेत्र में निवेश होगा और हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

# जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने जा रहीः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की सरकार में बच्चियों के साथ बलात्कार और पीड़ित परिवारों के साथ अन्याय हो रहा हैं। उत्तर प्रदेश में लगातार बलात्कार जैसी शर्मनाक घटनाएं हो रही हैं। पूरे देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की बदनामी हो रही है। हिरासत में मौतों के मामलों में भी उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। पीडीए को भाजपा सरकार उत्पीड़न का शिकार बना रही है। कानून व्यवस्था उसके राज में पूरी तरह चौपट है। अखिलेश यादव ने यह बात बुधवार को पार्टी मुख्यलय में एकत्रित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसान, नौजवान और पिछड़े, दलितों की खुशहाली भाजपा को सत्ता से बेदखल करके समाजवादी सरकार बनने पर ही आएगी। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता को संकल्पित होकर सन् 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए दिनरात एक करना होगा।

यादव ने कहा कि भाजपा का सबका साथ सबका विश्वास का नारा धोखा है। सन् 2022 में ही जनता ने भाजपा सरकार से आजादी का इरादा कर लिया था लेकिन भाजपा ने सत्ता का दुरूपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर सरकार बना ली। 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को समाजवादी पार्टी ने जो सबक सिखाया उससे उसकी बौखलाहट बढ़ गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार जनता बनाने जा रही है। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। समाजवादी कार्यकर्ता भाजपाईयों की हर साजिश और षडयंत्र का मुकाबला करने के लिए अपनी पूरी चाक चौबंद तैयारी में है। भाजपा की झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार की राजनीति को समाजवादी और पीडीए मुकाबला करके भाजपा सरकार को पराजित करने में कोई कसर नहीं छोडेंगे। यादव ने कहा कि इस समय संविधान को बचाने की लड़ाई में कोई ढील नहीं होनी चाहिए।

# पर्यटन विभाग पेरिस, टोक्यो, लंदन तथा सिंगापुर में स्टॉल लगायेगाःजयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर आने के बाद विदेशी पर्यटको को यूपी की ओर आकर्षित करने के लिए सितंबर और अक्टूबर में पेरिस, लंदन तथा जापान की राजधानी टोक्यो एवं सिंगापुर में स्टॉल लगाकर यूपी की समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत तथा गौरवशाली इतिहास से जुड़े पर्यटन स्थलो तथा प्राकृतिक सुंदरता को पूरी दुनिया को परिचित करायेगा। इसी के तहत पर्यटन विभाग विभिन्न देशों मे आयोजित होने वाले ट्रैवल मार्केट में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगा। इसके लिए पर्यटन विभाग को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की जोरदार तैयारी कर रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पेरिस में 17 सितंबर से इंटरनेशनल फ्रेंच ट्रैवल मार्केट का शुभारंभ हुआ है, जो 19 सितंबर तक चलेगा। यहां भी पर्यटन विभाग ने अपना मंडप बनाया है। यहां उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों और ओडीओपी को दर्शाया गया है। वहां रोड शो भी किया जायेगा। इसके अलावा महत्वपूर्ण स्थल जहां बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है, वहां विभिन्न माध्यमों से प्रदेश के पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जापान की राजधानी टोक्यों में इसी माह 26 से 29 सितंबर तक टूरिज्म एक्सपो, 23 से 25 अक्टूबर तक सिंगापुर में आईटीबी एशिया और 5 से 7 नवंबर तक लंदन में वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट का आयोजन किया जाएगा। इन सभी जगहों पर उत्तर प्रदेश पर्यटन स्टॉल लगाएगा। इसके अलावा रोड-शो का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें भारतीय व अन्य देशों के टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स, मीडिया प्रतिनिधि और अंतरार्ष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ चर्चा होगी। आगंतुकों के साथ उचित जुड़ाव सुनिश्चित करने के लिए साइनेज, साहित्य, बैनर और पोस्टर अंग्रेजी के अलावा विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध कराये जायेंगें।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास विकसित होगा यूपी का पहला सेमीकंडक्टर पार्क

## ● देश और दुनिया की बड़ी चिप निर्माता कंपनियों को निवेश के लिए किया जाएगा आकर्षित, दी जाएंगी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**देश** में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू कर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही योगी सरकार ने इस दिशा में एक और बड़ी पहल की है। इस पहल के तहत योगी सरकार यूपी के ग्रेटर नोएडा स्थित जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अब उत्तर प्रदेश का पहला सेमी कंडक्टर पार्क स्थापित करने जा रही है। प्रदेश सरकार की ओर से यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत सेक्टर 10 और सेक्टर 28 में सेमीकंडक्टर पार्क को स्थापित किए जाने की योजना है।

इस पहल के माध्यम से देश और दुनिया की बड़ी चिप निर्माता कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपने उद्यम लगाने के लिए आकर्षित होंगी। साथ ही, व्यापक पैमाने पर यूपी के युवाओं के लिए रोजगार का भी सृजन हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री लगाने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित करने हेतु योगी सरकार ने सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू की है, जिसके जरिए बड़े पैमाने पर राहत प्रदान की जा रही है।

सेमीकंडक्टर पार्क्स के साइलेंट फीचर्स की बात करें तो इसके तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने दो सेमीकंडक्टर क्लस्टर्स के लिए भूमि चिह्नित की है। पहली सेक्टर 10 में 200 एकड़, जबकि दूसरी सेक्टर 28 में 125 एकड़ भूमि शामिल है। इन दोनों क्लस्टर्स में यीडा 8 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी, जबकि 60 एमएलडी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी)लगाया जाएगा। वहीं, क्लस्टर्स को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 400/200/132 केवी सबस्टेशन भी स्थापित किए जाने की योजना है। इसके अतिरिक्त सेमीकंडक्टर पार्क्स में निवेश करने वाले उद्यमियों को मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी।

सेक्टर 10 और 28 में स्थापित होने वाले इन क्लस्टर्स की नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दूरी मात्र 4 किमी. की है, जिससे कॉर्गो मिनटों में यहां पहुंच सकेगा और निवेशकों और विदेशी बायर्स को यहां आने-जाने में कोई समस्या नहीं होगी। इसके अलावा, यहां रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) की भी सुविधा जल्द शुरू होगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार से डीपीआर के अप्रूवल की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं, दिल्ली से वाराणसी के बीच हाई स्पीड रेल की योजना है, जिसका एक स्टेशन नोएडा एयरपोर्ट भी होगा। इसके अतिरिक्त यमुना एक्सप्रेसवे में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का इंटरचेंज भी बन चुका है, जो इन बड़े शहरों से भी कनेक्टिविटी को आसान बनाएगा।

उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की असीम संभावनाएं हैं। योगी सरकार ने निवेशकों को इस क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम बनाने पर जोर दिया है। इसके लिए प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू की गई है। यूपी सेमीकंडस्टर नीति के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कैपिटल सब्सिडी पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त कैपिटल सब्सिडी का प्राविधान किया गया है। इसके अतिरिक्त पॉलिसी में कंपाउंड सेमीकॉन्डस्टर/सिलिकॉन फोटोनिक्स/ सेंसर/ एटीएमपी/ ओएसएटी के लिए 75त्न की लैंड रिबेट भी प्रदान की गई है। वहीं डुएल ग्रिड नेववर्क के साथ ही 10 वर्षों के लिए इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, 25 वर्षों के लिए अंतर्राज्यीय बिजली खरीद, ट्रांसमिशन और व्हीलिंग शुल्क 50 प्रतिशत की छूट, स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस पर 100 प्रतिशत छूट और प्रति वर्ष 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी (अधिकतम 7 करोड़ रुपए) दिए जाने की भी व्यवस्था की गई है।

# लखनऊ समेत आधा दर्जन क्षेत्रों के लिए 120 इलेक्ट्रिक बसें क्रय करेगा परिवहन निगम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में 120 इलेक्ट्रिक बसों (100 के अतिरिक्त) बसों के शामिल करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जल्द ही निविदा की प्रक्रिया विभाग शुरू करेगा। उक्त इलेक्ट्रिक बसें अलीगढ़, मुरादाबाद, लखनऊ, अयोध्या एवं गोरखपुर क्षेत्र में संचालित की जायेंगी। इलेक्ट्रिक बसें सुविधायुक्त होने के साथ अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होंगी। साथ ही उक्त बसें पर्यावरण हितैषी भी हैं। परिवहन मंत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अलीगढ़ एवं मुरादाबाद क्षेत्र में 30 इलेक्ट्रिक बसें, लखनऊ, अयोध्या एवं गोरखपुर क्षेत्र में 20-20 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि अलीगढ़ क्षेत्र में अलीगढ़- नोएडा वाया जेवर 10, अलीगढ़-बालाबागड़-फरीदाबाद 04, अलीगढ़-मथुरा 04, अलीगढ़-कौशाम्बी वाया खुर्जा 08, अलीगढ़-डिबाई-अनुपशहर-सम्भल-मुरादाबाद 04 बसें उक्त रूट पर संचालित होंगी। इसी प्रकार मुरादाबाद क्षेत्र में कुल 30 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेगी। मुरादाबाद क्षेत्र में जिसमें मुरादाबाद-कौशाम्बी रूट पर 10, मुरादाबाद-मेरठ रूट पर 06, मुरादाबाद-नजीबाबाद कोटवार रूट पर 04, कटघर-बरेली रूट पर 02, कटघर-हल्द्वानी रूट पर 04, कटघर-अलीगढ़ रूट पर 02 एवं कटघर-रामनगर रूट पर 02 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जायेगा। इसी प्रकार लखनऊ क्षेत्र में न्यू बाराबंकी स्टेशन-अवध बस स्टेशन रूट पर 20 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेगी। इसी प्रकार अयोध्या क्षेत्र में अयोध्या-लखनऊ रूट पर 04, अयोध्या-गोरखपुर रूट पर 04, अयोध्या-प्रयागराज-गोण्डा रूट पर 06 एवं अयोध्या-सुलतानपुर-वाराणसी रूट पर 06 बसों का संचालन किया जायेगा। इस प्रकार अयोध्या क्षेत्र में कुल 20 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेगी। इसी प्रकार गोरखपुर क्षेत्र में गोरखपुर-आजमगढ़-वाराणसी रूट पर 03, गोरखपुर-गाजीपुर-वाराणसी रूट पर 03, गोरखपुर-अयोध्या रूट पर 04, गोरखपुर-सोनौली रूट पर 04, गोरखपुर-महराजगंज-थूथीबाड़ी रूट पर 02, गोरखपुर-सिद्धार्थनगर रूट पर 01, गोरखपुर-पडरौना रूट पर 01 एवं गोरखपुर-तमकुही रूट पर 02 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जायेगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 19 सितम्बर, 2024



# अनुसंधान के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी न केवल देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि देश की बेटियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी आवश्यक है। राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थियों की महत्वाकांक्षाएं राष्ट्र की अपेक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए। मुर्मू ने यहां मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के 18वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और अपने संबोधन में यह बात कही। आज मैंने जो 20 स्वर्ण पदक दिए हैं उनमें से 12 पदक हमारी बेटियों ने प्राप्त किए हैं जबकि उपाधि प्राप्त करने वाले कुल विद्यार्थियों में लगभग 29 प्रतिशत ही बेटियां हैं। पदक विजेताओं में बेटियों का यह



अनुपात इस बात का प्रमाण है कि अगर उन्हें समान अवसर प्रदान किए जाएं तो वे अपेक्षाकृत अधिक उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, मैं आज उपाधि और पदक प्राप्त करने वाली सभी बेटियों को विशेष रूप से बधाई देती हूं। अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी न केवल देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारी बेटियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी आवश्यक है। यह प्रसन्नता का विषय है कि हाल के वर्षों में स्टेम (एसटीईएम) में लड़कियों के नामांकन में वृद्धि हुई है। यह भी एक सराहनीय तथ्य है कि एमएनआईटी की फैकल्टी में लगभग एक-तिहाई महिलाएं हैं। मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह अनुपात और भी बेहतर होगा।

मुर्मू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, हमने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। राष्ट्रीय विकास को नेतृत्व प्रदान करना आपका कर्तव्य है। आपको अपने देश को आगे बढ़ाना है। आप अपनी विद्या और दृढ़ संकल्प के बल पर व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ देश के भविष्य को स्वरूप प्रदान करने के लिए आगे बढ़ें। एमएनआईटी के ध्यय वाक्य योग: कर्मसु कौशलम् का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से कहा, इसका मतलब है कर्म की कुशलता ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता का यह उपदेश आपको प्रेरित करता है कि आप जो भी कार्य करें पूरी दक्षता और निष्ठा से करें। मेरा मानना है कि आपकी महत्वाकांक्षाएं राष्ट्र की अपेक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, आपके कर्मयोगी भाव से समाज और राष्ट्र की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। जो संस्थान इंस्टीट्यूशन ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस हो उसके विद्यार्थियों से नेशन फर्स्ट की भावना से कार्य करने की अपेक्षा स्वाभाविक है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान के छात्र यहां प्राप्त ज्ञान और कौशल के बल पर आने वाली चुनौतियों का सामना करने और उभरते अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के इस दौर में चुनौतियों के साथ नए-नए अवसर भी आ रहे हैं।

## ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने लेजर लाइट के इस्तेमाल को रोकने के अनुरोध संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र में त्योहारों के दौरान ध्वनि प्रदूषण और लेजर लाइट के अनियंत्रित इस्तेमाल पर अंकुश लगाने संबंधी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि राज्य में गणपति पूजा जैसे त्योहार संपन्न हो चुके हैं और इसके अलावा बंबई उच्च न्यायालय ने पहले ही इस मुद्दे पर फैसले के उल्लंघन के मामलों में संबंधित अधिकारियों को अभ्यावेदन दायर करने की अनुमति दे दी है। डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ मंगलवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, धार्मिक त्योहारों समेत सार्वजनिक समारोहों में लेजर लाइट और लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

# भारत को तीसरे या चौथे सबसे बड़े ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जक के रूप में नहीं देखा जाए : भूपेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि भारत को विश्व में ग्रीनहाउस गैसों के तीसरे या चौथे सबसे बड़े उत्सर्जक के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उसके प्रति व्यक्ति कम उत्सर्जन पर गौर किया जाना चाहिए। गुजरात के गांधीनगर में ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इनवेस्टर्स मीट एंड एक्सपो के एक सत्र में अपने संबोधन में यादव ने कहा कि दुनिया की 17 फीसदी जनसंख्या भारत में रहती है, लेकिन उसका वैश्विक कार्बन उत्सर्जन पांच प्रतिशत से भी कम है। इसके विपरीत, विकसित देशों की संयुक्त 17 प्रतिशत आबादी का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वैश्विक उत्सर्जन का 60 प्रतिशत है।

भारत को विश्व में ग्रीनहाउस गैसों के तीसरे या चौथे सबसे बड़े उत्सर्जक के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। भले ही (कुल) कार्बन उत्सर्जन के मामले में हम चौथे या पांचवें स्थान



पर हैं, लेकिन हमारा प्रति व्यक्ति उत्सर्जन विकसित देशों की तुलना में काफी कम है।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जब जीवाश्म ईंधन के उपयोग की बात आती है, तो भारत सहित विकासशील देशों का मानना है कि उनकी अब भी महत्वपूर्ण विकास आवश्यकताएं हैं और इसलिए, साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों के सिद्धांत को इस मुद्दे पर बातचीत का आधार बनाना चाहिए। इस सिद्धांत में इस तथ्य को स्वीकारा गया है कि वैसे तो जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर ध्यान देने की जिम्मेदारी सभी देशों की है, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर विकसित देशों का वैश्विक उत्सर्जन में अधिक हाथ रहा है और उनके पास इस समस्या के समाधान के वास्ते अधिक वित्तीय एवं प्रौद्योगिकी क्षमताएं भी हैं।

विकासशील देशों की दलील है कि चूंकि गरीबी उन्मूलन एवं बुनियादी ढांचा विकास के तौर पर उनकी बड़ी विकास जरूरतें हैं, जिनके लिए उन्हें निकट भविष्य में जीवाश्म ईंधन के निरंतर उपयोग की जरूरत हो सकती है। वे समता एवं निष्पक्षता की वकालत करते हैं ताकि स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने के लिए और समय तथा सहयोग का अनुरोध करते हैं, ताकि उनकी विकास जरूरतों की पूर्ति हो सके। यादव ने कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निम्न-कार्बन विकास रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है।

# सरकार के कुकी और मैतेई समूह से बातचीत के कोई सबूत नहीं : कांग्रेस

**इंफाल।** कांग्रेस की मणिपुर इकाई ने बुधवार को दावा किया कि राज्य में जातीय संघर्ष को सुलझाने के लिए कुकी और मैतेई समूहों के साथ सरकार की बातचीत के कोई सबूत नहीं हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा था कि सरकार स्थाई शांति सुनिश्चित करने के लिए मैतेई और कुकी समूहों के साथ बातचीत कर रही है और घुसपैठ को रोकने के लिए म्यांमा से लगी देश की सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू कर दिया गया है, जो समस्या का मूल कारण है।

मणिपुर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष देवब्रत सिंह ने गृह मंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, शाह ने दावा किया है कि सरकार राज्य में संकट के समाधान के लिए मैतेई और कुकी समूहों के साथ बातचीत कर रही है। लेकिन ऐसी बातचीत के कोई सबूत नहीं हैं। उनके बयान में पारदर्शिता का अभाव है। कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार से एक कथित आधिकारिक दस्तावेज के बारे में भी स्पष्टीकरण मांगा, जिस पर कथित तौर पर मुख्यमंत्री के सचिव एन ज्योफ्रे ने हस्ताक्षर किए हैं। डीजीपी को संबोधित दस्तावेज में कहा गया है कि 900 प्रशिक्षित कुकी उग्रवादी इंफाल घाटी से सटे पहाड़ों पर चले गए हैं और 28 सितंबर के आसपास मैतेई गांवों पर समन्वित हमले करने की योजना बना रहे हैं। आधिकारिक दस्तावेज ने इंफाल घाटी के सीमांत क्षेत्रों में दहशत पैदा कर दी है और जानमाल की सुरक्षा के लिए बंकरों के निर्माण की खबरें आई हैं। हम इस बारे में मुख्यमंत्री और उनके सचिव से स्पष्टीकरण की मांग करते हैं। इंफाल घाटी में रहने वाले मैतेई और समीपवर्ती पहाड़ियों के निवासी कुकी लोगों के बीच पिछले वर्ष मई में शुरू हुई जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं।

# आरक्षण पर टिप्पणी के लिए राहुल की जुबान दाग दी जानी चाहिए: बोंडे

**अमरावती।** भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल बोंडे ने विवादास्पद बयान देते हुए कहा है कि राहुल गांधी की जुबान दाग दी जानी चाहिए क्योंकि उन्होंने आरक्षण के बारे में जो कहा है वह खतरनाक है। विपक्षी दलों ने अनिल बोंडे की इस विवादित टिप्पणी की आलोचना की। बोंडे ने यह टिप्पणी बुलढाणा से शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ के उस बयान के बाद की है जिसमें उन्होंने आरक्षण को लेकर राहुल गांधी के बयान के लिए उनकी जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। अमेरिका की अपनी हाल की यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से कहा था कि कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे। उन्होंने कहा था, भारत में ऐसी स्थिति नहीं है।

भाजपा नेता बोंडे ने गायकवाड़ के राहुल गांधी की जीभ काटने संबंधी बयान पर महाराष्ट्र के अमरावती में मंगलवार को प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, जीभ काटने की भाषा उचित नहीं है लेकिन राहुल जी ने आरक्षण के खिलाफ जो कहा वह खतरनाक है।

इसलिए अगर कोई विदेश में कुछ भी बेतुका बोलता है तो उसकी जीभ काटने की बजाय दाग दी जानी चाहिए। ऐसे लोगों की जीभ दागना तो जरूरी ही है चाहे वह राहुल गांधी हों, ज्ञानेश महाराव हों या श्याम मानव हों या फिर बहुजनों और बहुसंख्यकों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले लोग ही क्यों न हों। लेखक महाराव पर हाल में हिंदू देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है, जबकि मानव अंधविश्वास विरोधी कार्यकर्ता हैं। विपक्षी दलों ने बोंडे की इस टिप्पणी की कड़ी आलोचना की।

सांसद को अपनी ही पार्टी भाजपा से इस बयान को लेकर समर्थन नहीं मिला। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वह राहुल गांधी के खिलाफ बोंडे और शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ के बयानों का समर्थन नहीं करते। हालांकि राहुल गांधी को भारत विरोधी बयान देने से बचना चाहिए और उनसे आरक्षण के मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। बावनकुले ने कहा, मैं शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ और भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल बोंडे द्वारा दिए गए बयानों का समर्थन नहीं करता हूं। उन्हें भविष्य में ऐसे बयान देने से बचना चाहिए।

गायकवाड़ ने आरक्षण के संदर्भ में टिप्पणी करने वाले राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा करके विवाद खड़ा कर दिया था, जबकि बोंडे ने कहा कि कांग्रेस नेता की जीभ को दाग दिया जाना चाहिए। कांग्रेस के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बोंडे के खिलाफ कार्वाई की मांग को लेकर अमरावती पुलिस आयुक्तालय के बाहर प्रदर्शन दिया। अमरावती के सांसद बलवंत वानखड़े, अमरावती विधायक यशोमति ठाकुर और पूर्व मंत्री सुनील देशमुख समेत कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए। बोंडे के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

## बोंडे के खिलाफ मामला दर्ज

**अमरावती।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में विवादित बयान देने के लिए बुधवार को भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल बोंडे के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। शहर के पुलिस आयुक्त के कार्यालय के बाहर अमरावती के सांसद बलवंत वानखेड़े, विधायक यशोमति ठाकुर, पूर्व मंत्री सुनील देशमुख समेत कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के धरने के बाद बोंडे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। अमरावती के राजापेठ थाने में सांसद अनिल बोंडे के खिलाफ धारा 192 (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर उकसाना), धारा 351 (2) (जानबूझकर किसी अन्य व्यक्ति को आपराधिक बल के प्रयोग के लिए विवश करना) और 356 (मानहानि के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## लाउडस्पीकर अगर गणेशोत्सव पर हानिकारक हैं तो ईद पर भी नुकसानदेह हैं: उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि यदि गणेश उत्सव के दौरान स्वीकार्य स्तर से अधिक लाउडस्पीकरों और ध्वनि प्रणालियों का प्रयोग हानिकारक है, तो ईद-मिलाद-उन-नबी के जुलूसों के दौरान भी इसका वही प्रभाव होगा। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने ईद-मिलाद-उन-नबी के जुलूसों के दौरान डीजे, लेजर लाइट आदि के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध वाली कई जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। जनहित याचिकाओं मे दावा किया गया है कि न तो कुरान और न ही हदीस (धार्मिक पुस्तकों) में डीजे सिस्टम और लेजर लाइट के उपयोग का जिक्र है। पीठ ने गणेश उत्सव से ठीक पहले, पिछले महीने पारित आदेश का हवाला दिया, जिसमे त्योहारों के दौरान ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत उल्लेखित सीमा से अधिक शोर करने वाली ध्वनि प्रणालियों और लाउडस्पीकरों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकील ओवैस पेचकर ने अदालत से अपने पहले के आदेश में ईद को भी जोड़ने की अपील की, जिस पर पीठ ने कहा कि इसकी आवश्यकता नहीं है क्योंकि आदेश में सार्वजनिक त्योहारका उल्लेख किया गया है। अदालत ने याचिकाओं का निपटारा करते हुए कहा, यदि यह गणेश चतुर्थी के मौक पर हानिकारक है, तो ईद पर भी हानिकारक है। लेजर लाइट के इस्तेमाल पर पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे मनुष्यों पर ऐसी लाइटों के हानिकारक प्रभावों के बारे में वैज्ञानिक सबूत दिखाएं। पीठ ने कहा कि ऐसी याचिकाएं दायर करने से पहले उचित शोध किया जाना चाहिए। आपने शोध क्यों नहीं किया? जब तक वैज्ञानिक रूप से यह साबित नहीं हो जाता कि इससे मनुष्यों को नुकसान होता है, हम ऐसे मुद्दे पर कैसे निर्णय ले सकते हैं? पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को प्रभावी निर्देश देने के सिलसिले में अदालतों की मदद करनी चाहिए। पीठ ने कहा, यही समस्या है। जनहित याचिका दायर करने से पहले आपको बुनियादी शोध करना चाहिए। आपको प्रभावी निर्देश देने के सिलसिले में अदालत की सहायता करनी चाहिए। हम विशेषज्ञ नहीं हैं। हमें लेजर का एल भी नहीं पता है।

## जवान ने की गोलीबारी, दो जवानों की मृत्यु, दो अन्य घायल

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक जवान द्वारा अपनी सर्विस राइफल से गोलीबारी किए जाने के कारण दो जवानो की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के सामरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूताही गांव में स्थित सीएएफ के 11वी बटालियन के शिविर में आज सुबह जवान अजय सिदार ने अपनी सर्विस इंसास राइफल से गोलीबारी कर दी। इस घटना में जवान रूपेश पटेल और संदीप पांडेय की मौत हो गई तथा जवान अंबुज शुक्ला और राहुल बघेल घायल हो गए। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में झारखंड की सीमा से लगे क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों को देखते हुए भुताही गांव मे सीएएफ का शिविर बनाया गया है। भुताही शिविर मे सीएएफ की 11 वी बटालियन तैनात है। बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे सीएएफ जवान अजय सिदार ने सर्विस इंसास राइफल से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में चार जवानों को गोली लगी। गोली लगने से जवान रूपेश पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। जब तीन घायल जवानो को अस्पताल पहुंचाया जा रहा था तब संदीप पांडेय ने रास्ते में दम तोड़ दिया। सरगुजा क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग ने बताया कि घटना के बाद गोलीबारी करने वाले जवान सिदार को पकड़ लिया गया है तथा उससे पूछताछ की जा रही है। गर्ग ने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है।

## वाराणसी की अदालत ने अखिलेश यादव, असदुद्दीन औवेसी के खिलाफ प्राथमिकी वाली याचिका खारिज की

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश मे वाराणसी की एक स्थानीय अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर मे पाए गए शिवलिंग के बारे में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता हरिशंकर पांडे ने तर्क दिया कि अखिलेश यादव और असदुद्दीन ओवैसी ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति और लगभग दो हजार व्यक्तियों के साथ मिलकर कथित शिवलिंग को बार-बार फव्वारा बताया था, जिससे हिंदू भावनाओ को ठेस पहुंची है। पांडे ने अपनी याचिका मे दोनो नेताओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पांडे ने पीटीआई-भाषा से कहा, वरिष्ठ न्यायाधीश सिविल डिवीजन विनोद कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की याचिका खारिज कर दी। मामले की सुनवाई मंगलवार को अदालत मे हुई थी, लेकिन आदेश की कॉपी हमे बुधवार को मिली। पांडे ने संकेत दिया है कि अब वह इस फैसले को उच्च न्यायालय मे चुनौती देंगे। पांडे ने बताया कि इससे पहले उन्होने इस संबंध मे निचली अदालत मे याचिका दायर की थी, जिसे भी खारिज कर दिया गया था।

## सेना ने पहाड़ी इलाकों में बचाव और राहत अभियान को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए

**नई दिल्ली।** भारतीय थलसेना ने पहाड़ी इलाकों में अपने बचाव और राहत कार्यों को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत एक बुधवार को प्रमुख संगठन के साथ समझौता किया। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज में तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू (टीएमआर) के साथ सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता पहाड़ी इलाकों में भारतीय सेना के राहत और बचाव अभियानों के संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सहमति पत्र में यह प्रावधान है कि टीएमआर सेना के प्रशिक्षकों के लिए अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में भारतीय सेना के साथ सहयोग करेगा, जिसका उद्देश्य हिमस्खलन बचाव एवं बचाव कौशल में सैनिकों को प्रशिक्षित करने की सेना की क्षमता में सुधार करना है। सेना प्रमुख ने अपने संबोधन में टीएमआर के प्रयासों और इस समझौते की सराहना की।

## कारखाने बंद होने, नौकरियां जाने से गंभीर संकट का सामना कर रहा है हीरा क्षेत्र

**नई दिल्ली।** भारत का हीरा क्षेत्र गंभीर संकट का सामना कर रहा है क्योंकि पिछले तीन वर्षों में आयात तथा निर्यात दोनों में भारी गिरावट आने से भुगतान में चूक, कारखाने बंद होने और बड़े पैमाने पर नौकरियां जाने की स्थिति उत्पन्न हुई है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने बुधवार को यह बात कही। आर्थिक शोध संस्थान ने बयान में कहा कि निर्यात आय में वृद्धि हुई है, लेकिन ऑर्डर में कमी तथा प्रयोगशाला में बनने वाले हीरों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण अप्रसंस्कृत कच्चे हीरों का भंडार बढ़ रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, इससे भुगतान में चूक, कारखाने बंद होने और बड़े पैमाने पर नौकरियां जाने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दुख की बात यह है कि गुजरात के हीरा उद्योग से जुड़े 60 से अधिक लोगों ने आत्महत्या की है, जो भारत के हीरा उद्योग पर पड़ रहे गंभीर वित्तीय तथा भावनात्मक दबाव को दर्शाता है।

इन समस्याओं के समाधान तथा क्षेत्र के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। आर्थिक शोध संस्थान के आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में 18.5 अरब अमेरिकी डॉलर से 2023-024 में 14 अरब अमरीकी डॉलर तक कच्चे हीरे के आयात में 24.5 प्रतिशत की गिरावट कमजोर वैश्विक बाजारों और कम प्रसंस्करण ऑर्डर (ठेकों) को दर्शाती है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने वैश्विक हीरा आपूर्ति श्रृंखला को भी प्रभावित किया है। रूस एक प्रमुख कच्चा हीरा उत्पादक है, उस पर प्रतिबंधों ने व्यापार को और जटिल बना दिया है तथा वैश्विक हीरा व्यापार को धीमा कर दिया है। श्रीवास्तव ने कहा कि प्रयोगशाला में तैयार किए गए हीरों की ओर उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग प्राकृतिक हीरों की मांग को प्रभावित कर रही है। ऐसा माना जाता है कि प्रयोगशाला में बने हीरे अधिक किफायती तथा टिकाऊहोते हैं।

# नेहरू-गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों ने आरक्षण का विरोध किया: बावनकुले

**नागपुर।** भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और राजीव गांधी समेत नेहरू-गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों के नेताओं पर आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत विरोधी बयान देने से बचना चाहिए और उनसे आरक्षण के मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। बावनकुले ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वह राहुल गांधी के खिलाफ अपनी पार्टी के राज्यसभा सदस्य अनिल बोंडे और शिव सेना विधायक संजय गायकवाड़ के बयानों का समर्थन नहीं करते हैं।

गायकवाड़ ने आरक्षण के संदर्भ में टिप्पणी करने वाले राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा करके विवाद खड़ा कर दिया, जबकि बोंडे ने कहा कि कांग्रेस नेता की जीभ को दाग दिया जाना चाहिए। इन टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर बावनकुले ने कहा, मैं शिव सेना विधायक संजय गायकवाड़ और भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल बोंडे के बयानों का समर्थन नहीं करता। उन्हें दोबारा इस तरह के बयान देने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, लेकिन राहुल गांधी को भी सावधानी से बात करनी चाहिए और भारत विरोधी बयान नहीं देने चाहिए। उनकी यह आदत है, जो हम तीन पीढ़ियों से देख रहे हैं। जवाहरलाल नेहरू ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा एससी एसटी समुदायों को आरक्षण दिए जाने का विरोध करते हुए कहा था कि यह विकास के रास्ते में एक बाधा है। इसी तरह राजीव गांधी ने भी यह कहते हुए आरक्षण का विरोध किया था कि बुद्धिहीनों को आरक्षण की जरूरत होती है।

उन्होंने कहा कि अब उनकी तीसरी पीढ़ी से एक सदस्य राहुल गांधी अमेरिका जाते हैं और कहते हैं कि वे आरक्षण खत्म कर देंगे।

बावनकुले ने राहुल गांधी से महाराष्ट्र का दौरा करने से पहले आरक्षण पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम डबल इंजन सरकार के एजेंडे के साथ लोगों तक पहुंच रहे हैं क्योंकि केंद्र और राज्य मिलकर महाराष्ट्र के 14 करोड़ लोगों के कल्याण और विकास के लिए काम करेंगे और विकास करेंगे। भाजपा नेता ने विपक्ष पर आदिवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी इस समुदाय को मुख्यधारा में लाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने आदिवासी क्षेत्रों में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की जो कांग्रेस शासन के दौरान उन्हें नहीं मिलीं।

# पेज 1 का शेष

## एक देश...

वर्तमान में, ईसीआई लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए जिम्मेदार है, जबकि नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए स्थानीय निकाय चुनाव राज्य चुनाव आयोगों द्वारा प्रबंधित किए जाते हैं। पैनल ने कुल 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की है, जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता नहीं होगी। हालाँकि, इनके लिए कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित किया जाना होगा। एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों को कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, विधि आयोग भी जल्द ही एक साथ चुनावों पर अपनी रिपोर्ट लेकर आने वाला है, जिसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रबल समर्थक रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि विधि आयोग सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं और पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है।

## जम्मू कश्मीर...

पीके पोल ने बताया कि सात जिलों में से किश्तवाड़ में सबसे अधिक 77.23 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि डोडा में 69.33 प्रतिशत और रामबन में 67.71 प्रतिशत मतदान हुआ। चेनाब घाटी क्षेत्र में भाजपा गठबंधन सहयोगियों और नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस पार्टी के साथ सीधी टक्कर है। आठ विधानसभा क्षेत्रों में से तीन विधानसभा सीटों इंदरवाल, किश्तवाड़ और पद्दर नागसेंत में कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। इंदरवाल विधानसभा क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, जबकि किश्तवाड़ सीट पर 75 प्रतिशत से अधिक और पद्दर नागसेनी में 77 प्रतिशत मतदान हुआ। किश्तवाड़ के बागवान मोहल्ला में एक मतदान केंद्र पर मतदान के दौरान दो प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों के बीच झड़पें हुईं। किश्तवाड़ के डीएम राजेश कुमार शवन ने कहा, पहचान को लेकर कुछ समस्या थी, एक व्यक्ति के पास पहचान पत्र नहीं था। हालांकि बाद में स्थिति सामान्य होने पर मतदान फिर से शुरू हो गया। कश्मीर घाटी में, दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, जिसके बाद अनंतनाग में शाम 6 बजे तक 54.17 प्रतिशत मतदान हुआ। शोपियां और पुलवामा, जो आतंकवाद के गढ़ रहे हैं, में 53.64 प्रतिशत और 46 प्रतिशत मतदान हुआ।

## मध्य दिल्ली...

उन्होंने कहा, हम बीएनएस की धारा 106 (लापरवाही से मौत का कारण बनना) और 290 (इमारतों को गिराने, मरम्मत करने या निर्माण करने आदि के संबंध में लापरवाही) के तहत कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। आगे की जांच जारी है। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह इलाका विशेष क्षेत्र श्रेणी में आता है। हालांकि इमारत के गिरने का कारण पता नहीं चल सका है। रखरखाव विभाग द्वारा किए गए प्री मानसून सर्वेक्षण के दौरान इमारत को खतरनाक स्थिति में नहीं पाया गया था। उन्होंने कहा कि न तो कोई नया निर्माण कार्य किया जा रहा था और न ही ढहे परिसर के आसपास या अंदर कोई निर्माण सामग्री पाई गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के अनुसार, सुबह 9.11 बजे इमारत ढहने की सूचना देने वाला एक कॉल आया, जिसके बाद पांच दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इससे पहले, दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री आतिशी ने जिला अधिकारियों को इलाके में रहने वाले लोगों को हरसंभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया। आतिशी ने कहा, मैंने हादसे के संबंध में मेयर से भी बात की है। इस साल काफी बारिश हुई है, मेरी सभी दिल्ली वासियों से अपील है कि अगर निर्माण से जुड़ी किसी दुर्घटना की आशंका है तो तुरंत प्रशासन और निगम को सूचित करें, सरकार तुरंत आपकी मदद करेगी। हालांकि, यह कोई अकेला मामला नहीं है, हाल ही में 13 सितंबर को दिल्ली के नबी करीम इलाके में एक इमारत का हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। 2 अगस्त को उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में दो मंजिला इमारत का हिस्सा गिरने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई थी। आप सरकार और नगर निगम पर निशाना साधते हुए दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने मृतकों के लिए एक करोड़ रुपये और घायलों के लिए पांच-पांच लाख रुपये मुआवजे की मांग की।

## डॉक्टरों...

डॉक्टर ने कहा, प्रमुख स्वास्थ्य सचिव को हटाने के अलावा उन्होंने भयमुक्त माहौल और बेहतर बुनियादी ढांचे की भी मांग की थी, जिसमें केंद्रीय रेफरल प्रणाली, पर्याप्त संख्या में बेड्स, सीसीटीवी कैमरे लगाना, डॉक्टरों के लिए अच्छी तरह से संरक्षित विश्राम कक्ष और ऑन-कॉल रूम में पैनिक बटन शामिल हैं, ताकि व्यवस्था लगभग फुलप्रूफ हो सके। डॉक्टर ने कहा, वे केवल डॉक्टरों के हितों के लिए ही नहीं बल्कि लोगों के हितों के लिए भी आंदोलन कर रहे हैं क्योंकि एक्स-रे और सीटी स्कैन मशीनों, एमआरआई, पर्याप्त बिस्तरों और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण अक्सर डॉक्टरों और मरीजों के बीच गलतफहमी पैदा होती है। केंद्रीकृत रेफरल प्रणाली की कमी से केवल दलाल राज को बढ़ावा मिलता है जो मरीजों को अस्पताल के बेड्स बेचने में लिप्त हैं। मरीजों को बिस्तर के लिए एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल भागना पड़ता है और इलाज का महत्वपूर्ण समय बर्बाद होता है। इससे अक्सर मरीज, तीमारदार और डॉक्टरों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा होती है। इसके अलावा अधिकांश अस्पताल और मेडिकल कॉलेज परिसरों पर (राजनीतिक) बाहुबलियों का नियंत्रण है जो अपने संपर्कों के बल पर जूनियर और अन्य डॉक्टरों का शोषण करते हैं। उनसे जबरन वसूली करते हैं और उन्हें धमकाते हैं। यह व्यवस्था खत्म होनी चाहिए। गत सोमवार की बैठक में ये सभी मुद्दे उठाए थे। उन्होंने कहा, पहले दिन से ही सुरक्षा से संबंधित डॉक्टरों की चिंताओं का समर्थन किया है और मैंने हमेशा यह कहा है कि कुछ को छोड़कर उनकी अधिकांश चिंताएं वैध, समझदारीपूर्ण और न्यायोचित हैं।

## भारत ने...

भारत ने समीक्षा की मांग के पीछे एक कारण सीमापार से लगातार जारी आतंकवाद का प्रभाव भी बताया है। एक सूत्र ने कहा, यह अधिसूचना किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं के संबंध में एक अलग लंबे समय से चले आ रहे विवाद की पृष्ठभूमि में जारी की गई थी। इस संबंध में, विश्व बैंक ने एक ही मुद्दे पर तटस्थ-विशेषज्ञ तंत्र और मध्यस्थता न्यायालय दोनों को एक साथ सक्रिय कर दिया है। सूत्र ने कहा, इसलिए भारतीय पक्ष ने संधि के तहत विवाद समाधान तंत्र पर पुनर्विचार करने का भी आह्वान किया है। भारत ने विवाद को सुलझाने के लिए मध्यस्थता न्यायालय की प्रक्रिया में सहयोग नहीं किया है। नई दिल्ली का मानना है कि विवाद को सुलझाने के लिए दो समवर्ती प्रक्रियाओं की शुरुआत सिंधु जल संधि में निर्धारित तीन-चरणीय क्रमिक तंत्र के प्रावधान का उल्लंघन है। भारत तटस्थ-विशेषज्ञ कार्यवाही के माध्यम से विवाद के समाधान पर जोर दे रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस अधिसूचना के साथ भारत ने पाकिस्तान से सरकार से सरकार की वार्ता शुरू करने का आह्वान किया है ताकि अनुच्छेद 12(3) के प्रावधानों के तहत संधि की समीक्षा की जा सके। यह घटनाक्रम किशनगंगा और रतले हाइड्रो परियोजनाओं से संबंधित एक अलग लंबे समय से चले आ रहे विवाद की मद्देनजर भेजा गया है। भारतीय अधिकारियों का मानना है कि पाकिस्तान भारतीय पक्ष की सभी परियोजनाओं के बारे में अनिवार्य रूप से बाधा डालता रहा है और उसने सिंधु जल संधि के तहत भारत की उदारता का अनुचित लाभ उठाया है।

## देश के...

दक्षिणी राज्यों के समूह - जिसमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु शामिल हैं, इन राज्यों ने अपनी प्रति व्यक्ति आय को राष्ट्रीय औसत से अधिक तेजी से बढ़ते देखा गया है, जिससे उनके सापेक्ष आय के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 1990-91 में, इन सभी दक्षिणी राज्यों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम थी, जिसके परिणामस्वरूप सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय 100 से भी कम थी। अध्ययन में कहा गया कि हालांकि, आर्थिक उदारीकरण के बाद पहले दशक के भीतर, इनमें से प्रत्येक राज्य की सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय 100 को पार कर गई और उसके बाद तेजी से बढ़ती रही। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश का प्रक्षेप पथ भी ऐसा ही रहा है। 1960 के दशक से नीचे की ओर जाने वाली उत्तर प्रदेश की सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय पिछले कुछ वर्षों में स्थिर हुई है।

# सरकार ने पीएम-आशा योजना को जारी रखने की मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार ने किसानों** को बेहतर मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमत में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए 35,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ पीएम-आशा योजना को जारी रखने की मंजूरी दी है। एक सरकारी बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमत में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) की योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दी गई। इसमें कहा गया है कि 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान 2025-26 तक कुल वित्तीय व्यय 35,000 करोड़ रुपए का होगा। सरकार ने किसानों और उपभोक्ताओं को अधिक कुशलता से सेवा प्रदान करने के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) और मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) योजनाओं को पीएम-आशा में एकीकृत किया है। सरकार ने कहा, पीएम-आशा की एकीकृत योजना, कार्यान्वयन में अधिक प्रभावशीलता लाएगी, जो न केवल किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य प्रदान करने में मदद करेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करके आवश्यक वस्तुओं

## किसानों को बेहतर दाम उपलब्ध कराने की मंशा होगी पूरी



की मूल्य अस्थिरता को भी नियंत्रित करेगी। पीएम-आशा में अब मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस), मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ), मूल्य घाटा भुगतान योजना (पीओपीएस) और बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के घटक होंगे। पीएम-आशा किसानों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक योजना है। पीएसएस के तहत, सत्र 2024-25 से एमएसपी पर अधिसूचित दलहन, तिलहन और नारियल गरी की खरीद राष्ट्रीय उत्पादन का 25 प्रतिशत होगी। इससे राज्यों को संकट बिक्री को रोकने के लिए किसानों से एमएसपी पर इन फसलों की अधिक खरीद करने में मदद मिलेगी। सरकार ने कहा, हालांकि, सत्र 2024-25 के लिए अरहर, उड़द और मसूर के मामले में यह सीमा लागू नहीं होगी क्योंकि 2024-25 सत्र के दौरान अरहर, उड़द और मसूर की 100 प्रतिशत खरीद होगी, जैसा कि पहले तय किया गया था। केंद्र ने एमएसपी पर अधिसूचित दलहन, तिलहन और नारियल गरी (खोपरा) की खरीद के लिए मौजूदा सरकारी गारंटी को नवीनीकृत और बढ़ाकर 45,000 करोड़ रुपए कर दिया है।

### पीएम-आशा जारी रखने से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलेगा, उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजनाओं को जारी रखने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से न केवल किसानों को अपनी फसल का लाभकारी मूल्य मिलेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा।प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए पीएम-आशा योजनाएं जारी रखने की मंजूरी दे दी।इस पर 15वें वित्त आयोग के दौरान 2025-26 तक 35,000 करोड़ रुपए का कुल वित्तीय व्यय होगा।मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अपने किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए हम निरंतर बड़े कदम उठा रहे हैं। इसी कड़ी में आज हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान को स्वीकृति दी है। इससे न केवल किसानों को अपनी फसल का लाभकारी मूल्य मिलेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा। सरकार ने किसानों और उपभोक्ताओं को अधिक कुशलता से सेवा प्रदान करने के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) और मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) योजनाओं को पीएम-आशा में एकीकृत किया है।मंत्रिमंडल ने रबी फसल सत्र 2024 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश (पी एंड के) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने के उद्देश्य से रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की।इसका उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि किसान भाई-बहनों को निरंतर सस्ती दरों पर खाद की आपूर्ति जारी रहे, इसके लिए 2024 के रबी फसल सत्र के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी की दरों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

### गांगुली ने साइबर धमकी को लेकर शिकायत दर्ज कराई

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली ने साइबर धमकी और मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है जिसकी जांच बुधवार को कोलकाता पुलिस ने शुरू कर दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गांगुली की सचिव ने मंगलवार की रात कोलकाता पुलिस के साइबर अनुभाग को एक ईमेल भेज कर शिकायत दर्ज कराई। उन्होने बताया कि सचिव ने ई-मेल के साथ एक वीडियो लिंक भी साझा किया है। अधिकारी ने बताया, हमें ई-मेल मिला है और हम पूरे प्रकरण को देख रहे है। गांगुली की सचिव ने ईमेल में लिखा, मै मृण्मय दास नाम के एक व्यक्ति से जुड़ा साइबर धमकी और मानहानि का मामला आपके संज्ञान में लाने के लिए लिख रही हूं।

### तमिलनाडु : पुलिस मुठभेड़ में मारा गया हिस्ट्री शीटर

**चेन्नई।** तमिलनाडु में 50 से अधिक गंभीर आपराधिक मामलो मे लिप्त एक हिस्ट्री शीटर ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में वह मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तर) प्रवेश कुमार ने घटना के सिलसिले में जानकारी देते हुए यहां संवाददाताओं को बताया कि तड़के साढ़े चार बजे वाहन जांच के दौरान पुलिस ने उत्तरी चेन्नई के एक इलाके में एक कार को रोका।उन्होने बताया कि कार मे आगे की ओर बैठा एक व्यक्ति अपने बैग में रखे सामान के बारे में सवाल का जवाब देने के लिए हिचकिचाते हुए गाड़ी से बाहर निकला जबकि गाड़ी चला रहा व्यक्ति वाहन की गति बढ़ा कर भाग निकला। इस घटना के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज करके एक मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए है।

### सिस्टमेटिक्स ने जुटाए 103.12 करोड़ रुपये

**मुंबई।** सिस्टमेटिक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड ने 1531 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर इक्विटी शेयरों के प्रेफेरेंशियल अलॉटमेंट के माध्यम से 103.12 करोड़ रुपये की फंड जुटाने की घोषणा की है। यह कंपनी की स्ट्रेटेजिक और ऑपरेशन में अपने इन्वेस्टर्स के विश्वास और भरोसे को मजबूत करता है। सिस्टमेटिक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक निखिल खंडेलवाल ने कहा कि इस फंड का जुटाया जाना हमारे विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें अपनी विकास पहलों को तेज करने और एक प्रशंसित भारतीय वित्तीय सेवा कंपनी बनाने के हमारे इरादे को और मजबूती देता है। सिस्टमेटिक्स ईसीएम और आईबी में अपनी क्षमताओं को बदलने के साथ ही पीएमएस और ब्रोकरेज व्यवसायों की वृद्धि को तेज कर रही है। ऑल्टर्नेट इनवेस्टमेंट फंड्स और वेल्थ मैनेजमेंट की नई विकास पहलों का फायदा मिलने में सक्षम है। यह हमारे कॉर्पोरेट क्लाइंट्स के लाइफसाइकल पार्टनर होने के हमारे प्रिंसिपल से मेल खाता है। बेलग्रेव इन्वेस्टमेंट फंड, मधुकर चिमनलाल शेठ, ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेडए सिद्धार्थ अय्यर निखिल वोरा एचयूएफ, कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेडए स्काई हॉक वेंचर्स, को प्रेफेरेंशियल शेयर अलॉट किए जाएंगे।

### मप्र: बैंक के अंदर गोलीबारी में तीन घायल, 71 हजार लूटे

**नीमच।** मध्यप्रदेश के नीमच जिले मे बुधवार दोपहर दो लोगो ने एक ग्रामीण बैंक की शाखा के अंदर गोलीबारी कर तीन लोगो को घायल कर दिया और 71,000 रुपए लेकर भाग निकले। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंकित जायसवाल ने बताया कि अपराधी बिना किसी संदेह के सामान्य ग्राहकों की तरह बैंक मे घुसे और परिसर के अंदर घुसते ही उनमें से एक ने बंदूक निकालकर गोलीबारी शुरू कर दी।अधिकारी ने बताया कि घटना में बैंक का एक कर्मचारी और दो महिलाएं घायल हो गईं।उन्होंने बताया कि अफरा-तफरी मचने पर दोनों बदमाश बैंक से 71 हजार रुपए लूटकर भाग निकले। अधिकारी ने बताया कि अपराध मे शामिल लोगों की पहचान के लिए बैंक की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# पीएंडके उर्वरकों पर रबी सत्र के लिए 24,475 करोड़ सब्सिडी की मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार ने किसानों को** सस्ती दरों पर फसल पोषक तत्व मुहैया कराने के लिए बुधवार को आगामी रबी फसल सत्र के लिए फॉस्फेट एवं पोटाश (पीएंडके) से युक्त उर्वरकों पर 24,474.53 करोड़ रुपए की सब्सिडी देने को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने रबी सत्र-2024 (अक्टूबर, 2024 से मार्च, 2025 तक) के लिए पीएंडके उर्वरकों पर पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, रबी सत्र 2024 के लिए अस्थाई बजटीय जरूरत लगभग 24,475.53 करोड़ रुपए होगी। इस निर्णय का उद्देश्य किसानों को सब्सिडी-युक्त, किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। सरकार उर्वरक निर्माताओं। आयातकों के जरिए किसानों को सब्सिडी कीमत पर 28 किस्मों के पीएंडके उर्वरक उपलब्ध करा रही है। पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी एक अप्रैल, 2010 से लाई गई एनबीएस योजना से नियंत्रित होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, इस कदम से किसानों की खेती की लागत भी कम होगी। किसान भाइयों और बहनों को सस्ती दरों पर उर्वरकों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हमने 2024 के रबी सत्र के लिए एनबीएस दरों को मंजूरी दी है। रसायन और उर्वरक मंत्री जगत



प्रकाश नड्डा ने एक पोस्ट में कहा कि यह अहम निर्णय किसानों को सब्सिडी-युक्त और उचित मूल्यों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ रबी फसल की उपज बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहन देगा। बयान के मुताबिक, उर्वरकों और उनमें इस्तेमाल होने वाले यूरिया, डीएपी, एमओपी और सल्फर की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हाल के रुझानों को देखते हुए सरकार ने पीएंडके उर्वरकों पर रबी सत्र 2024 के लिए एनबीएस दरों को मंजूरी देने का फैसला किया है। बयान में कहा गया है कि उर्वरक कंपनियों को एन (नाइट्रोजन), पी (फास्फोरस) और के (पोटाश) की स्वीकृत और अधिसूचित दरों के अनुरूप सब्सिडी प्रदान की जाएगी ताकि किसानों को सस्ती कीमतों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जा सकें।

### प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल ने बुधवार को देशभर में जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिकस्थिति में सुधार के लिए 79,156 करोड़ रुपए के बजट के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 63,000 आदिवासी बहुल गांवो के पांच करोड़ आदिवासी परिवारों को सभी सरकारी लाभ प्रदान करना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इस अभियान के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशो के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉक को शामिल किया जाएगा। बयान के अनुसार अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) की सफलता के आधार पर आदिवासी क्षेत्रों और समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाओं के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतर को दूर करना है।प्रत्येक मंत्रालय या विभाग अगले पांच वर्षो मे अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना के तहत उन्हें आवंटित धन का उपयोग करके समयबद्ध तरीके से अपने क्षेत्र से संबंधित योजनाओं को लागू करने के लिए जिम्मेदार होगा।

# सरकार बढ़ाएगी पीएमजीकेएवाई के तहत गेहूं का आवंटन

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार ने गेहूं की** कीमतों को स्थिर करने के प्रयास के तहत बुधवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के लाभार्थियों को अक्टूबर से गेहूं का आवंटन बढ़ाने की घोषणा की।खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की 100 दिन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मंत्रियों की एक समिति ने पीएमजीकेएवाई के तहत अतिरिक्त 35 लाख टन गेहूं के लिए मंजूरी दी है।उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह बढ़ा हुआ आवंटन मार्च, 2025 तक जारी रहेगा। इससे संभवत: योजना के तहत गेहूं-चावल अनुपात को बहाल करने का प्रयास



किया जा सकेगा।यह पूछे जाने पर कि क्या इस बढ़ी हुई मात्रा से गेहूं-चावल का अनुपात बहाल हो जाएगा, सचिव ने कहा, यह अब भी सामान्य मात्रा से 10-20 लाख टन कम होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य के घटनाक्रमों के आधार पर आवंटन की समीक्षा की जा सकती है।सरकार ने कम घरेलू उत्पादन से आपूर्ति घटने के कारण मई, 2022 म पीएमजीके एवाई के तहत गेहूं का आवंटन 1.82 करोड़ टन से घटाकर 71 लाख टन करते हुए चावल का आवंटन बढ़ा दिया था।चोपड़ा ने पिछले साल के 11.29 करोड़ टन के बंपर उत्पादन का हवाला देते हुए कहा है कि फिलहाल गेहूं की उपलब्धता पर्याप्त है। उन्होंने कहा, उद्योग के अनुमानों के अनुसार भी यह पिछले वर्ष की तुलना में कम से कम 40-50 लाख टन अधिक है। पिछले वर्ष वास्तविक उत्पादन 11.29 करोड़ टन था, जबकि सरकारी खरीद 2.66 करोड़ टन थी।बाजार की चिंताओं के बारे में चोपड़ा ने कहा कि गेहूं और गेहूं उत्पादों की कीमतों में स्थिरता को देखते हुए मुक्त बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत गेहूं बेचने की तत्काल कोई योजना नहीं है। हालांकि, उन्होंने भविष्य में ओएमएसएस की बिक्री से इनकार नहीं किया।

## केंद्र ने नौ लाख लोगों के बायोमैट्रिक्स को अनलॉक किया, जारी हो आधार: शर्मा

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने असम में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) के दौरान प्रभावित 9 लाख से अधिक लोगों के बायोमेट्रिक्स को अनलॉक (रोक हटा ली है) कर दिया है और उन्हें आधार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शर्मा ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) प्रयोग के तौर पर 23 सितंबर से तिनसुकिया में ऐसे 12,000-13,000 आधारकार्ड भेजेगा।

# पटाखा फैक्टरी में विस्फोट का मुख्य अभियुक्त अब्दुल्ला गिरफ्तार

**भाषा।** फिरोजाबाद (उप्र)

**उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद** जिले में पटाखा गोदाम एवं फैक्टरी में विस्फोट के मामले में मुख्य अभियुक्त को पुलिस ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिरोजाबाद के शाहाबाद स्थित नौशहरा क्षेत्र में पटाखा गोदाम एवं फैक्टरी में सोमवार देर रात हुए विस्फोट में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में पटाखा निर्माता और उसके दो पुत्रों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने साजिशन विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया और हत्या करने के इरादे से उसमें आग लगाई। शिकोहाबाद के सीओ प्रवीण तिवारी ने बताया कि विस्फोट के मामले में मुख्य अभियुक्त भूरे खां उर्फ नवी अब्दुल्ला के बारे में पुलिस को मंगलवार देर रात सूचना मिली थी कि वह शिकोहाबाद क्षेत्र में छिपा हुआ है और भागने की फिराक में है। इस पर पुलिस ने बताई गई जगह पर तलाश शुरू की तो भूरे खां नजर आया। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने खां को रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस दल पर गोलियां चलाई।

## भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 31,000करोड़ खर्च किए जाएंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत-म्यांमा की** 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा पर 31,000 करोड़ रुपए की लागत से बाड़ लगाई जाएगी। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह सीमा हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात है। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पार से घुसपैठ रोकने के लिए 30 किलोमीटर क्षेत्र में बाड़ लगाने का काम पूरा हो गया है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारत और म्यांमा के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगभग 31,000 करोड़ रुपए की लागत से बाड़ लगाने और सड़क बनाने की मंजूरी दे दी है। मोरेह के पास लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में बाड़ लगाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है और मणिपुर के अन्य क्षेत्रों में 21 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ लगाने का काम जारी है।

# एनपीएस वात्सल्य योजना शुरू, बच्चों के लिए खोले जा सकेंगे खाते



**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त मंत्री निर्मला** सीतारमण ने मंगलवार को एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत की जिसमें माता-पिता को पेंशन खाते में निवेश कर अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने की सुविधा दी गई है। माता-पिता ऑनलाइन या बैंक या डाकघर जाकर एनपीएस वात्सल्य योजना का हिस्सा बन सकते हैं। वात्सल्य खाता खोलने के लिए न्यूनतम योगदान 1,000 रुपए है। इसके बाद अंशधारकों को सालाना 1,000 रुपए का योगदान करना होगा। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली खातों से निकासी के दिशानिर्देशों को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है। सीतारमण ने यहां एक कार्यक्रम में एनपीएस वात्सल्य योजना को शुरू करते हुए कहा कि इस पेंशन व्यवस्था ने बहुत प्रतिस्पर्धी रिटर्न दिया है और यह भविष्य की आय सुनिश्चित करते हुए लोगों को बचत का विकल्प मुहैया कराती है। पिछले 10 वर्षों में एनपीएस के 1.86 करोड़ ग्राहक हो चुके हैं और प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां 13 लाख करोड़ रुपए है। एनपीएस वात्सल्य योजना पहले से ही चली आ रही एनपीएस योजना का बच्चों तक किया गया विस्तार है। इसमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का खाता खोला जा सकता है जो उनके 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर अपने-आप नियमित एनपीएस खाते में परिवर्तित हो जाएगा। हालांकि, एनपीएस वात्सल्य योजना के तहत खोले गए खाते में पेंशन केवल 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर ही आएगी। एनपीएस ने शेयर, कॉरपोरेट ऋण और सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश पर क्रमश: 14 प्रतिशत, 9.1 प्रतिशत और 8.8 प्रतिशत रिटर्न हासिल किया है। वित्त मंत्री ने जुलाई में वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश करते समय एनपीएस वात्सल्य योजना लाने की घोषणा की थी। आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक सहित कई ऋणदाताओं ने एनपीएस वात्सल्य की पेशकश के लिए पेंशन कोष नियामक पीएफआरडीए के साथ हाथ मिलाया है।

### भारत दुनिया में सबसे अलग, आगे भी तेजी से बढ़ता रहेगा: सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि भारत आर्थिक वृद्धि के संदर्भ मे बाकी दुनिया से अलग खड़ा है और अगले कुछ वर्षों मे भी यह सिलसिला कायम रहेगा। इसके साथ ही सीतारमण ने कहा कि सरकारी कर्मचारियो के लिए अनुमोदित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) भारी पेंशन बिलो के साथ भावी पीढ़ियों पर बोझ न डालकर सरकारी कर्मचारियों के साथ करदाताओं के हितो को भी साधती है। उन्होने कहा, हम कई अन्य देशों की तुलना मे बहुत बेहतर स्थिति मे है। भले ही वे उन्नत देश हो लेकिन आज वे वृद्धि के लिए संघर्ष कर रहे है। हम एक ऐसी अर्थव्यवस्था के रूप मे सामने आ रहे है जो पिछले कुछ वर्षों मे सबसे तेजी से बढ़ रही है। इस साल और अगले कुछ वर्षों के लिए भी हम ऐसी भविष्यवाणी कर सकते है। भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 मे 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी। चालू वित्त वर्ष मे वृद्धि दर 6.5-7 प्रतिशत रहने का अनुमान आर्थिक समीक्षा मे जताया गया है। सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत के मौके पर कहा कि एनपीएस ने अपनी शुरुआत से ही प्रतिस्पर्धी रिटर्न दिया है। सरकारी क्षेत्र के लिए एनपीएस ने औसतन 9.5 प्रतिशत का सालाना रिटर्न दिया है। सीतारमण ने केंद्रीय कर्मचारियो के लिए घोषित यूपीएस के संबंध में कहा कि इसमें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के साथ एनपीएस के भी बेहतरीन बिंदुओं को शामिल किया गया है और यह सेवानिवृत्ति के बाद एक सुनिश्चित पेंशन प्रदान करती है।यूपीएस के तहत सरकारी कर्मचारियो को सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनो में प्राप्त उनके औसत मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर गारंटीकृत पेंशन मिलेगी। उन्होंने कहा, यूपीएस भावी पीढ़ियों पर भारी पेंशन बिलो का बोझ न डालकर सरकारी कर्मचारियो के साथ करदाताओं के हितो को भी संतुलित करती है।

### अटल पेंशन योजना के अंशधारकों की संख्या 6.9 करोड़ हुई

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंशधारकों की संख्या लगभग सात करोड़ हो गई है।सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत के मौके पर आयोजित कार्यक्रम मे कहा कि इस योजना के तहत जमा कुल राशि बढ़कर 35,149 करोड़ रुपए हो गई है। एपीवाई एक कम लागत वाली पेंशन योजना है जो 60 वर्ष की आयु के बाद (अंशधारकों के योगदान के आधार पर)1,000-5,000 रुपए प्रति माह की न्यूनतम पेंशन की गारंटी देती है।

## क्विक न्यूज

### आंशिक रूप से पुन: प्रयोज्य अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आंशिक रूप से पुन: प्रयोज्य अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) के विकास को मंजूरी दे दी, जिसकी पेलोड क्षमता (भार ले जाने की क्षमता) इसरो के लॉन्च व्हीकल मार्क-3 की तुलना में तीन गुना अधिक है।उसने एनजीएलवी के विकास, तीन विकासात्मक उड़ानों, आवश्यक सुविधा, कार्यक्रम प्रबंधन और प्रक्षेपण अभियान के लिए 8,240 करोड़ रुपए आवंटित किए।एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और संचालन तथा 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय चालक दल के उतरने की क्षमता विकसित करने के भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।
इसमें कहा गया है कि एनजीएलवी में प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम3) की तुलना में तीन गुना अधिक पेलोड क्षमता होगी और लागत 1.5 गुना अधिक होगी। साथ ही कहा गया है कि आंशिक रूप से पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान अंतरिक्ष तक कम लागत में पहुंच प्रदान करेगा।एनजीएलवी का प्रदर्शन तीन विकास उड़ानों के साथ किया जाएगा।सरकार ने विकास चरण को पूरा करने के लिए 96 महीने (8 वर्ष) का लक्ष्य रखा है।

### भारतीय डाक को लॉजिस्टिक कंपनी में बदलने की योजना, राजस्व बढ़ाने पर जोर: सिंधिया

**नई दिल्ली।** सरकार भारतीय डाक को एक लॉजिस्टिक कंपनी में बदलने और अगले तीन-चार साल में विभाग के राजस्व में 50-60 प्रतिशत बढ़ोतरी करने की योजना बना रही है। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को यहां पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि देश के लगभग 25,000 ऐसे गांवों को अगले साल तक मोबाइल नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा जहां अभी मोबाइल नेटवर्क नहीं है।सिंधिया ने कहा, डाक विभाग तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हमारा कारोबार करीब 12,000 करोड़ रुपए प्रति वर्ष है। मैं अगले तीन-चार वर्षों में इसे 50-60 प्रतिशत तक बढ़ाने की कोशिश कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि डाक विभाग में ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों के दरवाजे तक सेवाएं पहुंचाने की क्षमता है। ऐसे में भारतीय डाक के राजस्व को बढ़ाने के लिए सभी संभावित सेवाओं पर विचार किया जाएगा।सिंधिया ने कहा, हमें खुद को सिर्फ मेल और पत्र कारोबार से अलग करना होगा। हमें खुद को एक लॉजिस्टिक कंपनी में बदलना होगा। हमें मार्ग के अधिकतम उपयोग, अपनी सेवाओं को पहुंचाने के लिए कई स्रोतों पर ध्यान देना होगा। पूर्वोत्तर में विकास के बारे में दूरसंचार मंत्री ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर बड़ी राशि खर्च कर रही है। इसमें सड़क नेटवर्क पर 48,000 करोड़ रुपए का निवेश भी शामिल है।उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के 6,000 गांवों और देश भर के 25,000 गांवों में अभी भी मोबाइल टावर नहीं हैं।सिंधिया ने कहा, यूएसओ कोष के माध्यम से हम अगले वर्ष के मध्य तक सभी 25,000 गांवों में मोबाइल नेटवर्क स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं... उसके बाद देश में एक भी गांव ऐसा नहीं बचेगा जहां मोबाइल कनेक्टिविटी न हो।

### इजराइल के राजदूत ने भारत में अल्पसंख्कों की स्थिति पर ईरान की टिप्पणियों की कड़ी निंदा की

**नई दिल्ली।** भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की टिप्पणियों की बुधवार को कड़ी निंदा की और इन्हें हास्यास्पद एवं पाखंडपूर्ण बताया। अजार ने कहा कि जहां खामेनेई अन्य देशों को उपदेश देते हैं, वहीं खुद ईरान पर ही नागरिक स्वतंत्रता को कुचलने और मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप है। इजराइली राजदूत ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह वास्तव में हास्यास्पद है कि यह कट्टरपंथी नेता दूसरों को उपदेश देने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि वह अपने ही लोगों को मार रहे हैं और उनकी स्वतंत्रता को कुचल रहे हैं, चाहे वह धार्मिक स्वतंत्रता हो या अभिव्यक्ति की आजादी हो। वह मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहे हैं, जो पूरी तरह से अपमानजनक है और हम आशा करते हैं कि ईरानी लोग एक दिन खामेनेई द्वारा किए जा रहे ऐसे उत्पीड़न और अत्याचार से मुक्त हो जाएंगे। खामेनेई ने सोमवार को तेहरान में मौलवियों की एक सभा को संबोधित करते हुए गाजा, म्यांमा और भारत में मुसलमानों की पीड़ा के बारे में बात की थी। खामेनेई ने एक्स पर कहा था, ...हम खुद को मुसलमान नहीं मान सकते अगर हम म्यांमा, गाजा, भारत या किसी अन्य स्थान पर किसी मुसलमान द्वारा झेली जा रही पीड़ा से अनजान हैं। भारत ने ईरान के सर्वोच्च नेता द्वारा भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर की गई टिप्पणियों की सोमवार को कड़ी निंदा की थी और इन टिप्पणियों को गलत सूचना पर आधारित और अस्वीकार्य बताया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत में अल्पसंख्यकों पर टिप्पणी करने वाले देशों को दूसरों के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से पहले अपना रिकॉर्ड देखना चाहिए। अजार ने लेबनान में पेजर से हुए धमाकों की घटनाओं पर भी संक्षेप में बात की और कहा कि इजराइल सरकार हाल में हिजबुल्लाह के हमलों से विस्थापित हुए नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम अमेरिका और अन्य साझेदारों की मदद से एक कूटनीतिक समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।

### भदोही आत्महत्या मामले में सपा विधायक जाहिद बेग का बेटा गिरफ्तार

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक जाहिद बेग के बेटे जाएम बेग को एक नाबालिग लड़की की आत्महत्या के सिलसिले में बुधवार शाम गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज दो मामलों की जांच के बाद यह गिरफ्तारी की गई है। उन पर नाबालिग लड़की से बंधुआ मजदूरी करवाने और नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। दोनों मामलों में विधायक के बेटे पर भी आरोप लगाया गया है।भदोही की पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने कहा, जांच में पाया गया कि नाबालिग लड़की नाजिया से जबरन काम कराया गया था और उसने अपनी मौत से पहले विधायक के घर से भागने की इच्छा जताई थी। जांच में पता चला कि विधायक का बेटा इस मामले में शामिल था। उन्होंने बताया कि जाएम बेग को भदोही-जौनपुर सीमा के पास मखदूमपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया।विधायक जाहिद बेग के आवास पर काम करने वाली 17 साल की एक घरेलू सहायिका ने आठ सितंबर की रात विधायक के ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ बंधुआ मजदूरी, उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया था।इस घटना के बाद उनके घर से 17 वर्षीय घरेलू सहायिका नाजिया को मुक्त कराया गया था। मानव तस्करी निरोधक इकाई ने इस मामले की जांच शुरू की है। जांच के आधार पर जाहिद बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ बंधुआ मजदूरी प्रणाली (निषेध) अधिनियम की धारा 108 के तहत मामला दर्ज किया गया है। श्रम विभाग ने भी शुक्रवार को विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ कार्यवाही शुरू की है।

### प्रू सिग्नेचर से रिटायरमेंट बचत बढ़ाने में मिलेगी मदद

**मुंबई।**आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन लॉन्च किया है। यह एक मार्केट लिंक्ड पेंशन प्रोडक्ट है, जो ग्राहकों को कम लागत और टैक्स बचत के साथ रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करता है। वित्तीय स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए रिटायरमेंट की योजना बनाना महत्वपूर्ण है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को रिटायरमेंट के लिए बचत और आय सृजन करने की योजना बनाने में मददगार है। लॉन्च के बारे में बोलते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पाल्टा ने कहा हमें अपने मार्केट लिंक्ड पेंशन प्रोडक्टए आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर पेंशन की पेशकश करते हुए खुशी हो रही है। इससे ग्राहकों को अपना रिटायरमेंट फंड बनाने में सहायता मिलेगीए जिससे वे भारत के विकास में योगदान दे सकेंगे।ष्यिह प्रोडक्ट ग्राहकों को इक्विटी में 100 प्रतिशत निवेश की सुविधा देता है और रिटर्न को अधिकतम करने के लिए इक्विटीए डेट और बैलेंस्ड फंड के बीच असीमित मुफ्त स्विच प्रदान करता है। हम इस प्रोडक्ट के साथ दो नए फंड्स आईसीआईसीआई प्रू पेंशन इंडिया ग्रोथ फंड और श्आईसीआईसीआई प्रू पेंशन बैलेंस्ड फंड भी पेश कर रहे हैं।

# लेबनान में फिर पेजर उपकरणों में धमाके, नौ मरे

भाषा। बेरूत



**लेबनान में पेजर** में हुए धमाकों के एक दिन बाद बुधवार को भी देश के कई हिस्सों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट की घटनाएं हुईं। हिज्बुल्ला अधिकारियों ने सरकारी मीडिया को यह जानकारी दी। हिज्बुल्ला अधिकारियों ने बताया कि खबरों के मुताबिक वॉकी-टॉकी और यहां तक सौर उपकरणों से भी निशाना बनाया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ताजा धमाकों में कम से कम नौ लोग मारे गए और 300 अन्य घायल हुए हैं घटनास्थल पर मौजूद एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं ने बताया कि एक दिन पहले पेजर विस्फोट से मारे गए हिज्बुल्ला के तीन सदस्यों और एक बच्चे को बेरूत में सुपुर्द ए खाक करते समय भी कई धमाके सुने गए। दक्षिणी तटीय शहर सिडोन में एपी के एक फोटोग्राफर ने धमाकों की वजह से एक कार और एक मोबाइल फोन की दुकान को क्षतिग्रस्त होते देखा। हिज्बुल्ला के एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए एपी को बताया कि समूह द्वारा इस्तेमाल किए गए वॉकी-टॉकी में धमाका किया गया। लेबनान की आधिकारिक समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक बेरूत और दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में घरों में सौर ऊर्जा प्रणाली में विस्फोट हो गया, जिससे कम से कम एक लड़की घायल हो गई। ए धमाके ऐसे समय हुए हैं जब मंगलवार को सिलसिलेवार देशभर में हुए पेजर धमाकों के बाद लेबनान में भ्रम और गुस्से की स्थिति है। लेबनान और सीरिया के कई हिस्सों में हिज्बुल्ला सदस्यों द्वारा इस्तेमाल किए गए सैकड़ों पेजर में विस्फोट होने से दो बच्चों सहित कम से कम 12 लोग मारे गए और लगभग 2,800 अन्य घायल हुए हैं। इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच संघर्ष के बीच इन विस्फोटों के बाद तनाव और बढ़ गया है, जिसके एक पूर्ण युद्ध में तब्दील होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि अमेरिका अभी भी आकलन कर रहा है कि यह हमला गाजा में इजराइल-हमास युद्ध में संघर्ष विराम के लिए बातचीत के प्रयासों को कैसे प्रभावित कर सकता है।

### लेबनान-सीरिया में विस्फोट: आपूर्ति से पहले ही डाला गया था विस्फोटक-विशेषज्ञ

**ताइपे (ताइवान)।** हिज्बुल्ला के संचार नेटवर्क को निशाना बनाने के इरादे से संभवतः इजराइल द्वारा किए गए हमले के तहत लेबनान और सीरिया में जिन पेजर में विस्फोट हुए, उन्हें हंगरी की एक कंपनी ने बनाया था। ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो ने बुधवार को यह जानकारी दी। गोल्ड अपोलो ने कहा कि बुडापेस्ट की एक अन्य कंपनी ने इन पेजर का निर्माण किया है, जिसे उसने पेजर पर अपने अधिकृत ब्रांड के इस्तेमाल का अधिकार दिया था। उधर, विशेषज्ञों का मानना है कि इन पेजर में आपूर्ति से पहले ही विस्फोटक सामग्री डाली गई थी।आतंकवादी संगठन हिज्बुल्ला द्वारा इस्तेमाल पेजर में मंगलवार को लेबनान और सीरिया में एक साथ विस्फोट हुए। इस घटना में दो बच्चो समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और करीब 3,000 लोग घायल हो गए। हिज्बुल्ला और लेबनान की सरकार ने इस हमले के लिए इजराइल पर आरोप लगाया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक रिमोट हमला था। एक अमेरिकी अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इजराइल ने मंगलवार को हमले के बाद अमेरिका को जानकारी दी थी।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में फलस्तीन से जुड़े प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने बुधवार को** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में उस प्रस्ताव पर हुए मतदान में हिस्सा नहीं लिया जिसमें मांग की गई थी कि इजराइल कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र में अपनी अवैध मौजूदगी को 12 महीने के भीतर बिना किसी विलंब के हटाए। इस 193 सदस्यीय महासभा ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। प्रस्ताव के पक्ष में 124 देशों ने मतदान किया तथा 14 ने विरोध में मतदान किया तथा भारत समेत 43 देशों ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। मतदान में भाग नहीं लेने वालों में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, इटली, नेपाल, यूक्रेन और ब्रिटेन शामिल हैं। इजराइल और अमेरिका उन देशों में शामिल थे जिन्होंने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। बुधवार को पारित प्रस्ताव में मांग की गई कि इजराइल बिना किसी देरी के कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र में अपनी गैरकानूनी मौजूदगी को हटाए और ऐसा वर्तमान प्रस्ताव को अपनाने के 12 महीने के भीतर किया जाए। फलस्तीन द्वारा तैयार प्रस्ताव में इजराइल सरकार द्वारा संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों की अवहेलना किए जाने की भी कड़ी निंदा की गई तथा इस बात पर जोर दिया गया कि ऐसे उल्लंघनों से क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को गंभीर खतरा है। इसमें कहा गया है कि इजराइल को कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानून के किसी भी उल्लंघन के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

### फलस्तीनी प्रस्ताव का समर्थन किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बुधवार को एक गैर-बाध्यकारी फलस्तीनी प्रस्ताव का पुरजोर समर्थन किया, जिसमें मांग की गई है कि इजराइल एक साल के भीतर गाजा और कब्जे वाले वेस्ट बैंक में अपनी अवैध उपस्थिति समाप्त करे। 193 सदस्यों वाले विश्व निकाय में 124 मत पक्ष में और 14 विपक्ष में पड़े, जबकि 43 सदस्य मतदान में शामिल नहीं हुए। प्रस्ताव में इजराइली बलों को पूरी तरह वापस बुलाने और कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों से बसने वालों को बिना देरी के निकालने की भी मांग की गई है।

### उत्तर कोरिया ने दो बैलेस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया: जापान

**सियोल।** जापान की सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने दो बैलेस्टिक मिसाइलो का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया ने यह परीक्षण अमेरिका और पड़ोसी देश के साथ बढ़ते तनाव के बीच किया है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने हालांकि यह जानकारी नहीं दी कि उत्तर कोरिया ने जिन मिसाइल का परीक्षण किया वे किस प्रकार की है और वे कितनी दूरी तय कर पाईं। जापान के तट रक्षक बल ने कहा कि माना जा रहा है कि ए मिसाइल कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच के जलक्षेत्र में गिरी है। जापान के एनएचके टेलीविजन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि माना जा रहा है कि ए मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरी। विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर कोरिया नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले परमाणु परीक्षण या लंबी दूरी की मिसाइल का परीक्षण कर सकता है, जिसका उद्देश्य नए अमेरिकी प्रशासन के साथ किसी भी तरह की बातचीत मे अपनी स्थिति मजबूत करना है।

### पश्चिमी देशों ने ईरानी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने दो साल पहले ईरान की धर्माचार पुलिस की हिरासत मे ईरानी महिला महसा अमीनी की मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनो को दबाने और लोगो को हिरासत मे लेने मे कथित संलिप्तता के लिए बुधवार को ईरानी अधिकारियो के एक समूह पर पाबंदियां लगाईं।अमीनी (22) की 16 सितंबर, 2022 को एक अस्पताल मे मौत हो गई थी। उन्हे अधिकारियो के निर्देशो के अनुसार हिजाब न पहनने के आरोप मे गिरफ्तार किया गया था। उनकी मौत के बाद देश के हिजाब कानूनो और सरकार के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए थे। ईरान के जिन एक दर्ज अधिकारियो पर बुधवार को पाबंदियां लगाई गईं, उनपर प्रदर्शनकारियों की हत्या करने, उन्हे हिरासत मे लेने, 2019 और 2022 के विरोध प्रदर्शनो को दबाने और पत्रकारो को गिरफ्तार करने के आरोप है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ब्रैडली टी. स्मिथ ने कहा, ईरानी लोगो के सुधार के शांतिपूर्ण आह्वान के बावजूद, ईरानी नेताओ ने हिंसा और दमनकारी शासन की पुरानी रणनीति दोगुनी कड़ी कर दी है। स्मिथ ने कहा, अमेरिका और उसके सहयोगी देश ईरानी शासन के क्रूर एजेंडे को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार लोगो को बेनकाब करने और उन्हे जवाबदेह ठहराने के लिए कार्वाई करते रहेंगे।

### ब्रिटेन ने ई-वीजा परिवर्तन अभियान प्रारंभ किया

**लंदन।** ब्रिटेन ने बुधवार को एक बड़ा अभियान शुरू किया और भारतीयों सहित देश भर में रह रहे सभी प्रवासियों से आग्रह किया गया कि वे आव्रजन दस्तावेज का उपयोग करने के बजाए ई-वीजा को अपनाएं। ब्रिटेन की सीमा एवं आव्रजन प्रणाली को पूरी तरह से डिजिटल बनाने की योजना के तहत भौतिक बायोमिट्रिक निवास परमिट (बीआरपी) या बायोमिट्रिक निवास कार्ड (बीआरसी) का इस्तेमाल करने वालो को अगले वर्ष तक पूरी तरह से ऑनलाइन प्रणाली के अंतर्गत लाया जाएगा। अधिकतर बीआरपी इस वर्ष के अंत तक समाप्त हो जाएंगे। उन्हें कई चरण में ऑनलाइन प्रणाली में लाया जा रहा है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय मे प्रवासन एवं नागरिकता मंत्री सीमा मल्होत्रा ने कहा, जिन लोगो के पास आव्रजन दस्तावेज है, उनसे आग्रह है कि वे ई-वीजा अपनाने के लिए तत्काल कदम उठाएं और जिन लोगो को सलाह और सहायता की आवश्यकता है मै उन्हें आश्वस्त करना चाहती हूं कि उन्हे सारी सुविधा मुहैया कराई जाएगी। गृह मंत्रालय ने कहा, ईवीजा अपनाना निशुल्क और बेहद सरल है। यह ग्राहकों को ज्यादा सुविधा प्रदान करता है, किफायती है और ब्रिटेन की सीमा एवं आव्रजन प्रणाली को सुरक्षा प्रदान करता है। ईवीजा खो नही सकता, चोरी नही हो सकता या इससे छेड़छाड़ नही की जा सकती। इस प्रणाली को अपनाने से उपभोक्ता के मौजूदा अधिकार या आव्रजन स्थिति मे कोई बदलाव, प्रभाव या कमी नही आएगी।

# अमेरिका यात्रा के दौरान मुझसे मुलाकात करेंगे मोदी : ट्रंप

भाषा। वाशिंगटन-न्यूयॉर्क



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात करेंगे। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी ट्रंप ने आयात शुल्क का दुरुपयोग करने के लिए भारत की आलोचना की लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को एक शानदार व्यक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा करेंगे। हाल में हत्या के प्रयास के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि मोदी अगले सप्ताह अमेरिका में उनसे मुलाकात करेंगे। उन्होंने दोहराया कि भारत आयात पर भारी शुल्क लगाता है। उन्होंने कहा, भारत बहुत ज्यादा दुरुपयोग करता है। वह (मोदी) अगले सप्ताह मुझसे मिलने वाले हैं और मोदी शानदार हैं। मेरा मतलब है कि वह शानदार व्यक्ति हैं। कई नेता शानदार हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने मिशिगन के फ्लिंट में एक सभा में एक सवाल का जवाब देते हुए व्यापार और कर के बारे में बात करते हुए यह टिप्पणी की। ट्रंप ने कहा, ए बहुत चतुर लोग हैं... आप जानते हैं, वे अपने खेल में माहिर हैं और वे इसका इस्तेमाल हमारे खिलाफ करते हैं। भारत बहुत सख्त है। ब्राजील बहुत सख्त है... चीन सबसे सख्त है, लेकिन हम शुल्क के मामले में चीन पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, हम पारस्परिक व्यापार करने जा रहे हैं। अगर कोई हम पर 10 सेंट लगाता है, अगर कोई हम पर दो डॉलर लगाता है, अगर कोई हम पर 100 फीसदी शुल्क लगाता है तो हम भी उस पर उतना लते हैं। और यह होने वाला है? ट्रंप की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने जवाब देने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा की शुरुआत क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन के साथ होगी। डेलावेयर के विलमिंगटन में राष्ट्रपति जो बाइडन इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। शिखर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा भी शामिल होंगे।

### अमेरिकी सांसदों ने भारतीय पत्रकार से मारपीट की घटना की निंदा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दो सांसदों ने पिछले सप्ताह डलास में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों द्वारा एक भारतीय पत्रकार के साथ कथित मारपीट की घटना की निंदा की और कहा कि उसकी रिकॉर्डिंग मिटाना प्रथम संशोधन का उल्लंघन है। यह देश में प्रेस की स्वतंत्रता से जुड़ा कानून है। भारत और भारतीय अमेरिकियों पर कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष एवं सांसद रो खन्ना ने कहा, मैं इंडिया टुडे समूह के रिपोर्टर रोहित शर्मा के साथ हूं और प्रथम संशोधन के प्रति अडिग हूं। खन्ना ने कहा, वह निष्पक्ष पत्रकार हैं। उनका फोन छीना जाना, उन्हें धक्का देना और उनकी रिकॉर्डिंग मिटाना अनैतिक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ विश्वासघात है।

### चीन ने ताइवान को हथियार बेच रही अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंधों की घोषणा की

**बीजिंग।** चीन ने स्वशासित द्वीप ताइवान को हथियार बेच रही अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंधों की बुधवार को घोषणा की। दरअसल, चीन, ताइवान को अपना हिस्सा बताता है और जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग से इस पर कब्जा जमाने की धमकी देता है। चीन की सरकारी मीडिया ने विदेश मंत्रालय के हवाले से प्रतिबंधों की घोषणा की, लेकिन यह नहीं बताया कि किन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। ताइवान, अमेरिका से एफ-16 लड़ाकू विमानों, अब्राम्स टैंक और कई मिसाइलों की आपूर्ति का इंतजार कर रहा है। ताइवान पर हमला करने की चीन की धमकियां बढ़ रही हैं।

# बांग्लादेश सरकार ने सेना को मजिस्ट्रेट की शक्तियां दी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंसा प्रभावित देश में कानून-व्यवस्था में सुधार लाने और विध्वंसक कृत्यों को रोकने के लिए सेना को दो महीने के वास्ते मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की हैं। जन प्रशासन मंत्रालय ने मंगलवार को सरकार के फैसले के संबंध में एक अधिसूचना जारी की और कहा कि यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अधिसूचना के मुताबिक, मजिस्ट्रेट की शक्तियां सेना के कमीशनप्राप्त अधिकारियों को दी जाएंगी और यह आदेश 60 दिनों तक प्रभावी रहेगा। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने खबर दी है कि गृह सलाहाकर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने बुधवार को दावा किया कि सेना को मजस्ट्रेट की शक्तियां मिलने से लोग लाभान्वित होंगे। आलम ने कहा, जो पुलिस अधिकारी सेवा में नहीं लौटे हैं, उन्हें वापस आने की इजाजत भी नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, बांग्लादेश के लोग बांग्लादेश की सेना के कमीशनप्राप्त अधिकारियों को मजिस्ट्रेट की शक्तियां मिलने से लाभान्वित होंगे। एक कार्यक्रम में आलम ने कहा, जनसेवा सुनिश्चित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना को मजिस्ट्रेट की शक्तियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों में कर्मियों की कमी है और इसी अंतर को पाटने के लिए सेना को मजिस्ट्रेट की शक्तियां दी गई हैं। व्यापक विरोध-प्रदर्शन के बीच पांच अगस्त को शेख हसीना नीत सरकार के पतन के बाद से बांग्लादेश में कई पुलिसकर्मी ड्यूटी से गैर-हाजिर हैं।

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अली रियाज को संवैधानिक सुधार आयोग का नया प्रमुख नियुक्त किया

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उच्चतम न्यायालय के वकील शाहदीन मलिक की जगह जाने-माने बांग्लादेशी-अमेरिकी प्रोफेसर अली रियाज को संवैधानिक सुधार आयोग का प्रमुख नियुक्त किया।अखबार ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के निर्देशानुसार कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक परिपत्र में इसकी घोषणा की गई। परिपत्र में हालांकि इस बदलाव का कोई कारण नही बताया गया। रियाज अमेरिका की इलिनोइस स्टेट यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर हैं। यूनुस (84) ने हाल में न्यायपालिका, चुनाव प्रणाली, प्रशासन, पुलिस, भ्रष्टाचार रोधी आयोग और संविधान मे सुधार के लिए छह आयोगों के गठन की घोषणा की थी। अगले दिन अंतरिम सरकार ने मलिक को संवैधानिक सुधार आयोग का प्रमुख नियुक्त किया। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित यूनुस ने कहा कि अंतरिम सरकार ने छह प्रमुख क्षेत्रो मे सुधार के लिए छह आयोग गठित करने की दिशा मे कदम उठाए है। उन्होने इस बात पर जोर दिया कि सुधारों का मुख्य उद्देश्य सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करना है। उन्होने कहा, हमारे सामने बहुत काम है। हम एक ही लक्ष्य की ओर मिलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। हम एक ऐसा ढांचा बनाना चाहते है जो हमारी नई पीढ़ी के भीतर छिपी हुई प्रतिभाओ को राज्य और समाज के सहयोग से बिना किसी बाधा के जाहिर कर सके। यूनुस ने अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप मे आठ अगस्त को शपथ ली थी। इससे तीन दिन पहले ही प्रधानमंत्री शेख हसीना अपनी सरकार के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनो के बाद इस्तीफा देकर भारत चली गई थी।

# फलस्तीन समर्थक जुलूस निकालने के आरोपों को चुनौती देंगी महिलाएं

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर में** भारतीय मूल की एक महिला समेत तीन सिंगापुरी महिलाएं फलस्तीन के समर्थन में राष्ट्रपति के महल की ओर जुलूस निकालने में उनकी संलिप्तता को लेकर लगाए गए आरोपों को चुनौती देंगी। बुधवार को मीडिया में आई एक खबर के अनुसार, तीनों के खिलाफ दो फरवरी को बिना इजाजत जुलूस आयोजित करने के लिए जून में सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। अन्नामलाई कोकिला पार्वती पर दो अन्य महिलाओं और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर जुलूस का आयोजन करने के षडयंत्र में सहयोग करने का आरोप है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, 36 वर्षीय अन्नामलाई पर वर्जित क्षेत्र में सार्वजनिक जुलूस आयोजित करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है, जबकि 29 वर्षीय सिती अमीरा मोहम्मद असरोरी और 25 वर्षीय मोसाम्मद सोबिकुन नाहर पर इस्ताना(राष्ट्रपति का महल) के आसपास दोपहर 2 से 3 बजे के बीच जुलूस आयोजित करने का आरोप है।


# हाईकोर्ट ने इमरान, बुशरा के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में फैसला सुनाने पर रोक लगाई



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में निचली अदालत के फैसला सुनाने पर बुधवार को रोक लगा दी। यह घटनाक्रम खान और उनकी पत्नी द्वारा अल-कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई पर रोक लगाने और उन्हें बरी करने के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के बाद सामने आया है।भ्रष्टाचार रोधी अदालत खान और बुशरा बीबी के खिलाफ अल-कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई कर रही है। यह मामला इस आरोप पर आधारित है कि खान ने सरकारी खजाने को 50 अरब रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचाया। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्ईय पीठ ने खान और उनकी पत्नी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही पर रोक लगाने के अनुरोध संबंधी याचिका खारिज कर दी। उन्हें हालांकि राहत देते हुए उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई कर रही निचली अदालत के फैसला सुनाने से रोक लगा दी।

# पेड़ों का स्थानांतरण: कैसे बन्या पाइन व ब्लैक बीन एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचे

भाषा। क्वींसलैंड



**सहस्राब्दियों से,** मूल निवास या स्वदेश के बारे में ज्ञान रखने वाले लोगों ने उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाया है। बहुत सी कहानियां और जानकारियां लोगों और देश के बीच संबंधों का वर्णन करती हैं, जिसमें रिश्तेदारों के रूप में अन्य प्रजातियों की देखभाल करने से जुड़ी संरक्षक जिम्मेदारियां भी शामिल हैं। प्रत्एक प्रजाति अपने डीएनए में बदलाव और स्थान परिवर्तन का इतिहास रखती है। एक प्रजाति का एक व्यक्ति दूसरे से कितना संबंधित है, इसका आकलन करके, विकासवादी पारिस्थितिकीविद यह अनुमान लगा सकते हैं कि एक प्रजाति ने अतीत में कैसे प्रवास किया। जब हम दोनों तरह के ज्ञान - विद्या और आनुवंशिकी - को जोड़ते हैं तो हम नई खोज कर सकते हैं। हमारे हालिया शोध में आनुवंशिकी तकनीकों और प्रथम राष्ट्र के बारे में जानकारी रखने वालों के साथ साक्षात्कार का उपयोग किया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या प्रथम राष्ट्र के लोगों ने सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण दो खाद्य स्रोतों - बन्या पाइन(एक प्रकार का चीड़ का पेड़) और ब्लैक बीन के पेड़ों को स्थानांतरित किया था। बन्या पाइन- बन्या पाइन (अराकेरिया बिडविली) एक प्राचीन देशी शंकुधारी वृक्ष है जिसका पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के कई भाषा समूहों के लिए सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है। हजारों वर्षों से, मूल निवासी समूह पश्चिमी डाउन्स में वाक्का वाक्का कंट्री और सनशाइन कोस्ट के भीतरी क्षेत्र में काबी काबी कंट्री जैसे स्थानों पर सभाओं व सम्मेलन में मेवे बांटने के लिए एकत्रित होते रहे थे। आखिरी बार ऐसा प्रमुख सम्मेलन 1902 में हुआ था, लेकिन हाल के वर्षों में वे पुन: शुरू हो गए हैं। बन्या पाइन के पेड़ क्वींसलैंड के दक्षिण-पूर्व में उगते हैं। वे।,400 किलोमीटर उत्तर में, केर्न्स के पास आर्द्र उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में भी पाए जाते हैं। हाल में हुए एक अध्ययन में, सह-लेखक पैट्रिक कुक ने दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड और आर्द्र उष्णकटिबंधीय दोनों स्थानों पर प्रथम स्वदेशी समूहों का साक्षात्कार लिया, ताकि बन्या पाइन के उपयोग पर स्वदेशी जैव-सांस्कृतिक संबंधी ज्ञान को दर्ज किया जा सके। एक अन्य अध्ययन में, पारंपरिक ज्ञान रखने वाले लोगों और इस अध्ययन के मुख्य लेखक ने उत्तरी और दक्षिणी स्थानों में इस शंकुधारी वृक्ष की ऐतिहासिक गतिविधि का पता लगाने के लिए बन्या पाइन के पत्तों से डीएनए नमूने एकत्र किए। आनुवंशिक परिणामों की व्याख्या जैव-सांस्कृतिक ज्ञान और अभिलेखीय साक्ष्य के संदर्भ में की गई। हमने क्या पाया? आर्द्र उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, हमें बन्या पाइन के लिए पारंपरिक नाम या जैव-सांस्कृतिक ज्ञान नहीं मिला। डीएनए नमूनों में लोगों या जानवरों द्वारा इसके स्थानांतरण का भी कोई सबूत नहीं मिला। इससे पता चलता है कि यह इस क्षेत्र में मूल निवासी समूहों के लिए एक महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत नहीं था। मानव द्वारा इसके प्रसार के अभाव में, बन्या पाइन के अवशेष आनुवंशिक रूप से पृथक हो गए हैं। इसके विपरीत, दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड के समूहों के पास बन्या पाइन के बारे में समृद्ध जैव-सांस्कृतिक ज्ञान था। डीएनए नमूनों में स्पष्ट रूप से स्थानांतरण के सबूत मिले, जो इस बात से मेल खाते हैं कि लोग पेड़ की इस प्रजाति को सक्रिय रूप से इधर-उधर ले जा रहे थे।

ब्लैक बीन पेड़ - बन्या पाइन की तरह, ब्लैक बीन (कास्टानोस्पर्मम ऑस्ट्रेल) के पेड़ हजारो सालो से एक महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत रहे है। इसके बड़े बीज जहरीले होते है, लेकिन उन्हे खाने योग्य बनाया जा सकता है। यहां, हमें सबूत मिले है कि इस वर्षावन प्रजाति को तेजी से फैलाया गया था। इस पेड़ के बीज नदियो मे बहकर नए स्थानो पर पहुचे है। मजे की बात यह है कि पेड़ किसी भी जलमार्ग से बहुत दूर पाया जा सकता है। ऐसे मे यह दूसरे स्थानो पर कैसे पहुचे? हमें सबूत मिले कि बुंदजालुंग समूहो ने हजारो साल पहले ब्लैक बीन को फैलाया था। उनके द्वारा ऐसा तब किया गया, जब उन्होने उत्तरी न्यू साउथ वेल्स मे नाइटकैप, बॉर्डर और मैकफर्सन पर्वतमाला की यात्रा की।बुंदजालुंग समूहो ने पूर्वी तट से अपने मूल स्थान की यात्रा के दौरान ब्लैक बीन के बीज बिखेरे थे।

## क्विक न्यूज

### बाल्टीमोर पुल हादसा : हादसे और सफाई के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर के हर्जाने का दावा

**बाल्टीमोर।** अमेरिकी न्याय विभाग ने बाल्टीमोर पुल हादसे के लिए जिम्मेदार मालवाहक जहाज के मालिक और प्रबंधक के खिलाफ बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया। विभाग ने कंपनी से 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हर्जाना मांगा है जो उसे पानी से मलबा निकालने और बंदरगाह को फिर से खोलने पर खर्च करने पड़े हैं। मैरीलैंड मे दायर मुकदमे मे आरोप लगाया गया है कि जहाज डाली पर विद्युत और यांत्रिक प्रणालियों का रखरखाव ठीक ढंग से नही किया गया जिसकी वजह से वह इस साल मार्च मे फ्रांसिस स्कॉट पर बने पुल के खंभे से टकरा गई और कम ऊर्जा आपूर्ति की वजह से वह अपने रास्ते से भटक गया।मुकदमे मे कहा गया, इस हादसे को पूरी तरह से टाला जा सकता था। इसमें कहा गया कि जून में बंदरगाह को पूरी तरह से खोलने से पहले महीनों तक बाल्टीमोर बंदरगाह पर वाणिज्यिक गतिविधि बाधित रही। अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने लिखित मे बयान मे कहा, इस दीवानी दावे के साथ, न्याय विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है कि चैनल को साफ करने और बाल्टीमोर बंदरगाह को फिर से खोलने की लागत दुर्घटना का कारण बनने वाली कंपनियों द्वारा वहन की जाए, न कि अमेरिकी करदाता द्वारा। यह मुकदमा डाली के मालिक ग्रेस ओसियन प्राइवेट लिमिटेड और प्रबंधक सिनर्जी मरीन ग्रुप के खिलाफ दायर किया गया है जो दोनों सिंगापुर से संचालित हैं। कंपनियों ने हादसे के कुछ दिनों बाद एक याचिका दायर की जिसमें उनकी कानूनी देनदारी को सीमित करने का अनुरोध किया गया था। जहाज बाल्टीमोर से श्रीलंका जा रहा था, तभी बिजली आपूर्ति बाधित होने से उसका स्टीयरिंग ने काम करना बंद कर दिया और जहाज पुल के एक खंभे से जा टकराया। इसकी वजह से पुल ढह गया और उस समय पुल पर सड़क मरम्मत का काम कर रहे छह लोगों की मौत हो गई।

### बुकर पुरस्कार 2024 की अंतिम सूची में लेखिकाओं का दबदबा

**लंदन।** साहित्य के लिए बुकर पुरस्कार के 55 साल के इतिहास मे पहली बार अंतिम सूची मे महिलाओं का दबदबा है और पुरस्कार की दौड़ में शामिल छह लेखकों मे से पांच महिलाएं है। ब्रिटिश लेखिका सामंथा हार्वे ने अंतरिक्ष पर अपने उपन्यास ऑर्बिटल के लिए, अमेरिकी लेखिका रेचल कुशनर ने जासूसी थ्रिलर क्रिएशन लेक के लिए, कनाडा की लेखिका ऐनी माइकल्स ने परिवार केंद्रित हेल्ड के लिए, ऑस्ट्रेलियाई लेखिका चार्लोट वुड दर्शन पर आधारित अपने उपन्यास स्टोन यार्ड डेवोशनल के लिए और डच लेखिका याएल वैन डेर वूडेन ने अपने पहले उपन्यास द सेफकीप के लिए जगह बनाई है। वूडेन अंतिम सूची मे शामिल होने वाली पहली डच लेखिका है। अमेरिकी लेखक पर्सीवल एवरेट इस साल अंतिम सूची मे जगह बनाने वालो मे एकमात्र पुरुष है जिनकी रचना जेम्स को चुना गया है। अंतिम सूची की घोषणा इस सप्ताह लंदन मे की गई। इस साल के चयन मंडल के अध्यक्ष एडमंड डी वाल ने कहा, मुझे उन छह पुस्तकों की सूची पर बहुत गर्व है जो चुनी गई है। इस सूची को अंतिम रूप देने से पहले हमने महीनों तक चर्चा की, चुनौतियों का सामना किया, कई सवाल पूछे। अमेरिका से हथियार खरीदने के साथ ही ताइवान अपने घरेलू हथियार उद्योग को भी पुनर्जीवित कर रहा है। चीन ने पहले भी अमेरिकी कंपनियों से ताइवान के सशस्त्र बलों के साथ सहयोग बंद करने की मांग की है।

### हिपहॉप स्टार सीन डिडी पर यौन अपराध का अभियोग

**न्यूयॉर्क।** पूरी दुनिया मे 1990 के दशक मे हिप हॉप के बेताज बादशाह रहे सीन डिडी कॉम्ब्स पर अपने रसूख के बल पर यौन अपराध के लिए मानव तस्करी का अभियोग लगाया गया है। उनके खिलाफ गत 10 महीने से कानूनी कार्वाई और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा छापेमारी की कार्वाई के बाद ए अभियोग लगाए गए। वेश्यावृत्ति के लिए मानव तस्करी और साजिश के आरोपो का सामना कर रहे डिडी ने मंगलवार को एक संघीय मजिस्ट्रेट के समक्ष खुद को निर्दोष करार दिया लेकिन अदालत ने उन्हें सुनवाई लंबित रहने के बावजूद जमानत के बिना जेल भेजने का आदेश दिया।अभियोग में कॉम्ब्स पर यौन अपराधो के साम्राज्य का नेतृत्व करने का आरोप लगाया गया है। अभियोजन पक्ष का दावा है कि उन्होंने अपनी ताकत और रसूख का इस्तेमाल यौन तस्करी, जबरन श्रम, वेश्यावृत्ति के उद्देश्यों के लिए अंतरराज्ईय तस्करी, नशीली दवाओ के अपराध, अपहरण, आगजनी, रिश्वतखोरी और न्याय मे बाधा डालने के लिए किया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक कॉम्ब्स ने महिला पीड़ितों और पुरुष यौनकर्मियों को नशे का आदी बनाने के लिए प्रेरित किया। डिडी कॉम्ब्स को संघीय अधिकारियों ने सोमवार को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन से गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी उनके लॉस एंजिलिस और मियामी के लग्जरी आवासो पर छापेमारी के करीब छह महीने के बाद हुई है जिनमे खुलासा हुआ था कि वह वेश्यावृत्ति के लिए मानव तस्करी में संलिप्त है। अभियोजन पक्ष द्वारा लगाए गए अभियोगो मे अगर कॉम्ब्स अभियोजित होते है तो उन्हे प्रत्एक अभियोग के लिए अनिवार्य 15-15 साल या आजीवन कारावास की सजा हो सकती है।

### चंद्रमा के सुदूर हिस्से से लाई गई मिट्टी में अन्य चंद्र नमूनों की तुलना में विशिष्टता हैः अध्ययन

**बीजिंग।** चीन के चांग ई-6 मिशन द्वारा चंद्रमा के सुदूरवर्ती हिस्से से वापस लाए गए चंद्र नमूनों मे पहले प्राप्त चंद्र नमूनो की तुलना मे कुछ विशेषताएं नजर आ रही हैं। वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित एक शोधपत्र मे यह जानकारी दी गई है। चीन के वैज्ञानिकों की एक टीम ने मंगलवार को चंद्रमा के सुदूरवर्ती हिस्से से प्राप्त नमूनों पर प्रकाशित अपने पहले शोध पत्र मे कहा कि चांग ई-6 मिट्टी के नमूनो का घनत्व चंद्रमा के अन्य हिस्सो से प्राप्त नमूनों की तुलना में कम है। चांग ई-6 नमूनों में प्लेजियोक्लेज की मात्रा चांग ई-5 नमूनों की तुलना में काफी अधिक है जबकि उनकी ओलिवाइन की मात्रा काफी कम है। प्लेजियोक्लेज पृथ्वी की पपड़ी मे सबसे आम और प्रचुर खनिज समूह है। ओलिवाइन एक हरी चट्टान बनाने वाला खनिज है जो मुख्य रूप से गहरे रंग की आग्नेय चट्टानों में पाया जाता है। अध्ययन से यह भी पता चला कि चांग ई-6 के पाषाण खंड के नमूने मुख्य रूप से बेसाल्ट, ब्रेक्सिया, एग्लूटिनेट, ग्लासेस और ल्यूकोक्रेट से बने है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार चांग ई-6 चंद्र नमूनों के भू-रासायनिक विश्लेषण से पता चला है कि उनमे थोरियम, यूरेनियम और पोटेशियम जैसे सूक्ष्म तत्वों की सांद्रता अपोलो मिशन और चांग ई-5 मिशन द्वारा प्राप्त नमूनों से काफी भिन्न है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के अनुसार इस वर्ष मई में चीन ने पहली बार चंद्रमा के सुदूरवर्ती हिस्से से नमूने एकत्र करने और उन्हें वैज्ञानिक अध्ययन के लिए पृथ्वी पर लाने के लिए 53 दिवसीय चंद्र अन्वेषण मिशन शुरू किया था, जो मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में अपनी तरह का पहला अभियान था। चांग ई-6 में चार घटक शामिल हैं जिनमें एक ऑर्बिटर, एक लैंडर, एक एसेंडर और एक मॉड्यूल शामिल हैं। चांग ई-6 यान जून मे चंद्रमा के सुदूर हिस्से से।,935.3 ग्राम नमूने लेकर आया था। यह अध्ययन चीनी विज्ञान अकादमी की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशालाओं, चंद्र अन्वेषण एवं अंतरिक्ष इंजीनियरिंग केंद्र तथा बीजिंग अंतरिक्ष यान प्रणाली इंजीनियरिंग संस्थान के सदस्यो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।चीन के वैज्ञानिकों ने इस साल जुलाई में 2020 में चीन के चांग ई-5 मिशन द्वारा लाए गए चंद्रमा के मिट्टी के नमूनों का अध्ययन करते हुए चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणु पाए थे। चीन की विज्ञान अकादमी (सीएएस) के अनुसार, 2020 में चीन के चांग ई-5 मिशन द्वारा लाए गए चंद्र मिट्टी के नमूनों के आधार पर चीनी वैज्ञानिकों ने आणविक जल से समृद्ध एक हाइड्रेटेड खनिज पाया है।भारत के चंद्रयान-। अंतरिक्ष यान ने 2009 में चंद्रमा के सूर्यप्रकाश वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अणुओ के रूप मे हाइड्रेटेड खनिजो के संकेत पाए थे।

# फिरकी की फांस की काट से ही होगी ठाठ

- स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा भारत को
- डब्ल्यूटीसी तालिका के शीर्ष पर होगी टीम इंडिया की नजर
- बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट आज से



भाषा। चेन्नई

**भारत की नजरें** बृहस्पतिवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला जीतकर घरेलू सरजमीं पर अपने दबदबे को बरकरार रखने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होगी। भारत के बल्लेबाजों को हालांकि स्पिन के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। बांग्लादेश की चुनौती भी मजबूत होगी जो हाल में पाकिस्तान को दो टेस्ट की श्रृंखला में 2-0 से हराकर यहां आया है। भारत 10 टेस्ट के सत्र की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा जिससे कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दावा मजबूत कर सके। पिछले दशक में घरेलू सरजमीं पर भारत की जीत-हार का रिकॉर्ड 40-4 रहा है जो बेजोड़ है लेकिन पिछले तीन साल में कुछ कमजोरियां उजागर हुई हैं, विशेषकर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के मामले में।स्वदेश में 2015 से भारत के शानदार प्रदर्शन में कोहली की अहम भूमिका रही है और उन्होंने सभी गेंदबाजों के खिलाफ रन बटोरे हैं। लेकिन 2021 से स्पिन के खिलाफ उनके प्रदर्शन में गिरावट आई है। इस दौरान 15 टेस्ट में उनका औसत 30 का रहा है। य ह बल्लेबाज के रूप में कोहली के असाधारण गुणों के खिलाफ नहीं है लेकिन यह एक ऐसा विभाग है जिसमें यह चैंपियन क्रिकेटर निश्चित रूप से स्वयं सुधार करना चाहेगा। कप्तान रोहित शर्मा स्पिन को ध्वस्त करने में सफल रहे हैं, विशेषकर 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ के खिलाफ सलामी बल्लेबाज की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद से। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ 90 से ज़ूयादा की औसत से रन बनाए हैं। लेकिन 2021 से स्पिनरों के खिलाफ उनके प्रदर्शन में भी गिरावट आई है और वह 15 मैच में 44 की औसत से रन बना पाए हैं। रोहित ने तेज गेंदबाजों और स्पिन के खिलाफ लोकेश राहुल को समान रूप से प्रभावी बताया है लेकिन आंकड़े कुछ और बयां करते हैं। पिछले तीन साल में राहुल ने स्वदेश में पांच टेस्ट खेले और स्पिनरों के खिलाफ दाएं हाथ के इस बल्लेबाज का औसत सिर्फ 23.40 रहा है। सामूहिक रूप से इन आंकड़ों को कमजोर होते कौशल के संकेत के रूप में लिया जाना चाहिए और शायद स्पिन खेलने की कला को निखारने पर फिर ध्यान केंद्रित करने की याद दिलाने के रूप में भी जो दुनिया के इस हिस्से के बल्लेबाजों की मुख्य ताकत रही है। सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में भारत की 0-2 से हार के बाद इस मुद्दे पर जोर दिया था। हालांकि ऋषभ पंत (पांच मैच में 70 की औसत से रन), शुभमन गिल (10 मैच में 56 की औसत से रन) और यशस्वी जायसवाल (पांच मैच में 115 की औसत से रन) ने स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। जायसवाल और गिल ने हालांकि अधिकांश रन इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में जुटाए जिसके पास अनुभवी स्पिन गेंदबाज नहीं थे। इसके विपरीत बांग्लादेश के पास बाएं हाथ के शाकिब अल हसन और ताइजुल इस्लाम तथा ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज के रूप में कहीं बेहतर स्पिनर मौजूदा हैं जो अपने दिन किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। वर्ष 2022 में भयानक कार दुर्घटना में घायल होने के बाद पंत पहली बार टेस्ट क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे। गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा का एकादश में जगह बनाना लगभग तय है और किसी भी तरह की परिस्थितियों में यह एक मजबूत गेंदबाजी इकाई है।भारत को हालांकि यह फैसला करना होगा कि एमए चिदंबरम स्टेडियम की लाल मिट्टी की पिच पर आकाश दीप या यश दयाल में से किसी एक को तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में खिलाए या फिर घरेलू टेस्ट में तीन स्पिनरों के साथ उतरने की प्रवृत्ति को बरकरार रखते हुए कुलदीप यादव को मौका दे।

## हमारे बल्लेबाज किसी भी तरह के स्पिन आक्रमण का सामना करने में सक्षम: गंभीर



**चेन्नई।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय बल्लेबाजों के अच्छे स्पिन आक्रमण के सामने हाल के संघर्ष को दरकिनार करते हुए मंगलवार को यहां कहा कि उनके बल्लेबाज दुनिया के किसी भी तरह के आक्रमण का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम है।स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सहित भारतीय बल्लेबाजों को हाल में श्रीलंका दौरे में सीमित ओवरों की श्रृंखला के वनडे चरण में स्पिनरों के सामने जूझना पड़ा था। इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला में स्पिन गेंदबाजों के सामने उनके प्रदर्शन को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही है।गंभीर ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमारी बल्लेबाजी इकाई में इतनी गुणवत्ता है कि वह किसी भी तरह के आक्रमण का सामना कर सकती है। टेस्ट और वनडे में काफी अंतर होता है। यह सब मानसिकता तथा अपने रक्षण पर काम करके उसे मजबूती प्रदान करने से जुड़ा है। एक बार जब आप ऐसा कर लेते है तो फिर आसानी से बल्लेबाजी कर सकते है। गंभीर स्वयं स्पिन आक्रमण का डटकर सामना करने वाले सलामी बल्लेबाज थे। उन्होने स्वीकार कि बांग्लादेश के पास अनुभवी और अच्छे स्पिनर है।उन्होने कहा, उनका गेंदबाजी आक्रमण बहुत अच्छा है। उनकी टीम में शाकिब (अल हसन) जैसा अनुभवी खिलाड़ी है। उनकी टीम मे मेहदी हसन भी है। इसलिए हम जानते है कि बांग्लादेश की टीम मे प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। हमें पहले दिन से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा और यह सबसे महत्वपूर्ण है। गंभीर ने इस बात को स्वीकार किया कि पाकिस्तान के खिलाफ उसकी धरती पर जीत दर्ज करने के बाद बांग्लादेश की टीम उत्साह से भरी हुई है। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि भारत मेहमान टीम को हल्के से नही लेगा। भारतीय कोच ने कहा, हम प्रत्एक का सम्मान करते है। हम किसी भी विरोधी टीम को हल्के से नही लेते है। हमें उस तरह की क्रिकेट खेलनी होगी जैसा हम खेलना चाहते है क्योंकि चैंपियन ऐसा करते है। वह विरोधी टीम की परवाह नही करते है। उन्होंने कहा, वे खेल पर नियंत्रण बनाने की कोशिश करेंगे। वे उस तरह की क्रिकेट खेलने की कोशिश करेंगे जैसा कि वह खेलना चाहते हैं।

## हिताशी ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला, बढ़त हासिल की

गुरुग्राम। हिताशी बख्शी ने बुधवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण के पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर एक शॉट की बढ़त बनाई। हिताशी के बाद अमेच्योर लावण्या गुप्ता और विधात्री उर्स मौजूद है। लगातार बारिश से खेलने मे मुश्किल हो रही थी जिससे शीर्ष तीन गोल्फरों ने दिन मे एक एक डबल बोगी की।इस सत्र में दो जीत दर्ज कर चुकी हिताशी हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष्ज्ञ पर चल रही हिताशी इस तरह लावण्या और विधात्री से एक शॉट आगे है। लावण्या और विधात्री ने एक अंडर 71 के कार्ड खेले।

## हॉकी इंडिया जूनियर फाइनल में उप्र की भिड़ंत पंजाब से

जालंधर। उत्तर प्रदेश ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल में कर्नाटक को हराकर हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत पंजाब से होगी। पंजाब ने सेमीफाइनल में हरियाणा को हराया।पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने कर्नाटक को 3-1 से शिकस्त दी।उत्तर प्रदेश की तरफ से राजेश यादव (41वें मिनट), अजीत कुमार (45वें मिनट) और फहद खान (57वें मिनट) ने गोल दागे।कर्नाटक के लिए कप्तान सुनील पीबी ने 53वें मिनट में सांत्वना भरा गोल किया।

## भारत के युवा भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में 11 स्वर्ण पदक जीते

सुवा (फिजी)। भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां 2024 राष्ट्रमंडल युवा, जूनियर और सीनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में अभी तक 11 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीत लिए। बाबुलाल हेम्ब्रोम ने 49 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में क्लीन एवं जर्क वर्ग में 114 किग्रा का वजन उठाकर राष्ट्रमंडल और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। मीना संता ने 55 किग्रा युवा महिला वर्ग में स्नैच में 81 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा के प्रयास से कुल 180 किग्रा का वजन उठाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## एनआरएआई के पूर्व महासचिव बलजीत सेठी का निधन

**नई दिल्ली।** करीब 25 साल तक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के महासचिव रहे बलजीत सिंह सेठी का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, बेटी और बेटा है। एनआरएआई सीनियर उपाध्यक्ष कालिकेश सिंह देव ने कहा , निशानेबाजी परिवार के लिए यह अपूरणीय क्षति है। देश में खेल के विकास और प्रगति में उनका योगदान अतुलनीय है।आखिरी सांस तक वह हम जैसे जूनियर्स को मार्गदर्शन देते रहे कि देश में खेल के संचालन को कैसे बेहतर किया जा सकता है।

## डॉ. तालिमेरेन के नाम से जाना जाएगा जूनियर बालिका राष्ट्रीय चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को भारत के पहले पुरुष ओलंपिक फुटबॉल कप्तान डॉक्टर तालिमेरेन एओ के खेल में योगदान को सम्मान देते हुए जूनियर बालिका राष्ट्रीय चैंपियनशिप का नाम बदलकर उनके नाम पर रख दिया। हली बार डॉक्टर एओ की भूमिका और खेल में उनकी उपलब्धियों को सराहते हुए कहा कि टूर्नामेंट का जूनियर बालिकाओं के लिए 2025-26 सत्र को डॉक्टर तालिमेरेन एए राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप कहा जाएगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, डॉक्टर तालिमेरेन एओ प्रेरणादाई खिलाड़ी रहे।

# तीन साल में रहा है रोहित, विराट और अश्विन का जलवा

- पारंपरिक प्रारूप में दिखाया दम

भाषा। नई दिल्ली







**भारतीय टीम** बांग्लादेश के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के जरिए लंबे टेस्ट सत्र का आगाज करेगी तो एक बार फिर दारोमदार कप्तान रोहित शर्मा, चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली और फिरकी के जादूगर रविचंद्रन अश्विन पर होगा।

रोहित और कोहली ने पिछले तीन साल में पांच दिनी क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं तो अश्विन ने सर्वाधिक विकेट चटकाए हैं। भारत ने जनवरी 2022 से अब तक 21 टेस्ट खेले, 12 जीते और सात गंवाए हैं जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। इस दौरान भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में सबसे ऊपर कप्तान रोहित का नाम है जो 27 पारियों में करीब 42 की औसत से 1090 रन बना चुके हैं। इस सूची में दूसरे स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 29 पारियों में 1083 रन बनाए हैं और इस दौरान उनका औसत 38.67 का रहा। इसके बाद शुभमन गिल का नंबर आता है जिन्होंने 31 पारियों में 37.17 की औसत से 1078 रन बनाए हैं। इस अवधि में रोहित और गिल दोनों के चार शतक और तीन अर्धशतक हैं जबकि विराट के दो शतक एवं तीन अर्धशतक हैं। युवा ब्रिगेड में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 2023 में अपने पदार्पण मैच में ही शतक जड़ते हुए 171 रन बनाए थे। जायसवाल ने इसी वर्ष की शुरुआत में इंग्लैंड के सामने राजकोट टेस्ट में नाबाद 214 रन की धमाकेदार पारी खेली थी और इस में उनका स्ट्राइक रेट 90.67 का रहा। इस खिलाड़ी के अब तक 16 पारियों में 68.53 की औसत से 1028 रन हैं और उसके नाम तीन शतक और चार अर्धशतक भी हैं। गेंदबाजों में अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का नाम शीर्ष पर है जिन्होंने 21 मुकाबलों में 2.81 की इकॉनॉमी रेट से 103 विकेट लिए हैं। उनके बाद रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह का नंबर आता है। हरफनमौला जडेजा के 16 मैच में लगभग 2.62 की इकॉनॉमी से 67 विकेट तो सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खाते में 12 मैच में लगभग तीन की इकॉनामी से 58 विकेट हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इस अवधि में 18 मैच में 44 विकेट लिए हैं। भारत ने लंबे प्रारूप में पिछली श्रृंखला इंग्लैंड के खिलाफ मार्च में खेली थी और उसमें 4-1 से विजई रहा था। भारत को इस सत्र में बांग्लादेश के बाद न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल दस टेस्ट खेलने हैं। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में भारत फिलहाल शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है।

## क्रिकेट और अध्यात्म : गंभीर ने हनुमान चालीसा पढ़ी और कोहली ने ओम नमः शिवाय जपा

**नई दिल्ली।** मैदान पर आक्रामकता के लिए मशहूर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मुख्य कोच गौतम गंभीर दोनों दिल्ली से हैं और इनके बीच कई समानताओं में से एक यह भी है कि ईश्वर पर दोनों की अटूट आस्था है। बीसीसीआई टीवी के लिए एक दूसरे से बातचीत में कोहली और गंभीर ने एक दूसरे से कई समानताओं पर बात की। गंभीर ने बताया कि जब वह पंद्रह साल पहले नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट बचाने की कोशिश में थे तब उन्होंने कैसे हनुमान चालीसा पढी और दो दिन तक चली एक यादगार पारी खेल डाली। इसी तरह 2014 में कोहली ने आस्ट्रेलिया में चार टेस्ट शतक लगाए थे और बल्लेबाजी के दौरान वह ओम नम: शिवाय जाप कर रहे थे।

## पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने पोंटिंग, चार साल का अनुबंध



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिंग को बुधवार को पंजाब किंग्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह इस आईपीएल टीम में अपने हमवतन ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे। पोंटिंग सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहने के बाद पंजाब किंग्स से जुड़े हैं। फ्रेंचाइजी के सीईओ सतीश मेनन ने कहा, हम रिकी को अगले चार सत्र के लिए हमारी टीम का मार्गदर्शन करने और उसे तैयार करने के लिए अपने साथ जोड़कर बहुत खुश हैं। उनका अनुभव एक ऐसी टीम बनाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है जो मैदान पर सफलता हासिल करे। आईपीएल के एक सूत्र कहा कि टीम के बाकी के सहयोगी स्टाफ को लेकर फैसला पोंटिंग करेंगे। पोंटिंग के मार्गदर्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई। टीम इस दौरान 2020 में फाइनल में भी पहुंची। वह इससे पहले मुंबई इंडियन्स के भी कोच रह चुके हैं। पंजाब की टीम भी 2008 में लीग की शुरुआत से आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है और टीम के चार सह मालिकों को उम्मीद होगी कि पोंटिंग इस कमी को पूरा करेंगे। पंजाब की टीम 2014 में फाइनल में पहुंची थी और उसे टीम में लगातार बदलाव करने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ता रहा है।

# मालविका ने पेरिस ओलंपिक पदक विजेता तुनजुंग को हराया

## चीन ओपन बैडमिंटन



**चांग्झू (चीन)।** भारत की मालविका बंसोड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां चीन ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को सीधे गेम में हराया। दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी ने पहले गेम में तीन गेम प्वाइंट बचाए और इंडोनेशिया की दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी तुनजुंग को 46 मिनट में 26-24 21-19 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वह इस टूर्नामेंट में एकमात्र भरतीय बचीं हैं।बाइस साल की मालविका अगले दौर में राष्ट्रमंडल खेलों की दो बार की पदक विजेता क्रिस्टी गिल्मोर से भिड़ेंगी। महिला एकल में हालांकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों आकर्षी कश्यप और सामिया इमाद फारूकी को शिकस्त का सामना करना पड़ा। आकर्षी को चीनी ताइपे की चियू पिन चियान के खिलाफ 15-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि सामिया एकतरफा मुकाबले में क्रिस्टी के खिलाफ 9-21, 7-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को सीह पेई शेन और हुंग एन जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 21-16, 15-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# खदरा इलेवन, केजीएमयू क्लब व बाराबंकी जूनियर ने जीते मुकाबले

**लखनऊ।** वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में खदरा इलेवन, केजीएमयू क्लब व बाराबंकी जूनियर ने बुधवार को अपन-अपने मैचों में जीत से पूरे अंक जुटाए। एलडीए स्टेडियम पर खेले गए मुकाबलों में केजीएमयू क्लब ने बाराबंकी संतोषी माता मंदिर को 20 रन से हराया। केजीएमयू क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट पर 108 रन बनाए। हर्षित ने 37, सतीश ने 27 रन बनाए। बाराबंकी संतोषी माता मंदिर से करन को तीन विकेट की सफ्लता मिली। जवाब में बाराबंकी संतोषी माता मंदिर 9 विकेट पर 88 रन ही बना सका। सुरेंद्र ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। केजीएमयू क्लब से मैन ऑफ द मैच आशीष को 2 विकेट की सफ्लता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार बाराबंकी संतोषी माता मंदिर के कुणाल को मिला। दूसरी ओर बाराबंकी जूनियर ने फ्तेहपुर क्लब को 36 रन से शिकस्त दी। बाराबंकी जूनियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 130 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच आकाश ने 33 गेंदों पर 1 चौके व 7 छक्के से 70 रन की आतिशी अर्धशतकीय पारी खेली। जवाब में फ तेहपुर क्लब निर्धारित ओवर में 94 रन ही बना सका। रवि 20 और आशू 13 रन बनाकर ही कुछ प्रतिरोध कर सके। बाराबंकी जूनियर से हर्ष को पांच विकेट की सफ्लता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार बाराबंकी जूनियर के शिवा को मिला। इस मैच के मैन ऑफ द मैच आकाश को समाज सेवी राकेश वाल्मीकि, वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि व आयोजन समिति के सह संयोजक प्रवीण घावरी ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष वाल्मीकि अंकित घावरी, महामंत्री आशीष घावरी, सचिव शुभम चौधरी सहित कुणाल चौधरी, विशाल चौधरी व कृष्णा नायब भी मौजूद थे। खदरा इलेवन ने फ तेहपुर क्लब को 25 रन से हराया।

## नाइजीरिया में डा.रफत करेंगे प्रतिभाग



**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी डा.सैयद रफ त जुबैर रिजवी को कोरिया एंबेसडर कप ,केएसी-2024 में बतौर इंटरनेशनल ताइक्वांडो इंस्ट्रक्टर आमंत्रित किया गया हैं। नाइजीरिया ताइक्वांडो फेडरेशन द्वारा जारी पत्र के अनुसार आगामी 17 से 20 अक्टूबर 2024 तक अबुजा नाइजीरिया में कोरिया एंबेसडर कप व कुक्कीवान डैन ग्रेडिंग 2024 का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए यह आमंत्रण पाने वाले डा.सैयद रफ्त पहले भारतीय है। डा. रफ्त को इस उपलब्धि पर देश भर के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने बधाई संदेश प्रेषित किया है । वर्तमान में डा.सैयद रफ त जुबैर रिजवी उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष, लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव, किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन व लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव भी है। वो कई अन्य खेल संघों में भी अपना सक्रिय योगदान कर रहे है।

# एशियाई खेलों की पदक विजेता किरण डोप जांच में विफल

भाषा। नई दिल्ली

- पूनिया निलंबित खिलाड़ियों की सूची से गायब

**एशियाई खेलों की** कांस्य पदक विजेता गोला फेंक एथलीट किरण बालियान को प्रतिबंधित पदार्थ की जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया जबकि विभिन्न खेलों के कई खिलाड़ियों के नाम डोपिंग करने वाले एथलीट की ताजा सूची में शामिल हैं। हैरानी की बात है कि ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया का नाम ताजा अपडेट हुई सूची से गायब है जबकि उनका नाम नाडा द्वारा हाल में जारी की गई पिछली सूची में शामिल था। नाडा ने 23 जून को दूसरी दफा निलंबित कर दिया था तीन हफ्ते पहले नाडा के अनुशासन रोधी डोपिंग पैनल (एडीडीपी) ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द कर दिया था कि उन्हें राष्ट्रीय संस्था द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिया गया था। नाडा ने 23 जून को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान को निलंबित कर दिया क्योंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल्स के दौरान अपने मूत्र के नमूने देने से इनकार कर दिया था। खेल की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड कुश्ती विश्व (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था। बजरंग ने इस अस्थाई निलंबन के खिलाफ अपील की थी और एडीडीपी ने 31 मई को इसे रद्द कर दिया था जब तक कि नाडा आरोप का नोटिस जारी नहीं करता। पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं की गोला फेंक में पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय बनी किरण मेटांडाईनोन की पॉजिटिव आई हैं। अगर वह दोषी साबित होती है तो उन पर अधिकतम चार साल का प्रतिबंध लग सकता है। 2014 इंचियोन एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली तार गोला फेंक एथलीट मंजू बाला का नाम भी इस सूची में है। उन्हें स्टेराइड डाईहाइड्रोक्लोरोमिथाइल टेस्टोस्टेरोन और लिगांड्रोल (एसएआरएमएस एलजीडी-4033) का पॉजिटिव पाया गया। इस साल फेडरेशन कप में रजत पदक जीतने वाली शालिनी चौधरी को भी मेटांडाईनोन का पॉजिटिव पाया गया। लंबी दूरी की एथलीट छवि यादव को भी एक एनाबोलिक एंड्रोजेनिक स्टेराइड ड्रोस्टानोलोन का पॉजिटिव पाया गया।

## क्विक न्यूज

### पंत 632 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार

**चेन्नई।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो साल में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार है और बुधवार को नेट अभ्यास के दौरान उन्होंने अपने पुराने खेल की झलक पेश की। भयावह कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद क्रिकेट के मैदान पर शीर्ष स्तर पर वापसी करना साधारण बात नही है। इस बात पर विश्वास करना मुश्किल है कि पंत को पिछला टेस्ट मैच खेले हुए 632 दिन बीत चुके है। संयोग ने उन्होंने अपना पिछला टेस्ट भी बांग्लादेश के खिलाफ ही 2022 में खेला था। पंत अब इसी टीम के खिलाफ बृहस्पतिवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में वापसी करने को तैयार है। इस बीच टीम के क्रिकेट परिदृश्य में तो अधिक बदलाव नही आय लेकिन टीम में जगह बनाने के कुछ मजबूत दावेदार सामने आए। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में ध्रुव जुरेल ने अपनी विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी से प्रभावित किया।अगर टीम प्रबंधन इस मैच के लिए जुरेल को ही खिलाने का फैसला करता तो कोई भी टीम को दोष नही दे सकता था लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पंत की अहमियत के बारे में बताया। गंभीर ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हम सभी जानते है कि वह (बल्लेबाज के तौर पर) कितना विध्वंसक हो सकता है और टेस्ट क्रिकेट में वह क्या कर सकता है। उसने दुनिया भर में हर जगह रन बनाए है। उन्होंने कहा, हमेशा अच्छा होता है कि उसके जैसा कोई ऐसा खिलाड़ी हो जो हमारे लिए मैच में जीत की राह तैयार कर सके और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह बहुत प्रभाव भी डाल सके। पंत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी सफेद गेंद के प्रारूप के साथ की और वह टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे लेकिन लंबे प्रारूप में कौशल और एकाग्रता को लेकर अलग तरह की चुनौती होती है। पंत ने हाल ही में बेंगलुरू में दलीप ट्रॉफी मैच में भारत बी के लिए खेलते हुए लाल गेंद के क्रिकेट के लिए तैयार होने की झलक पेश की।

### परिणाम के बारे में नहीं सोच रहा हूं, केवल प्रक्रिया का अनुसरण करना चाहता हूं: शंटो

**चेन्नई।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो नही चाहते है कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में जीत के खुमार में डूबी रहे। वह चाहते है कि इसके बजाय टीम गुरुवार से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत की मजबूत टीम का सामना करने पर ध्यान दे।बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ उसकी धरती पर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से जीत दर्ज करके यहां पहुंची है।शंटो ने बुधवार को यहां मैच की पूर्व संध्या पर पर पत्रकारों से कहा, मेरा मानना है कि हमने पाकिस्तान में बहुत अच्छी क्रिकेट खेली जिससे हमारा काफी मनोबल बढ़ा है लेकिन अब वह अतीत की बात है। उन्होंने कहा, हम यहां नई श्रृंखला खेलने के लिए आए है और हमारे खिलाड़ियों को विश्वास है कि हम अच्छी क्रिकेट खेल सकते है। हम परिणाम के बारे में नही सोच रहे है और केवल प्रक्रिया का अनुसरण करने की कोशिश कर रहे है। पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बावजूद बांग्लादेश के लिए भारत में खेलना आसान नही होगा लेकिन शंटो का मानना है की परिस्थितियों से खास अंतर पैदा नही होगा। उन्होने कहा, भारत की टीम बहुत मजबूत है। हम जानते है कि वह तीनो विभाग बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में मजबूत है लेकिन हम परिस्थितियो के बारे मे नही सोच रहे है। हम केवल अपनी टीम के बारे मे सोच रहे है। बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा पर सभी की निगाहे टिकी रहेगी जिन्होंने पाकिस्तान में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन शंटो ने कहा कि उनका ध्यान केवल एक खिलाड़ी के प्रदर्शन पर नही लगा है। उसका प्रदर्शन उत्साह जनक है तथा पाकिस्तान के खिलाफ उसने जिस तरह से गेंदबाजी की वह वास्तव में प्रभावशाली थी लेकिन मै अपना पूरा ध्यान एक खिलाड़ी पर नही लगाऊंगा।

### भारतीय टीम की एकजुटता से चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद मिली: हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के बीच आपसी एकजुटता और एक दूसरे का साथ देने की अदम्य इच्छा से भारत को रिकॉर्ड पांचवी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद मिली।भारत ने मंगलवार को हुलुनबिर में फाइनल में जुगराज सिंह के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से चीन को 1-0 से हराया। पाकिस्तान ने दक्षिण कोरिया पर 5-2 से जीत के साथ कांस्य पदक जीता। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा, फाइनल वास्तव में तनावपूर्ण था। चीन की टीम ने पूरे मैच के दौरान हमारे सामने कड़ी चुनौती पेश की जिससे गोल करने के लिए मौका बनाना आसान नही था। उन्होंने कहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षो मे खिलाड़ियो का एक दूसरे पर भरोसा काफी बढ़ा है। हम एक दूसरे के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार रहते है। इस तरह की एकजुटता से हमे मैच जीतने में मदद मिलती है। पिछले साल चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक, हांगझोउ एशियाई खेलो में स्वर्ण पदक और पेरिस ओलंपिक मे कांस्य पदक जीतने से टीम के अंदर गहरा सौहार्द पैदा हुआ है। हरमनप्रीत ने इन प्रतियोगिताओ में आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उन्होंने पेरिस ओलंपिक मे 10 गोल किए। भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 26 गोल किए जिनमे सात गोल हरमनप्रीत ने दागे। उन्होने अपने सभी गोल पेनल्टी कार्नर पर किए।हरमनप्रीत ने कहा कि आगे भी इस सफलता को बरकरार रखना महत्वपूर्ण होगा। हमें गर्व है कि हम अपना खिताब बचाने में सफल रहे लेकिन काम यही पर समाप्त नही हुआ है। अभी कुछ ऐसे क्षेत्र है जिनमे सुधार की जरूरत है। हमें एक टीम के रूप मे मजबूत बनना होगा। उप कप्तान विवेक सागर ने कहा कि ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद प्रत्एक टीम का लक्ष्य भारत को हराना था।उन्होंने कहा, ग्रुप चरण में किसी भी टीम के खिलाफ खेलना आसान नही था। ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद प्रत्एक टीम ने भारत को हराना अपना लक्ष्य बनाया था। लेकिन हमारे प्रत्एक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### भारतीय हॉकी टीम ने दिखाया, गोल करने का एकमात्र तरीका पेनल्टी कॉर्नर को भुनाना नही

नई दिल्ली। ओलंपिक खेलो मे भारतीय टीम के दूसरे कांस्य पदक जीतने के बाद कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों ने कहा था कि अगर देश को अंतरराष्ट्रीय हॉकी में लगातार जीत हासिल करनी है तो खिलाड़ियों को मैदानी गोल की संख्या मे इजाफा करना होगा। भारतीय टीम ने चीन के हुलुनबुइर मे एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रिकॉर्ड पांचवी बार खिताब जीतकर जवाब दिया कि अब ऐसा नही है क्योंकि टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच नही गंवाया। हरमनप्रीत सिंह और उनके साथी खिलाड़ियो ने इस शानदार अभियान के दौरान टूर्नामेट मे कुल 26 मे से 18 मैदानी गोल दागे। इस मामले मे यह पेरिस ओलंपिक अभियान से काफी सुधरा प्रदर्शन था क्योंकि उसमे भारत ने कुल 15 गोल दागे थे जबकि सिर्फ तीन मैदानी गोल हुए थे। पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले करिश्माई गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने ज्यादा मैदानी गोल की जरूरत पर जोर दिया था। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपेक्षाकृत युवा टीम उतारी थी जबकि मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय जैसे अनुभवी फॉरवर्ड को आराम दिया। पेरिस ओलंपिक टीम मे शामिल केवल दो स्ट्राइकर अभिषेक और सुखजीत सिंह को ही टीम मे बरकरार रख गया था। फुल्टन ने पूर्व जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह, अराईजीत सिंह हुंडाल और गुरजोत सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम मे शामिल किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा (उ.प्र.)-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।